

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस





शुक्रवार 27 मार्च, 2026 | पेज : 12 | मूल्य : ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष : 17, अंक : 163 | www.janexpresslive.com/epaper

बांग्लादेश में बस नदी में गिरी, 26 की मौत, 6 लोगों... 12

## नवरात्रि का नौवां दिन



### मां सिद्धिदात्री पूजा

नवरात्रि में नवमी तिथि यानी अंतिम दिन मां दुर्गा के नौवें स्वरुप मां सिद्धिदात्री का पूजन किया जाता है। इस दिन हवन के बाद कन्या पूजन किया जाता है।

## यूपी में एक कंपनी ने पेट्रोल के दाम 5.30 बढ़ाए, डीजल 3 रुपए महंगा, पंपों पर भीड़

# यूपी में तेल का 'हाहाकार'

- कहीं पंप वीरान तो कहीं उमड़ी भारी भीड़, भगौनों और डब्बों में तेल भरने की मची होड़
- अफवाहों का असर : यूपी के कई जिलों में पेट्रोल-डीजल के लिए लंबी कतारें, योगी ने की शांति की अपील

**पंप मालिकों की बढ़ी टेंशन : अचानक 4 गुना बढ़ी मांग, तेल कंपनियों ने कहा, घबराएं नहीं, स्टॉक पर्याप्त है**

जन एक्सप्रेस। लखनऊ/गोरखपुर/गोंडा/देवरिया/प्रयागराज।

यूपी के कई जिलों में पेट्रोल-डीजल के लिए पंपों पर लाइनें लगी हैं। कुछ जिलों के कई पंपों पर पेट्रोल-डीजल खत्म हो गया है। लखनऊ के भी 4 पेट्रोल पंप वीरान पड़े हैं। पेट्रोल नहीं होने की वजह से लोगों को लौटना पड़ रहा है। देवरिया, सुल्तानपुर और गोंडा समेत कई जिलों के पेट्रोल पंपों पर गुरुवार को भी भीड़ उमड़ी है। लोग बड़े-बड़े डिब्बे लेकर पेट्रोल-डीजल भरवाने पहुंच गए। कई जगह लंबी लाइनें लग गईं। लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा। गोरखपुर में दोपहर 12 बजे एक युवक बाइक पर एक और टंकी लादकर तेल लेने पहुंचा। कहा- दोनों टंकियां फुल कर दीजिए। श्रावस्ती में डिब्बों में पेट्रोल-डीजल भरने पर रोक लगा दी गई। इससे भड़के किसानों ने दोपहर 2 बजे नेशनल हाईवे जाम कर दिया। पुलिस ने किसी तरह उन्हें समझाया। देवरिया में सुबह एक युवक ट्रॉली में 7 भगोने लादकर पेट्रोल पंप पर पहुंचा और तेल भरवाकर ले गया। इधर, नायरा पेट्रोलियम ने प्रदेश में पेट्रोल 5.30 और डीजल 3 रुपए प्रति लीटर महंगा कर दिया। इसके बाद लखनऊ में नायरा के पंपों पर पेट्रोल 100.15 और डीजल 91.05 प्रति लीटर मिल रहा। पहले पेट्रोल 94.84 और डीजल 88.05 प्रति लीटर मिलता था।



### नायरा ने पेट्रोल 5 और डीजल 3 महंगा किया

ईरान जंग के बीच नायरा एनर्जी का पेट्रोल 5 प्रति लीटर और डीजल में 3 महंगा हो गया है। अब भोपाल में पेट्रोल की कीमत 111.72 रुपए और डीजल 94.88 रुपए पर पहुंच गया है। नायरा एनर्जी की ओर से की गई यह बढ़ोतरी अलग-अलग राज्यों में वहां के लोकल टैक्स और वैट के हिसाब से अलग-अलग हो सकती है। कुछ राज्यों में पेट्रोल की कीमतों में 5.30 प्रति लीटर तक का इजाफा देखा गया है। नायरा के देशभर में करीब 7 हजार पेट्रोल पंप है। हालांकि, सरकारी तेल कंपनियां जैसे आईओसीएल, एचपी और बीपी ने दाम नहीं बढ़ाए हैं। केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि हमारे पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। देश में किसी भी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं है। इसलिए कीमतों में बढ़ोतरी नहीं होगी।

### गाजियाबाद में तेल की कमी नहीं

गाजियाबाद पेट्रोल पंप एसोसिशन के अध्यक्ष विपिन शर्मा का कहना है कि यहां कुल 105 पेट्रोल पंप हैं। किसी भी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल या डीजल संबंधी कोई समस्या नहीं है। न ही अभी तक तेल की कोई कमी है। अगर कोई पेट्रोल पंप कहीं बंद है, तो वह अपने निजी कारणों के चलते हो सकता है। यूपी में तेल कंपनियों के कॉर्डिनेटर संजय भंडारी ने बताया कि हमारे पास 22 दिन का स्टॉक है। इसलिए अफवाहों पर ध्यान न दें। घबराकर ज्यादा तेल खरीदने या जमा करने की जरूरत नहीं है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार पर तंज कसा। कहा कि नया महीना आ रहा है। भाजपा शासन में लोगों को लाइन के अलावा क्या मिला? वहीं, गोरखपुर में सीएम योगी ने लोगों से अपील की- पंप पर लाइन न लगाएं। जब जरूरत हो, तभी डीजल और पेट्रोल लेने जाएं। अगर लाइन लगाएंगे तो हमारी राष्ट्रभक्ति पर लोग संदेह करेंगे। प्रदेश में करीब 13,168 पेट्रोल पंप चल रहे हैं।

### सरकार बोली, पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं

केंद्र सरकार ने गुरुवार को साफ तौर पर कहा कि देश में पेट्रोलियम और एलपीजी (एलपीजी) की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे 'भ्रामक और दुष्प्रचार' पर ध्यान न दें, जिसका उद्देश्य बेवजह घबराहट पैदा करना है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, भारत के पास कुल मिलाकर 74 दिनों की भंडारण क्षमता है, जिसमें से वर्तमान में लगभग 60 दिनों का स्टॉक उपलब्ध है। इसमें कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और भूमिगत रणनीतिक भंडारण (कवर्न) शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि मध्य पूर्व संकट के 27वें दिन भी देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। सरकार ने कहा, हर भारतीय के लिए लगभग दो महीने की निरंतर आपूर्ति उपलब्ध है, चाहे वैश्विक परिस्थितियां कैसी भी हों। साथ ही अगले दो महीनों के लिए कच्चे तेल की खरीद भी पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कुछ देशों में जहां ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि, राशनिंग, ऑड-ईवन नियम और पेट्रोल पंप बंद होने जैसी स्थिति है, वहीं भारत में ऐसी किसी भी आपातकालीन उपाय की जरूरत नहीं है। ▸ संबंधित खबर पेज 12 पर

### ललितपुर में मंत्री ने ली बैठक, बोले, सरकार नजर रखे है

ललितपुर में पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर अधिकारियों और पेट्रोल पंप संचालकों की विशेष बैठक हुई। इसमें राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ भी पहुंचे। समस्या के समाधान को लेकर अफसरों से बात की। मंत्री मनोहर लाल पंथ ने कहा कि सरकार स्थिति पर पूरी तरह नजर रखे है। जल्द ही दिक्कतों को कम करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को आपूर्ति सुचारू बनाए रखने और जनता को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए।

### लखीमपुर में 30 फीसदी पंपों पर पेट्रोल नहीं

लखीमपुर में गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की किल्लत सामने आई। कई पेट्रोल पंपों पर डीजल के टैंक खाली हो गए, जबकि कुछ पर पेट्रोल खत्म हो चुका है। करीब एक चौथाई पंपों पर पेट्रोल-डीजल नहीं है। खीरी पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अभिषेक दीक्षित ने बताया कि जिले के कुल 274 पेट्रोल पंपों में से 25 से 30 प्रतिशत पंपों पर ईंधन खत्म हो गया है। कई पंपों के टैंक पूरी तरह खाली हैं। जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार ने बताया कि जिले में डीजल-पेट्रोल की किल्लत नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि आवश्यकता से अधिक ईंधन का स्टॉक करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### 'मेरठ-आगरा में पेट्रोल की कमी नहीं'

मेरठ में कुल 220 पेट्रोल पंप हैं। डीएसओ विनय कुमार सिंह के अनुसार, सभी पेट्रोल पंप में पेट्रोल आपूर्ति सुचारू रूप से हो रही है। कुछ पेट्रोल पंप संचालकों के अनुसार स्टॉक खत्म होते ही पंप पर गाड़ी भरी जा रही है। वहीं, आगरा में 374 पेट्रोल पंप हैं। यहां पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल और डीजल उपलब्ध है। डीएसओ आनंद कुमार ने कहा कि लोग परेशान न हों। खुले में पेट्रोल-डीजल देने वालों के खिलाफ एफआई दर्ज कराई जाएगी।

### 'प्रयागराज में कोई कमी नहीं'

इलाहाबाद कौशांबी डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजन सिंह का कहना है कि जिलें में पेट्रोल-डीजल की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में है। मंगलवार से अफवाह की वजह से कुछ पैनिक हुआ। इसी वजह से कुछ पंप ड्राई हो गए हैं। तेल पर्याप्त मात्रा में है। प्रशासन भी मदद कर रहा है। लखनऊ में किशोर फिलिंग स्टेशन के मालिक किशोर ने बताया कि उनके यहां पेट्रोल-डीजल की किसी भी तरह की कोई कमी नहीं है। लोग सिर्फ घबराहट में फुल टैंक भरवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जितनी जरूरत हो, उतना ही पेट्रोल-डीजल लें।

### देवरिया में 400 लीटर डीजल पकड़ा गया

देवरिया-बलिया मार्ग स्थित 'मा ऑटो फ्यूल, अहिलवार बुजुर्ग' पेट्रोल पंप पर औचक निरीक्षण के दौरान 400 लीटर डीजल की अवैध आपूर्ति पकड़ी गई। इसे जब्त कर लिया गया है। जिला प्रशासन ने मामले में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। डीएम दिव्या मित्तल ने अपने ट्विटर अकाउंट पर जानकारी देते हुए सभी पंप संचालकों को नियमों का सख्ती से पालन करने को कहा है। साथ ही चेतावनी दी कि कालाबाजारी या किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रयागराज में पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़

प्रयागराज में पेट्रोल पंपों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। अफवाहों पर लगाम लगाने के लिए डीएम मनीष कुमार वर्मा ने तेल कंपनियों के अधिकारियों और डीलर्स के साथ कलेक्ट्रेट में इमरजेंसी बैठक की। डीएम ने कहा है कि पेट्रोल-डीजल की जिले में कोई कमी नहीं है। लोग पैनिक न हों और अफवाहों से बचें। हालांकि, प्रयागराज 312 में पेट्रोल पंप हैं, जिनमें से 13 बंद हैं।

### लखनऊ में 4 पंपों पर पेट्रोल नहीं

राजधानी लखनऊ में भी 3 पेट्रोल पंपों के बंद होने की बात सामने आ रही है। इनमें हैनिमैन फ्लाईओवर के बगल का पेट्रोल पंप, कठौता का और छोटा भरवारा क्रॉसिंग के पास इंडियन आयल पेट्रोल पंप बंद हैं। इनकी मशीनों पर लिखा है- पेट्रोल नो स्टॉक। पंप के बाहर रस्सी लगाकर लोगों का प्रवेश रोक दिया गया है। इस वजह से वहां तेज भरवाने आए लोगों को लौटना पड़ रहा है। वहीं, पॉलिटेक्निक चौराहे पर पेट्रोल खत्म होने के बाद लोगों ने कर्मचारियों से नोकझोंक की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को हटाया।

### घरों में पेट्रोल-डीजल स्टोर किया तो कार्रवाई होगी

गोरखपुर के बांसगांव में गर्मी और तेज हवाओं को देखते हुए प्रशासन ने पेट्रोल-डीजल के भंडारण पर सख्त चेतावनी जारी की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में ईंधन की कोई कमी नहीं है। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने लोगों से अपील की है कि पेट्रोल-डीजल का भंडारण न करें और सुरक्षा नियमों का पालन करें। वरना कार्रवाई की जाएगी। देवरिया जिले के एक पेट्रोल पंप पर लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में हंडा और बड़े भगोने लेकर पेट्रोल-डीजल भरवाने पहुंच गए।

## पश्चिम एशिया संकट : पीएम मोदी आज करेंगे मुख्यमंत्रियों के साथ ऑनलाइन बैठक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार की शाम राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बातचीत करेंगे। इस बैठक में पश्चिम एशिया में बदलते हालात की समीक्षा की जाएगी और इसके भारत पर पड़ने वाले असर का आकलन किया जाएगा, खासकर तरल प्राकृतिक गैस (एलपीजी) और तेल आपूर्ति से मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में तैयारियों पर फोकस किया जाएगा, जिसमें आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा सुरक्षा और विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा जैसे मुद्दे शामिल हैं। प्रधानमंत्री बैठक में 'टीम इंडिया' की भावना के तहत सामूहिक प्रतिक्रिया के महत्व पर प्रकाश डाल सकते हैं, ताकि केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बना रहे। बैठक में वैश्विक अनिश्चितता के बीच देश में स्थिरता बनाए रखने के उपायों पर भी चर्चा हो सकती है। जिन राज्यों में फिलहाल चुनाव चल रहे हैं, वे आचार संहिता के कारण इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। उनकी जगह कैबिनेट सचिवालय के जरिये उनके मुख्य सचिवों के साथ अलग से बैठक की जाएगी।

## दिल्ली मेट्रो में धमाके जैसी आवाज : जाफराबाद स्टेशन पर मची अफरा-तफरी, लोगों को सुरक्षित निकाला गया बाहर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली में गुरुवार शाम करीब 6:05 बजे जाफराबाद मेट्रो स्टेशन पर धमाके जैसी आवाजें सुनाई दीं। यह घटना बुराड़ी की ओर जाने वाली मेट्रो लाइन पर हुई। सूचना मिलते ही सीआईएसएफ और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई।

### यात्रियों को निकाला गया बाहर

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि कुछ बच्चे पतंग उड़ा रहे थे। एक पतंग का मांझा मेट्रो के दो बिजली के तारों के बीच फंस गया। इसी कारण एक मामूली धमाका हुआ और आग लग गई। घटना के तुरंत बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई और न ही कोई हताहत हुआ। पुलिस और सीआईएसएफ की टीमें अभी भी मौके पर मौजूद हैं। आगे की जांच जारी है।



### घटना का कारण और सुरक्षा

जांच से पता चला है कि पतंग का मांझा बिजली के तारों में फंसने से शॉर्ट सर्किट हुआ। इससे धमाका हुआ और हल्की आग लगी। मेट्रो अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की। इस प्रकार की घटनाओं से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा सकते हैं। बिजली के तारों के पास पतंग न उड़ाने की अपील की गई है।

## ओलंपिक से पहले आईओसी का बड़ा फैसला, महिलाओं के खेल में हिस्सा नहीं ले सकेंगे ट्रांसजेंडर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 2028 में होने वाले लॉस एंजिलिस ओलंपिक से पहले बड़ा फैसला लिया है। आईओसी ने गुरुवार को नई योग्यता नीति पर सहमति जताई है जिसके अनुसार अब महिलाओं के खेल में ट्रांसजेंडर हिस्सा नहीं ले सकेंगे। आईओसी ने कहा, 'ओलंपिक खेलों या किसी अन्य आईओसी प्रतियोगिता में व्यक्तिगत और टीम खेलों सहित किसी भी महिला वर्ग की स्पर्धा में भाग लेने की पात्रता अब केवल बायोलोजिकल महिलाओं तक ही सीमित है।' यह स्पष्ट नहीं है कि ओलंपिक स्तर पर कितनी ट्रांसजेंडर महिलाएं प्रतिस्पर्धा कर रही हैं या कोई कर भी रही हैं या नहीं।

## रामपुर : जेल में आजम खां के साथ हो रहा जुल्म, सरकार तानाशाही पर उतरी, अजय राय ने परिजनों से की मुलाकात

- अजय राय आजम खां के आवास पहुंचे और करीब 45 मिनट तक उनकी पत्नी तजीन फात्मा व बड़े बेटे अदीब आजम से बंद कमरे में मिले

जन एक्सप्रेस। रामपुर

रामपुर में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने जेल में बंद सपा नेता आजम खां के परिवार से मुलाकात के बाद सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि बीमार होने के बावजूद उन्हें जमीन पर सुलाया जा रहा है। उन्होंने इसे राजनीतिक प्रताड़ना करार दिया और जल्द ही जेल में मुलाकात करने की बात कही। बृहस्पतिवार दोपहर अजय राय आजम खां के आवास पहुंचे और करीब 45 मिनट तक उनकी पत्नी तजीन फात्मा व बड़े बेटे अदीब आजम से बंद कमरे में मिले। बाद में उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार ने बताया कि कोर्ट के आदेशों के बावजूद आजम खां को जेल में जमीन पर सुलाया जा रहा है, जबकि उनकी तबीयत लगातार खराब है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बीमार नेता को इलाज और सम्मानजनक सुविधाएं न देना मानवाधिकारों का उल्लंघन है। सरकार विपक्षी नेताओं को खत्म करने की राजनीति कर रही है। उन्होंने दावा किया कि जेल में आजम खां से मिलने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाती है और मुलाकात के दौरान एलआईयू कर्मी मौजूद रहते हैं। राय ने सरकार पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा में अपराधी लोग सत्ता के शीर्ष पदों पर बैठे हैं, जबकि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए जेलों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताया और कहा कि कांग्रेस आजम खां व उनके परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। मामले को प्रदेश से राष्ट्रीय स्तर तक उठाया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि वह जल्द ही जेल जाकर आजम खां से मुलाकात करेंगे और उनके स्वास्थ्य व अधिकारों को लेकर कानूनी व राजनीतिक लड़ाई लड़ी जाएगी। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर, पूर्व विधायक संजय कपूर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित, आसिम राजा सहित कई नेता मौजूद रहे।



## जंग न होती तो रवि किशन दुबई में होते : योगी बोले, अफवाहों से सतर्क रहिए, जरूरत हो तभी पेट्रोल-डीजल लेने जाएं

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ईरान-इजराइल युद्ध लंबा खिंचा तो हर व्यक्ति प्रभावित होगा। हमें मानसिक रूप से तैयार रहना होगा। अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है। कुछ लोग अफवाह फैलाकर माहौल खराब कर रहे हैं। जरूरत हो तभी पेट्रोल डीजल लेने जाएं। अफवाह के चक्कर में जब पड़ते हैं तब लोग हमारी राष्ट्रभक्ति पर संदेह करते हैं। सरकार के साथ किसी भी नेशनल इश्यू में काम करते हैं तो यही राष्ट्रभक्ति है। कोई भी रसोई गैस का सिलिंडर एक महीने चल जाता था। आज लोग पांचवे छठवें दिन ही सिलिंडर लेने चले जा रहे हैं। इसकी क्या जरूरत है। सिलिंडर होम डिलीवरी कराए। लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं है। भारत में सब अच्छा है। उत्साहपूर्ण तरीके से सभी कार्यक्रम हो रहे है। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को गीडा में 20 करोड़ रुपये की लागत से बने आईटी पार्क के लोकार्पण के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप चलाने वाला व्यक्ति अपना कंप्यूटर लेकर आईटी पार्क में जाएगा उसको जगह, बिजली कनेक्शन और अन्य जन सुविधाओं की टेंशन लेने की जरूरत नहीं है। जहां भी सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी अपना धमक दिखा रही है उसका सबसे सफल मॉडल यही है। हमारे युवा में टैलेंट है। इस टैलेंट को जब टेक्नोलॉजी से जोड़ते हैं तो वह अपने आप में अपनी प्रतिभा को कई गुणा तेजी के साथ आगे बढ़ाने में सफल रहता है। दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी भारत में है। 2014 के पहले की सरकारों के युवाओं के स्केल को स्किल में बदलने का प्रयास नहीं किया। इसके परिणाम से युवा निराश होते थे और पलायन करते थे। 2014 के बाद एक एक क्षेत्र में परिवर्तन देखने को मिला। सॉफ्टवेयर की फील्ड में जो भी युवा अपने स्टार्टअप के लिए प्लेटफॉर्म चाहता है उसे यहां मिलेगा। 15 अप्रैल को पूर्वी यूपी के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ होने जा रहा है। अब हम केवल हार्डवेयर में ही नहीं सॉफ्टवेयर में भी अपनी क्षमता दिखाएंगे। इस बार के बजट में टेक्नोलॉजी पर विशेष फोकस किया गया है। जब हम तकनीक से परहेज करते हैं तो प्रतिस्पर्धा में नहीं रहते।





### किसी की जमीन दबंग कब्जा कर रहे, तो करें सख्त कार्रवाई, उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की हर समस्या का त्वरित समाधान कराएं। समस्या से जुड़ी शिकायत को संवेदनशीलता से लेकर संतुष्टिप्रद निस्तारण सुनिश्चित कराने में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। जनता दर्शन में पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा, चिंता मत करिए। सरकार आपकी हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 200 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। इत्मीनान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। गरीबों को उजाड़ने वाले कतई न बख्शे जाएं। गरीबों की संपत्ति पर गरीबों का ही कब्जा सुनिश्चित होना चाहिए। जनता दर्शन में कई पारिवारिक विवाद के मामले भी आए थे।

### सांसद की की चुटकी

सीएम ने कहा कि इस समय युद्ध से पूरी दुनिया प्रभावित है। उन्होंने सांसद रविकिशन की चुटकी लेते हुए कहा कि अगर वहां युद्ध नहीं हो रहा होता तो रविकिशन इस समय दुबई में होते। आज समय है तो बोले सहजनवा चल लेते हैं। रविकिशन को विश्वास नहीं हो रहा था। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में पांच हजार करोड़ रुपये लग गए होंगे। मैने कहा गोरखपुर में पिछले पांच वर्ष में एक लाख करोड़ रुपये लग चुके हैं। गोरखपुर से हाइवे कनेक्टिविटी अच्छी हो गई है।

### काम सीख के विदेश न भाग जाना : रविकिशन

सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि इस पार्क से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। यह ऐतिहासिक कार्य है। राजेश त्रिपाठी बड़ा चर्चा में हैं। विधायक के रूप में आपको देखना चाहिए संसद भी है। उसे भी कुछ बोलना होता है। यहां बच्चे टेक्नोलॉजी में आगे आएंगे। यूरोप में जो कंपनी हैं वहां भारतीय युवा काम कर रहे। भारतीय युवाओं के दिमाग को खरीदा जाता है। सीख के देश के बाहर मत चले जाना। जहां कभी कब्रिस्तान बनना था वहां आज उद्योग लग रहे हैं। चुनाव कपार पर बा। विपक्ष सरकार को बदनाम कर रहा। ओछी राजनीति शुरू हो गई है। आपलोग बहुत दुर्गति में रहे हो। अब अच्छे दिन आए है।

# ईंधन एवं एलपीजी की आपूर्ति पर्याप्त,अफवाहों पर ध्यान न दें: आयुक्त

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल अजीत कुमार ने जनसामान्य को आश्वस्त किया है कि मंडल के समस्त जनपदों में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता पर्याप्त है तथा आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारु रूप से संचालित है। किसी प्रकार की कमी अथवा बाधा नहीं है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से ईंधन या गैस का भंडारण न करें।आयुक्त ने बताया कि भारत सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर एलपीजी गैस उपलब्ध कराई जा रही है तथा आवश्यकता के अनुसार होम डिलीवरी की व्यवस्था भी संचालित है।इस संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं,जिससे आमजन को सही जानकारी प्राप्त हो सके।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रिंट,इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रसारित होने वाली सूचनाओं पर सतत निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक अथवा असत्य सूचना के प्रसार को तत्काल रोका जाए।गैस सिलेण्डर वितरण के दौरान अव्यवस्था अथवा कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए आवश्यक प्रशासनिक एवं पुलिस प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही गैस सिलेण्डर के परिवहन एवं वितरण से जुड़े वाहनों को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने को कहा गया है। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कालाबाजारी,अवैध बिक्री अथवा अनियमित वितरण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु नियमित निरीक्षण कराया जाए तथा दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। घरेलू गैस सिलेण्डरों का वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में उपयोग किसी भी स्थिति में न होने पाए। ऐसे प्रकरण पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उपभोक्ताओं को नियमानुसार गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराने की व्यवस्था बनाए रखने पर बल दिया गया है। उन्होंने राजस्व, खाद्य एवं रसद विभाग तथा तेल कंपनियों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस द्वारा संयुक्त क्षेत्र भ्रमण करने के निर्देश दिए हैं। जनपद स्तर पर गैस वितरण से संबंधित सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान एवं समन्वय हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित करने तथा किसी भी आपूर्ति बाधा या कानून-व्यवस्था संबंधी स्थिति की सूचना तत्काल उपलब्ध कराकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि गैस सिलेण्डर बुकिंग प्रणाली को पारदर्शी एवं सुगम बनाया जाए,ताकि किसी भी उपभोक्ता को बुकिंग में कठिनाई न हो। सभी गैस एजेंसियों को अपने हेल्पलाइन एवं टोल-फ्री नंबर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने तथा उनका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा गया है, जिससे उपभोक्ता आसानी से संपर्क कर सकें। तेल एवं गैस कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा जिन एजेंसियों या पेट्रोल पंपों पर कमी है वहाँ प्राथमिकता के आधार पर आपूर्ति कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। अस्पताल,एम्बुलेंस,अग्निशमन सेवाओं,सार्वजनिक परिवहन तथा अन्य आपात सेवाओं के लिए ईंधन की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है। संवेदनशील स्थलों पर भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती एवं बैरिकेडिंग की व्यवस्था करने के निर्देश देते हुए आयुक्त ने कहा कि प्रशासन नागरिकों को निर्बाध एवं सुरक्षित आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि शांति एवं संयम बनाए रखें तथा किसी भी समस्या की सूचना प्रशासन को तत्काल दें।

# आराधना गैस एजेंसी के कर्मचारियों के ऊपर लगे अवैध वसूली के आरोप

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जनपद के मंडल मुख्यालय सिविल लाइन स्थित आराधना गैस एजेंसी के संचालक एवं उनके कर्मचारियों पर गैस वितरण के समय उपभोक्ताओं से बदतमीजी और मारपीट के लगाए गए आरोप।वर्तमान परिस्थितियों में गैस की किल्लत से पीड़ित उपभोक्ता पूरे महीने से संघर्ष झेलता चला आ रहा है,आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत जिला अधिकारी के निर्देशानुसार जिला पूर्ति अधिकारी के द्वारा कुछ नवीन मापदंडों के अनुपालन सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए गए थे।उपभोक्ताओं को असुविधाना हो समय-समय पर सभी को गैस आपूर्ति के सिलेंडर सुविधा पूर्वक उपलब्ध हो इसके लिए जिला प्रशासन ने जांच के लिए टीम में गठित की थी।एलपीजी गैस सिलेंडर की बढ़ती हुई किल्लत को लेकर उपभोक्ताओं की लाइनों का नजारा आवंटन स्थल पर देखा जा रहा है। शासन की सख्त निर्देशों के अनुपालन के स्थान पर आवंटन स्थल पर ही कालाबाजारी का आरोप उपस्थित उपभोक्ताओं ने लगाया है।उपभोक्ताओं के द्वारा सिलेंडर आवंटन में हो रही अनियमितताओं का विरोध करने पर उपभोक्ताओं के साथ बदतमीजी एवं मारपीट करने के भी आरोप उपभोक्ताओं ने लगाए हैं।इंडेन एजेंसी के द्वारा गृहस्ती गैस सिलेंडर जिसका वजन 14.5 किलो ग्राम निश्चित है जिसका विक्रय मूल्य गैस एजेंसी के द्वारा 945 रुपए निर्धारित किया गया है जबकि आराधना गैस एजेंसी के संचालक और उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के द्वारा 945 रुपए के स्थान पर 950 रुपए की खुली अवैध वसूली की जा रही है। उपभोक्ताओं का वीडियो वायरल हो जाने के बाद जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा इस पर क्या संज्ञान लिया जाएगा।पूर्व में भी गैस सिलेंडर की कालाबाजारी को रोकने के लिए नियुक्त की गई टीमों के द्वारा जांच में आराधना गैस एजेंसी संचालक को कालाचाजारी में संलिप्त पाया गया था।जिस पर शासनादेशों का उल्लंघन एवं कालाबाजारी में संलिप्तता का अभियोग पंजीकृत करवाई की गई थी।

# गिट्टी से भरे तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

थाना पनवाड़ी क्षेत्र के ग्राम किल्हौवा रोड पर गिट्टी से भरे तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक रघुवीर पुत्र सुदामा, उम्र लगभग 25 वर्ष, निवासी ग्राम गुगौरा थाना पनवाड़ी अपनी पत्नी के साथ रिश्तेदारी में आयोजित कुआं पूजन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्राम गुहांड जा रहा था। बताया गया कि जैसे ही दोनों गांव से बाहर निकले, उसी दौरान सामने से तेज गति से आ रहे गिट्टी से भरे ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रघुवीर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान मनोज राजपूत मौके पर पहुंचे और घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे झांसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।ग्राम प्रधान मनोज राजपूत ने बताया कि क्षेत्र में रात्रि के समय गिट्टी से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर तेज रफ्तार से लगातार निकलते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि कई बार वाहन चालकों को सावधानी बरतने और धीमी गति से वाहन चलाने के लिए कहा गया, लेकिन इसके बावजूद लापरवाही जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन सामग्री से भरे वाहन रात-दिन तेज गति से चलते हैं, जिससे आम लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। लोगों ने प्रशासन से ऐसे वाहनों पर नियंत्रण लगाने और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## फर्जी रजिस्ट्री कराने वाला एक अन्य वांछित इनामियां आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**जन एक्सप्रेस । बांदा**

जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मटौंध पुलिस द्वारा कूटरचित दस्तावेजों का प्रयोग कर फर्जी जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले एक अन्य वांछित इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के खुटला निवासी देबिया पुत्र चौतुवा द्वारा 12 फरवरी को थाना मटौंध पर अपने 34 बीघा जमीन की कुछ लोगों द्वारा फर्जी रजिस्ट्री कराने के सम्बन्ध प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना मटौंध पर अभियोग पंजीकृत करते हुए थाना मटौंध पुलिस द्वारा 06 अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में आज थाना मटौंध पुलिस द्वारा एक अन्य वांछित इनामिया अभियुक्त को गोयरा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम रज्जू उर्फ नेमकुमार पुत्र मूलचन्द्र निवासी गोड़ी बाबा खुटला थाना कोतवाली नगर।

## दबंगो ने दलित युवक को बैल्ट से पीटकर किया घायल, पुलिस ने तीनों दबंगो के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला किया दर्ज

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



दबंगो की पिटाई से घायल दलित युवक ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार। वही मझगवां पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के खराखर निवासी दीपक पुत्र गोकुल प्रसाद ने लिखित तहरीर में कहा है कि गांव के ही छोटू पुत्र बल्ले तिवारी, आशीष पुत्र हरी किशन राजपूत, मोन्टी पाल पुत्र जय प्रकाश पाल, अनूप पुत्र राजकुमार तिवारी ने 23 मार्च को शाम करीब 5 बजे उसे जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसके साथ गाली-गलौज किया, और जब उसने इस बात का विरोध किया तो तीनो ने उसे लाठी-डण्डों के साथ ही बेल्ट से बुरी तरह पीटने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी। वही पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनो अभियुक्तों के खिलाफ मु0अ0सं0 23/2026 धारा 115(2)/352/351(3) बीएनएस सहित 3(1)(द)/3(1)(ध)/3(2)(1 ड्ड) एस0सी/एस0टी0 के तहत मामला दर्ज करने के साथ ही पीडित को मेडिकल के लिये सीएचसी नौरंगा भेजा है, जबकि पुलिस अभियुक्तों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन घायल

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** जिले के मरका थाना क्षेत्र के खरौली ताला गांव मे दो बाइकों की आमने सामने जोरदार टक्कर हो जाने से तीन लोग घायल हो गए सभी घायलों को इलाज हेतु सामु स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरो द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।
मरका थाना क्षेत्र के बीरबल निषाद पुत्र बन्ना निषाद निवासी भरहा डेरा समगरा सोनू पुत्र कामता प्रसाद उम्र 30 वर्ष व दूसरे बाइक छोटू यादव पुत्र भूरा यादव निवासी कलाना की बाइक की टक्कर हो जाने से घायल हो गये सभी घायलों का इलाज हेतु सामु स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया डाक्टरो द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद सोनू और छोटू को गंभीर हालात में जिला अस्पताल रिफर कर दिया।

## सड़क दुर्घटना में घायल

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** कोतवाली क्षेत्र के भुराने पुरवा गांव में ई रिक्शा और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो जाने से ई-रिक्शा में सवार तीन लोग और बाइक सवार सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलो का उपचार के बाद दो लोगों को जिला अस्पताल रिफर कर दिया।बिसंडा थाना क्षेत्र के मरौली गांव निवासी सत्य नारायण उम्र40 वर्ष सीमा उम्र30 वर्ष निवासी बिसंडी आराध्या 5 वर्ष व बाइक सवार शत्रुधन उम्र30 वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गये एंबुलेंस की सहायता से इलाज हेतु सामु स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराए गए जहां डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद सत्यनारायण और सीमा को गंभीर हालत पर जिला अस्पताल रिफर कर दिया।

## रामजी गुप्ता के आवास हुईं वैश्य समाज की बैठक, बैठक में राम नवमी शोभा यात्रा पर हुई चर्चा

**महोबा।** गुरुवार को ओमर वैश्य समाज परिवार की एक बैठक ललित भवन के पीछे राम जी गुप्ता के निवास पर सम्पन्न हुई बैठक में राम नवमी शोभा यात्रा पर चर्चा हुई और समाज हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिसमें समाज के आखरी परिवार तक जाने की योजना बनाई गई बहुत जल्द नए जिला अध्यक्ष का चयन कर लिया जाएगा यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि अभी तक जो धीमी प्रक्रिया समाज की थी अब उसमें गति प्रदान की जाएगी हर महिने समाज की एक बैठक रखी जाएगी।
इस मौके पर बैठक में उपस्थित नवीन गुप्ता, राजू गुप्ता, ट्राली वाले, राम जी गुप्ता पंकज गुप्ता योगेश गुप्ता रमेश गुप्ता गिरीश गुप्ता रज्जू उर्फ राजेंद्र गुप्ता कैलाश गुप्ता कैलाश गुप्ता गोविंद गुप्ता पुष्पेंद्र गुप्ता सिया वाले योगेश गुप्ता मुन्ना गुप्त प्रमोद गुप्ता व अन्य वैश्य परिवार के लोग उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप शोभायात्रा के अध्यक्ष व संयोजक एवं टीम का भव्य स्वागत

**जन एक्सप्रेस । हाथरस**



शहर के नयागंज स्थित गली पटेमा में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शम्भू नाथ पुरोहित के आवास पर महाराणा प्रताप जी की जयंती के अध्यक्ष अनिल सिसोदिया व सयोंजक सन्दीप सिसोदिया व अन्य सभी पदाधिकरियों का स्वागत किया गया। अध्यक्ष अनिल सिसोदिया ने बताया कि आगामी 9 मई को शहर में महाराणा प्रताप जी की जयंती बड़े धूमधाम के साथ निकाली जाएगी, उन्होंने आगे कहा कि शोभायात्रा में सभी वर्गों के लोगो का स्वागत है , वही सयोंजक संदीप सिसोदिया ने कहा कि 9 मई को सभी लोग शहर के गोशाला रोड स्थित तुलसी भवन पर पहुचे और शोभायात्रा में शामिल हो।
अध्यक्ष अनिल सिसोदिया, सयोंजक संदीप सिसोदिया के साथ , भीकम सिंह चौहान, मोहित चौहान,रजत ठाकुर, छोटू राणा, संदीप सिसोदिया, , गौरव ठाकुर, मोना ठाकुर, प्रशांत सिसोदिया, शैलेंद्र चौहान आदि का स्वागत किया गया।
स्वागत करने वालो में शंभूनाथ पुरोहित जी वरिष्ठ पत्रकार जिलाध्यक्ष-ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, हाथरस, अमन पुरोहित, शुभम गुप्ता, उमाकांत पुंढीर, छोटू पुरोहित, राजीव वार्ष्णेय, पंडित हिमांशु पुरोहित, शिवम वार्ष्णेय, मनीष वर्मा, प्रथम वार्ष्णेय, तुषार उपाध्याय आदि लोग मौजूद रहे।

# दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत के बाद लगी आग,तीन जिंदा जले

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जिले के मटौंध थानाक्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह आमने-सामने की भिड़ंत के बाद दो ट्रकों में आग लग गई जिससे तीन लोगों की जलकर मौत हो गई,जबकि एक की हालत गंभीर है।पुलिस ने यह जानकारी दी। नगर क्षेत्र की पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) मेविस टाक ने बताया कि मटौंध थानाक्षेत्र में मुंडेरी मोड़ पर जनपद-महोबा राष्ट्रीय राजमार्ग में बृहस्पतिवार सुबह दो ट्रकों में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई,जिससे उनमें भीषण आग लग गई।उन्होंने बताया कि इस हादसे में ट्रकों में फंसे चालक सुरेश पांडेय (55),सूरज नाथ उर्फ साधु (43) और परिचालक (खलासी) सनी (28) की जिंदा जलकर मौत हो गयी,जबकि अभिषेक यादव (23) को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया।सीओ ने बताया कि इस हादसे में जान गंवाने वालों और घायल के परिजनों को सूचना दे दी गयी है तथा आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# बेकाबू कार खाई में गिरी एक की मौत दो घायल



**जन एक्सप्रेस । महोबा**

चरखारी थाना क्षेत्र अन्तर्गगत चरखारी सूपा मार्ग पर एक बेकाबू कार बेकाबू होकर सड़क किनारे गहरी खाई में गिर गयी जिसमें सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वाहन मृतक का पिता चला रहा था जो मामूली चुटहिल है। विवरण में मिली जानकारी के अनुसार कुलपहाड़ निवासी गणेश पुत्र बंशी बीती शाम चरखारी विकास खण्ड के ग्राम बमनेथा में रिश्तेदार के यहां आयोजित चौक कार्यक्रम में शामिल होने आया था तथा रात में कार्यक्रम के बाद वापसी के दौरान सुबह करीब 9 बजे सूपा रोड पर दादी के खुड़े के पास मोड़ पर चार पहिया वाहन यूपी 90 जे 9490 अचानक सड़क किनारे खाई में जा घुसी जिससे चार पहिया वाहन पेड़ों व झाड़ियों से टकराई तथा वाहन के परखचे उड़ गए। सात सीटर कार में सबसे पीछे की सीट पर बैठा चालक गणेश का 17 वर्षीय पुत्र कुणाल कुशवाहा उम्र 17 वर्ष वाहन पलटने से बुरी तरह से कुचल गया तथा जब तक राहगीर उसे निकालते तब तक उसकी दर्दनाक मौत हो चुकी थी। जबकि वाहन में सवार एक रिश्तेदार राजेश पुत्र छिद्दू गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों द्वारा सूचना दिए जाने पर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय महोबा के लिए रिफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष प्रवणी कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे साथ ही अस्पताल पहुंचकर घायलों से सम्पर्क किया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## नाबालिग के साथ जबरन बलात्कार की वारदात को अंजाम देने वाले दो गुनाहगारों को बीस-बीस साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ 50 हजार का जुर्माना

**जन एक्सप्रेस/हमीरपुर।** जलालपुर में 17 दिसंबर 2016 को दो युवकों ने नाबालिग के साथ मारपीट करने के बाद जबरजस्ती बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया था। वही अभियोजन की तरफ से अदालत में जोरदार पैरवी करते हुये एडीजीसी रुद्रप्रताप सिंह ने बताया कि जलालपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना क्षेत्र के कुपरा निवासी मुकेश पुत्र मुन्ना कुशवाहा,सोनू पुत्र मंगी कुशवाहा के खिलाफ मु0अ0सं0-202/2016 धारा-376डी,323,506 आईपीसी के साथ ही 6 पॉक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत स्पेशल पॉक्सो अदालत की स्कालर जज कीर्ति माला सिंह ने मुकेश सहित सोनू को वारदात को अंजाम देने का गुनहगार मानते हुये बीस- बीस साल की सख्त सजा के साथ ही किया पच्चीस-पच्चीस हजार रुपये का जुर्माना।

# नवरात्र में अष्टमी के दिन देवी मंदिर पहुंचे भक्तजनों ने चढ़ाई अठवाईन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



नवरात्र की अष्टमी पर माँ मढी दाई मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। महिलाओं ने अठवाईं चढ़ाई और विधिवत पूजा-अर्चना की।जलाभिषेक की भी होड़ रही। मंदिरों से लेकर घरों तक कन्या भोज के आयोजन हुए। उधर,श्रद्धालुओं का देर रात तक तांता लगा रहा। कस्बे की प्रमुख माँ मढी दाई मंदिर में सबसे ज्यादा श्रद्धालु रहे।महिलाओं की संख्या अधिक थी।यहां अठवाईं में पान-बतासा सुपारी,चुनरी आदि चढ़ाकर पूजन किया।ग्रामीण इलाकों से भक्तों के जत्थे ढोलक-मंझीरों के साथ उमाह गीत गाते हुए देवी मंदिर पहुंचे।बाकल की जोगनी माता मंदिर मे श्रद्धालुओ की भी अपार भीड रही सुरक्षा व्यवस्था मे पुलिस बल लगा रहा है।

# श्रेष्ठ एनजीओ सम्मान पुरस्कार 2026 अवार्ड से सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



इंपैक्ट इंडिया सममिट 2026 के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय श्रेष्ठ एनजीओ सम्मान समारोह कार्यक्रम मध्य प्रदेश के इंदौर में 25 मार्च 2026 को आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि पद्मश्री सुशील दोषी सर (प्रख्यात भारतीय क्रिकेट के हिंदी कमेंटेटर ) द्वारा अंबेडकर पाठशाला शिक्षा सेवा फाउंडेशन सहित 100 उत्कृष्ट एनजीओ संस्थाएं जो सामाजिक परिवर्तन की दिशा में काम कर रही देशभर की अग्रणी स्वयंसेवी संस्थाओं को सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से चयनित संस्थाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास, पर्यावरण संरक्षण,कौशल विकास,स्वास्थ्य और आपदा राहत जैसे क्षेत्रों में किए गए प्रभावशाली कार्यों के लिए राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया। इंपैक्ट इंडिया सममिट कार्यक्रम की फाउंडर कार्यक्रम की संस्थापिका ज्योति कुमारी ने कहा कि ÷श्रेष्ठ एनजीओ सम्मान पुरस्कार 2026÷ का उद्देश्य देशभर में सामाजिक परिवर्तन के लिए कार्य कर रही संस्थाओं को राष्ट्रीय पहचान प्रदान करना है। 100 उत्कृष्ट एनजीओ में चयनित अंबेडकर पाठशाला शिक्षा सेवा फाउंडेशन को भी राष्ट्रीय मंच,पहचान मिली जिसमें अंबेडकर पाठशाला शिक्षा सेवा फाउंडेशन के डायरेक्टर इन्द्र कुमार एवं अध्यक्ष अनिल कुशवाहा को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र,पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया द्य बुंदेलखंड की कश्मीर चरखारी की संस्था जो शिक्षा के क्षेत्र में कोरोना काल से गरीब असहाय, जरूरतमंद बच्चों की आवाज बनी अम्बेडकर पाठशाला शिक्षा सेवा का संकल्प राष्ट्रीय मंच पर गूंजा वही डायरेक्टर इन्द्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखे शिक्षा जीवन के लिए ,जीवन वतन के लिए इस उद्देश्य के साथ शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षा सेवा संस्कार हेतु ग्रामीण आंचल के गरीब बच्चों की शिक्षा के प्रति अंबेडकर पाठशाला शिक्षा सेवा फाउंडेशन निरंतर प्रयासरत है
वही अध्यक्ष अनिल कुशवाहा ने अपील करते हुए कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र के सम्मानित समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों, युवा बंधुओं से अपील करते हुए कहा कि अम्बेडकर पाठशाला को सहयोग प्रदान करें जिससे शिक्षा के क्षेत्र में बड़े रूप में कार्य किया जा सके।

# 200 करोड़ की जीएसटी चोरी का खुलासा

## देशभर में फैला था नेटवर्क, एसटीएफ ने गुजरात से आरोपी को पकड़ा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) उत्तर प्रदेश ने फर्जी फर्मों के जरिए करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए उसके एक अहम सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरोह पर करीब 200 करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व को नुकसान पहुंचाने का आरोप है। गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद अल्ताफ सोजतवाला पुत्र मुश्ताक भाई सोजतवाला, अहमदाबाद (गुजरात) का निवासी है। उसे 26 मार्च की रात गायकवाड़ हवेली थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से लैपटॉप, दो मोबाइल फोन, पेन ड्राइव और नकदी बरामद हुई है, जिनसे बड़े नेटवर्क के संचालन के संकेत मिले हैं।

### फर्जी कंपनियां खोलकर बैंक खातों से करता था लेनेदेन

जांच में सामने आया कि आरोपी अपने साथियों, जिनमें चार्टर्ड अकाउंटेंट आकाश पीयूष सोनी समेत अन्य शामिल हैं, के साथ मिलकर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर फर्जी फर्मों का पंजीकरण कराता था। इन फर्मों के जरिए फर्जी इनवॉइस और ई-वे बिल तैयार कर वास्तविक कारोबारियों को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) उपलब्ध कराया जाता था, जिससे बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी की जाती थी। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि गिरोह लोगों को कमीशन का लालच देकर उनके पहचान पत्र और दस्तावेज हासिल करता था। इन दस्तावेजों के आधार पर फर्जी कंपनियां खोलकर बैंक खातों के माध्यम से लेनदेन दिखाया जाता और बाद में रकम को नकद या अन्य माध्यमों से वापस कर दिया जाता था। एसटीएफ के अनुसार, यह गिरोह गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई शहरों में सक्रिय था। अलीगढ़ में दर्ज एक मुकदमे की जांच के दौरान इस नेटवर्क का खुलासा हुआ, जिसके बाद एसटीएफ को कार्रवाई के लिए लगाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर संबंधित न्यायालय में पेश किया जाएगा। साथ ही गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश तेज कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्रवाई जारी रहेगी।

# अनुभव के आधार पर अपंजीकृत चिकित्सकों को मिल सकता है प्रैक्टिस का अधिकार, चिकित्सा मित्रों के दिन बदलेंगे: योगेश जायसवाल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



इंडियन रूरल मेडिकोज सोसायटी के प्रवक्ता तथा राष्ट्रीय स्तर पर गठित ज्वाइंट एक्शन कमेटी के वरिष्ठ सदस्य योगेश जायसवाल ने कहा है कि भविष्य में अनुभव के आधार पर प्राथमिक उपचार करने वाले अपंजीकृत चिकित्सकों को भी प्रैक्टिस करने का अधिकार मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा मित्रों के अच्छे दिन आने वाले हैं और उन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ने की दिशा में सकारात्मक पहल हो रही है। योगेश जायसवाल के अनुसार, बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से ज्वाइंट एक्शन कमेटी के शिष्टमंडल की मुलाकात हुई, जिसमें स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया कि इस प्रस्ताव का परीक्षण कराया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कमेटी से अपने सदस्यों की सूची तैयार रखने को कहा, ताकि आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने पर उन्हें व्यवस्था में शामिल किया जा सके। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि यदि बिहार सरकार इस तरह का निर्णय ले सकती है तो केंद्र सरकार भी अपने स्तर पर आवश्यक कदम उठाएगी और राज्य सरकारों को दिशा-निर्देश जारी करने पर विचार किया जाएगा। इस आश्वासन के बाद चिकित्सा मित्रों और अपंजीकृत चिकित्सकों में उत्साह का माहौल है और उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही उनके भविष्य को लेकर ठोस निर्णय सामने आएगा।

# प्रदेश में अचानक से बदला मौसम, 38 जिलों में बिजली-बारिश का अलर्ट, चार डिग्री लुढ़का पारा



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में नए विक्षोभ के सक्रिय होने से शुक्रवार को मौसम में बदलाव की आहट है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को पश्चिमी इलाकों समेत प्रदेश के 38 जिलों में गरज चमक और कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। बादलों की सक्रियता का असर पूर्वी यूपी में भी देखने को मिलेगा। इस दौरान तराई और पूर्वी यूपी के 21 जिलों में 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाओं के चलने की आशंका है। मौसम के इस बदलाव से शुक्रवार को प्रदेश भर में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री तक की गिरावट के आसार हैं। बृहस्पतिवा को बांदा 40.2 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रहा, जबकि प्रयागराज और हमीरपुर में 38.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। बांदा में 21.6 डिग्री के साथ सबसे गर्म रात दर्ज की गई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार 29 मार्च को एक और मजबूत विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश और तापमान में गिरावट की संभावना है।

### यहां मेघगर्जन व वज्रपात की संभावना

अंबेडकर नगर, अमेठी, अयोध्या, आजमगढ़, बागपत, बलिया, बांदा, बस्ती, बिजनौर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, फतेहपुर, गाजीपुर, गोरखपुर, हमीरपुर, जोनपुर, झांसी, कौशांबी, कुशीनगर, ललितपुर, महाराजगंज, महोबा, मऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, सहारनपुर, संत कबीर नगर, भदोही, शामली, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, वाराणसी।

### झोंकेदार हवा (गति 30 से 40 किमी/घंटा)) की संभावना

अंबेडकर नगर, आजमगढ़, बलिया, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, गाजीपुर, गोरखपुर, जौनपुर, कौशांबी, कुशीनगर, महाराजगंज, मऊ, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, संत कबीर नगर, भदोही, सोनभद्र, सुल्तानपुर, वाराणसी।

# झूठी एफआईआर व गवाही देने वालों पर होगी कार्रवाई, डीजीपी राजीव कृष्ण ने मातहतों को जारी किए दिशा-निर्देश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



झूठी एफआईआर दर्ज कराने और गलत गवाही देने वालों पर अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस विभाग को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में डीजीपी राजीव कृष्ण ने महकमे के सभी अधिकारियों को पत्र भेजकर ऐसे मामलों में लापरवाही बिल्कुल न बरतने की हिदायत दी है। आदेश में कहा गया है कि यदि किसी मामले की जांच के बाद पुलिस अदालत में फाइनल रिपोर्ट (क्लोजर रिपोर्ट) लगाती है और आरोपी को निर्दोष पाया जाता है तो यह भी जांचा जाए कि कहीं पुलिस तंत्र का दुरुपयोग तो नहीं किया गया। यदि यह सामने आता है कि शिकायतकर्ता या गवाहों ने झूठी, भ्रामक या तथ्यहीन जानकारी दी थी तो उनके खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जाए। ऐसे मामलों में संबंधित धाराओं के तहत मजिस्ट्रेट के सामने लिखित शिकायत पेश करना जरूरी होगा। इसमें विशेष रूप से झूठी सूचना देने और गुमराह करने से संबंधित प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने को कहा गया है। उच्चाधिकारियों को भी निर्देश दिए गए है कि सभी विवेचकों से इस आदेश का पालन सुनिश्चित कराएं।

# चोरी की घटनाएं दर्ज करने से परहेज कर रही रहीमाबाद पुलिस

- डेढ़ माह पूर्व हुई दो चोरियों की अभी तक नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

डेढ़ माह पूर्व हुई दो चोरियों की घटनाओं सहित पांच दिन पूर्व हुई मोबाइल फोन चोरी की घटनाओं को दर्ज करने से रहीमाबाद पुलिस परहेज कर रही है । जिससे चोरों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे है। पुलिस के ऐसे निरंकुश रवैए के प्रति जन प्रतिनिधियों सहित आम जनमानस में काफी आक्रोश है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गौंदा मुअज्जमनगर निवासी अटल मौर्य विगत 22 मार्च को भतोईया स्थित सोनू मेडिकल स्टोर पर दोपहर करीब ढाई बजे सामान लेने आया था। जहां अटल अपना मोबाइल फोन भूलकर चला गया। पीड़ित अटल ने उसी दिन थाने में तहरीर देकर इसी थाना क्षेत्र के ग्राम चिंहुटा निवासी अनमोल पर चोरी करने का अनमोल लगाया। पीड़ित ने यह भी बताया कि स्टोर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना दर्ज हो गई है। जिससे चोर की उसने शिनाख्त की है। पीड़ित का आरोप है कि घटना के 5 दिन बीत जाने के बाद भी रहीमाबाद पुलिस ने अभी तक न तो रिपोर्ट दर्ज की है और न ही मोबाइल बरामद किया है । जिससे पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल उठ रहे है । इसी प्रकार 21 मार्च को पीएचसी महदोइया में भी चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसकी तहरीर अधीक्षक ने थाने पर दी थी। लेकिन इसमें भी कोई कार्यवाई नहीं हुई थी।

### इन चोरियों को पानी की तरह पी गई रहीमाबाद पुलिस

विगत 15 फरवरी को ग्राम जिंदौर निवासी नूर आलम उर्फ नूरी के घर के बाहर खड़े उनके दोस्त के डंपर से बैटरी चोरी हो गई थी। जिनकी तहरीर नूर आलम ने थाने में दी थी। इसके दूसरे ही दिन 16 फरवरी की रात बेखौफ अज्ञात चोरों ने ग्राम पंचायत मवईकलां में बने अंत्येष्ठि स्थल को निशाना बना गेट व टोंटी चोरी कर चम्पत हो गए थे। जिसकी तहरीर कार्यवाहक ग्राम प्रधान प्रीति मौर्य ने थाने पर दी थी। डेढ़ माह से अधिक का समय बीतने को है लेकिन रहीमाबाद पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट नहीं दर्ज की है। जिससे रहीमाबाद पुलिस पर सवालिया निशान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व आम जनमानस लगा रहे है ।

# अस्पताल में वार्ड बॉय ने महिला मरीज से किया दुष्कर्म का प्रयास, जबरन महिला शौचालय में घुस गया था

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में महानगर स्थित विवेकानंद अस्पताल में बुधवार देर रात न्यूरो की मरीज से शौचालय में घुसकर वार्ड बॉय ने दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध पर आरोपी ने उनके साथ मारपीट भी की। शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग निकला। बाद में पुलिस ने आरोपी वार्ड बॉय को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित मरीज के भाई के अनुसार, वह मूल रूप से सीतापुर के रहने वाले हैं। 19 मार्च को उनकी बहन अस्पताल में भर्ती हैं। बुधवार शाम उनकी बहन वार्ड के पास बने शौचालय गई थीं। इस बीच आरोपी वार्ड बॉय अनीस पीछे से शौचालय में घुस गया और दरवाजा बंद कर युवती से दुष्कर्म प्रयास करने लगा। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उनके साथ मारपीट की। युवती जब काफी देर वापस नहीं लौटी तो उसकी बड़ी बहन शौचालय के पास पहुंची। दरवाजा अंदर से बंद था। युवती की बहन ने मदद के लिए परिजनों को बुला लिया। इस बीच अस्पताल के कर्मचारी भी जमा हो गए।

### दरवाजा खुलते ही भाग निकला आरोपी

परिजनों व स्टाफ के लोगों के जमा होने पर किसी तरह शौचालय का दरवाजा खोला गया तो आरोपी अर्धनग्न अवस्था में था। भीड़ के बीच आरोपी वहां से भाग निकला। इस मामले में युवती के भाई ने आरोपी के खिलाफ महानगर थाने में केस दर्ज कराया। बाद में सर्विलांस की मदद से पुलिस ने आरोपी सीतापुर रामपुर मथुरा समरदहा निवासी अनीस अहमद को गिरफ्तार कर लिया। वह मौजूदा समय में मदेयगंज इलाके में रहता है।

### पुलिस से बोला सिगरेट पीने गया था

पुलिस ने जब आरोपी से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह सिगरेट पीने टॉयलेट गया। इसके अलावा मैंने कुछ नहीं किया। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने आरोपी वार्ड बॉय को नौकरी से निकाल दिया है।

# प्रदेश के 5446 गो-आश्रय स्थलों में लगे 7592 सीसीटीवी कैमरे

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में गोवंश संरक्षण को तकनीक से जोड़ते हुए एक बड़ा और प्रभावी कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश भर के जनपदों में संचालित 5446 गो-आश्रय स्थलों को सीसीटीवी निगरानी से जोड़ दिया गया है, जहां अब तक कुल 7592 कैमरे स्थापित किए जा चुके हैं। यह पहल न केवल पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि गोवंश की सुरक्षा और बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने का भी मजबूत माध्यम बन रही है। इन आश्रय स्थलों की चौबीसों घंटे निगरानी संभव हो गई है। सीसीटीवी कैमरों के जरिए पशुओं के खान-पान, स्वास्थ्य, साफ-सफाई और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं पर लगातार नजर रखी जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित हो रही है। यह व्यवस्था प्रशासनिक जवाबदेही को भी मजबूत कर रही है।प्रदेश के इन गो-आश्रय स्थलों में बड़ी संख्या में निराश्रित गोवंश संरक्षित हैं, जिनकी देखभाल सरकार की प्राथमिकता में है। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार डिजिटल निगरानी प्रणाली प्रशासनिक पारदर्शिता के साथआम जनता के विश्वास को भी सुदृढ़ कर रही है। आपात स्थिति में त्वरित निर्णय लेने में यह तकनीक बेहद कारगर साबित हो रही है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### टोल-फ्री नंबर 14447 पर दें फसल नुकसान की जानकारी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। प्रदेश में संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल क्षति की सूचना देने तथा योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए किसानों को विभिन्न डिजिटल माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं। अब किसान फसल नुकसान की तत्काल सूचना देने या जानकारी प्राप्त करने के लिए टोल-फ्री नंबर 14447 का प्रयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, 'क्राप-इन्श्योरेन्स एप्प' और व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर 7065514447 के माध्यम से भी सूचना साझा की जा सकती है। कृषक योजनाओं से संबंधित आधिकारिक जानकारी के लिए फसल बीमा पोर्टल पर भी लॉग-इन कर सकते हैं। डिजिटल माध्यमों के अतिरिक्त, यदि किसानों को फसल बीमा से संबंधित किसी भी समस्या का सामना करना पड़ता है, तो वे उसके त्वरित समाधान के लिए अपने जनपद के उप कृषि निदेशक या जिला कृषि अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। जनपद में कार्यरत बीमा कंपनी के प्रतिनिधि से भी सीधे संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। सरकार का उद्देश्य इन माध्यमों के जरिए किसानों को आपदा की स्थिति में समयबद्ध तरीके से राहत पहुँचाना और बीमा प्रक्रियाओं को अधिक सुलभ बनाना है।

### 'श्रीराम का जीवन भारतीय संस्कृति और आदर्शों का प्रतीक'

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने रामनवमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन भारतीय संस्कृति और आदर्शों का प्रतीक है। उन्होंने सत्य, मर्यादा, करुणा और धर्म के मार्ग पर चलकर मानवता को एक नई दिशा प्रदान की। रामनवमी का यह पावन पर्व हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। आज के समय में भगवान श्रीराम के आदर्शों की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में नैतिकता, सहिष्णुता और सद्भाव को बढ़ावा देना चाहिए ताकि समृद्ध और सशक्त समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने कामना की कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए।

### कल आ रहे पीएम, पंकज चौधरी ने की तैयारियों को लेकर बैठक

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मार्च को नोयडा आ रहे हैं। पीएम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे।बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने प्रधानमंत्री के 28 मार्च को प्रस्तावित नोयडा दौरे को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। बीजेपी अध्यक्ष श्री चौधरी ने बताया कि आज नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तावित उद्घाटन कार्यक्रम के दृष्टिगत उनकी अध्यक्षता में व्यवस्था बैठक हुई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन से संबंधित कार्यों एवं तैयारियों की जानकारी ली और सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस दौरान बीजेपी के महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह पार्टी के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 'प्रोजेक्ट प्रवीण': 2 लाख छात्रों को मिलेगा भविष्य का आधार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में और प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल के नेतृत्व में प्रदेश के युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को शामिल किया गया है। प्रोजेक्ट प्रवीण माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए 210 घंटे का नि:शुल्क कौशल विकास कार्यक्रम है, जिसमें आईटी, ब्यूटी, हेल्थकेयर और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। अब इस कार्यक्रम में श ।प् थ्वत ।ससश् को जोड़ते हुए छात्रों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से भी सशक्त बनाया जाएगा, जिससे वे शिक्षा पूर्ण करने के साथ ही रोजगार के लिए तैयार हो सकें।इस पहल के माध्यम से प्रदेश के 1200 से अधिक सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों के 2 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को सीधा लाभ मिलेगा। 28 मार्च को मिशन मुख्यालय द्वारा एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता डॉ. पवित्रा टंडन सहायक निदेशक आईटी करेंगी।



### उप मुख्यमंत्री ने दी रामनवमी पर देश व प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रामनवमी के पुनीत पर्व पर देश व प्रदेशवासियों को अपनी शुभकानाएं देते हुए सभी के सुखमय व खुशहाल जीवन की कामना की है।उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन हमें मर्यादाओं का पालन कर सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने की सीख देता है। प्रभु श्री राम सभी पर अपनी कृपा व आशीर्वाद बनाए रखें। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन, उनकी कर्तव्यनिष्ठा और उच्च आदर्श पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा के स्त्रोत हैं। आइए, हम सब प्रभु राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण मे योगदान करने का संकल्प लें।

# 'दूध से दौलत' का मॉडल: महिला समूहों ने यूपी को दी नई आर्थिक ताकत

- ग्रामीण भारत की नई पहचान: 'लखपति दीदी' बना विकास का इंजन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ मार्च।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल व उनके कुशल मार्गदर्शन मे उत्तर प्रदेश मे महिला सशक्तिकरण व स्वालम्बन की दिशा मे क्रान्तिकारी कदम उठाये जा रहे है। स्वयं सहायता समूहो के माध्यम से महिलाओं को जोड़कर गतिविधियों व क्रियाकलापो के माध्यम से न केवल स्वावलम्बी बनाया जा रहा है, बल्कि उन्हे लखपति दीदी की श्रेणी मे लाने के भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। समूहो की दीदियो को विभिन्न विभागो से समन्वय कर उनकी आमदनी मे इजाफा किया जा रहा है। दीदियो को उनके क्रियाकलापो व गतिविधियों मे किसी प्रकार की दिक्कत या अवरोध न आने पाये, उन्हे किसी प्रकार की कठिनाई न होने पाये, इस दिशा मे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की सोच व मन्शा के अनुरूप राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा क्रान्तिकारी कदम उठाये गये है।उत्तर प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं ने दुग्ध उत्पादन एवं संग्रहण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए आत्मनिर्भरता की नई मिसाल स्थापित की है। प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन एवं उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के फलस्वरूप महिला स्वयं सहायता समूह आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में सशक्त भूमिका निभा रहे हैं तथा प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर अग्रसर कर रहे हैं। प्रदेश के 31 जनपदों में सक्रिय महिला समूहों द्वारा प्रतिदिन लगभग 10 लाख लीटर दूध का संग्रहण किया जा रहा है, जिससे अब तक लगभग 5000 करोड़ का कारोबार सृजित हुआ है। इस पहल से न केवल ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि हुई है, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्राप्त हुई है। मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन दीपा रंजन के मुताबिक बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी बुंदेलखंड क्षेत्र मे महिलाओ द्विवेदी प्रतिदिन लगभग 2.5 लाख लीटर संग्रहण किया जा रहा है और 2300 करोड़ कारोबार किया जा चुका है। काशी एमपीसीएल पूर्वांचल क्षेत्र द्वारा प्रतिदिन लगभग 2 लाख लीटर संग्रहण किया जा रहा है और 750 करोड़ का करोबार किया गया है। सामर्थ्य एमपीसीएल मध्य क्षेत्र द्वारा प्रतिदिन लगभग 3 लाख लीटर संग्रहण, किया जा रहा है और 1450 करोड़ का कारोबार किया गया है। श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीसीएल गोरखपुर मंडल द्वारा प्रतिदिन 1 लाख लीटर संग्रहण, किया जा रहा है और लगभग 220 करोड़ का करोबार किया गया है। सृजनी एमपीसीएल तराई क्षेत्र द्वारा प्रतिदिन लगभग 1.5 लाख लीटर संग्रहण किया जा रहा है, तथा लगभग 250 करोड़ का कारोबार किया गया है। इन सभी दुग्ध उत्पादक कंपनियों द्वारा अब तक कुल मिलाकर लगभग 78.34 करोड़ का लाभ अर्जित किया जा चुका है, जो यह दर्शाता है कि यह मॉडल न केवल सामाजिक दृष्टि से बल्कि आर्थिक रूप से भी अत्यंत सफल एवं टिकाऊ है। बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा लगभग 37.74 करोड़, काशी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड लगभग रू 10.60 करोड़, सामर्थ्य मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा लगभग 22 करोड़, श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा 2.30 करोड़ औरसृजनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा 4.70 करोड़ का लाभांश अर्जित किया गया है। कंपनियों द्वारा अब तक कुल मिलाकर लगभग 78.34 करोड़ का लाभ अर्जित किया जा चुका है। इस करोबार मे समूहों की तकरीबन 3 लाख 25 हजार महिलाये जुड़ी है, 50 हजार दीदियां लखपति दीदी की श्रेणी मे पहुंच गयी हैं। इस पहल से जुड़े महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से लगभग 3.25 लाख महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। यह महिलाएं अब केवल दुग्ध उत्पादक ही नहीं, बल्कि संगठित आर्थिक गतिविधियों की सक्रिय भागीदार बनकर अपनी आय में निरंतर वृद्धि कर रही हैं।दुग्ध आपूर्ति के आधार पर महिलाओं कोसाप्ताहिक पाक्षिक भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में क्ठज् के माध्यम से किया जा रहा है।

# 2047 तक विकसित राष्ट्र निर्माण हेतु जन-जन की भागीदारी जरूरी: शर्मा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

भदोही के जीआईसी ग्राउंड ज्ञानपुर में उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। उन्होंने प्रत्येक नागरिक को अगले दस वर्षों के लिए अपना 'आत्म लक्ष्य' निर्धारित करने एवं उसे प्राप्त करने हेतु संकल्प दिलाया। अब समय पीछे मुड़कर देखने का नहीं बल्कि आगे बढ़कर बड़ी छलांग लगाने का है। 2047 तक देश और प्रदेश को विकसित बनाने के लिए गांव, तहसील, ब्लॉक और प्रत्येक नागरिक को मिलकर प्रयास करना होगा। अभिनव पहल को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने मुक्त कंठ से सराहा और आत्म लक्ष्य प्राप्ति का संकल्प लिया। श्री शर्मा ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में हर नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है और इसके लिए व्यक्तिगत स्तर पर लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। जब हर व्यक्ति अपने लक्ष्य को लेकर संकल्पित होगा, तभी प्रदेश और देश तेजी से प्रगति करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने अभूतपूर्व विकास किया है। सड़क, बिजली, ऊर्जा, स्वास्थ्य, कृषि, आवास एवं कानून व्यवस्था सहित सभी क्षेत्रों में सुधार हुए हैं और प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी से निकलकर अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, सांसद विनोद बिंद, औराई विधायक दीनानाथ भास्कर एवं ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से रखा।

# सम्राट अशोक महान के विचार वैश्विक पथप्रदर्शक: केशव

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जयंती के अवसर पर उन्हें विनम्र नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अखंड भारत की गौरवगाथा को एक विराट चेतना में रूपायित कर उसे शिखर पर प्रतिष्ठित करने वाले सम्राट अशोक महान ने अपने 'धम्म' के दिव्य प्रकाश से पूरे युग को आलोकित किया। उनका जीवन त्याग, करुणा और लोककल्याण की भावना का अनुपम उदाहरण है। कलिंग युद्ध के उपरांत सम्राट अशोक का आत्मपरिवर्तन मानवता के इतिहास की एक अद्वितीय घटना है, जहां एक विजेता ने हिंसा का मार्ग त्यागकर करुणा, शांति और सेवा का पथ अपनाया। उनके इसी परिवर्तन के कारण 'धम्म' का संदेश भारत की सीमाओं से निकलकर दूर-दूर तक फैला और अनेक देशों में बौद्ध धर्म का प्रसार हुआ। सम्राट अशोक द्वारा प्रसारित शांति, सह-अस्तित्व और नैतिक अनुशासन के सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और संपूर्ण विश्व को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। सम्राट अशोक के शासनकाल की सबसे बड़ी विशेषता उनकी जनकल्याणकारी नीतियां और सुदृढ़ न्याय व्यवस्था थी, जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर गरीब और वंचितों के साथ न्याय किया जाता था। प्रदेशवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी सम्राट अशोक के आदर्शों से प्रेरणा लेकर एक सशक्त, समृद्ध और समरस राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गांव, गरीब, किसान और वंचित वर्ग को सशक्त किया जा रहा है।

# देवीपाटन मंदिर महंत के साथ एएसपी ने किया मेला क्षेत्र का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक ने आदिशक्ति मां पाटेश्वरी देवी मंदिर, तुलसीपुर में लगे चैत्र नवरात्रि मेले का श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया ।

जानकारी के अनुसार 26 मार्च को अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर थाना तुलसीपुर क्षेत्रांतर्गत स्थित आदिशक्ति मां पाटेश्वरी देवी मंदिर परिसर व मेला परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया ?। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्गों, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरों तथा ड्यूटी में तैनात



पुलिस बल की सतर्कता का अवलोकन किया । अपर पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी में लगे समस्त अधिकारी कर्मचारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगम दर्शन, भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । अपर पुलिस अधीक्षक ने मंदिर प्रवेश एवं निकास मार्ग निरीक्षण के दौरान देखा कि एक महिला श्रद्धालु को, जो बहुत थकी हुई और व्याकुल लग रही थीं, धैर्य बंधाया और मिशन शक्ति टीम कर्मचारियों की मदद से उनका सुगम (आसान) दर्शन सुनिश्चित कराया । उन्होंने निर्देशित किया कि भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए, संदिग्ध व्यक्तियों वस्तुओं पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत मिशन शक्ति टीम सक्रिय रूप से कार्य करे। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए । जनपद पुलिस द्वारा चैत्र नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है । इस दौरान प्रभारी निरीक्षक तुलसीपुर सुधीर कुमार सिंह मेला प्रभारी अपनी टीम व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रशासन की जनता से अपील, पेट्रोल डीजल की है पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों के कारण बढ़ी खपत

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जनपद के विभिन्न पेट्रोल पंपों से प्राप्त अद्यतन आंकड़ों एवं विस्तृत विश्लेषण के आधार पर यह अवगत कराया जाता है कि जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति पूर्णतः सामान्य एवं सुचारु रूप से संचालित हो रही है। जनपद में कहीं भी ईंधन की वास्तविक कमी की स्थिति नहीं है। ।मान्य दिनों (24 मार्च से पूर्व) की तुलना में दिनांक 25 मार्च को पेट्रोल एवं डीजल की खपत में असामान्य रूप से वृद्धि दर्ज की गई, जो पूर्णतः अफ्वाहों के कारण उत्पन्न पैनिक बाइंग का परिणाम है। जनपद में आई0ओ0सी0एल , बी0पी0सी0एल एवं एच0पी0सी0एल0 के 88 पेट्रोल पंपों पर सामान्य दिनों की तुलना में 25 मार्च को डीजल एवं पेट्रोल की लगभग तीन गुना अधिक खपत दर्ज की गई। इसके बावजूद जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है , जो यह दर्शाता है कि आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह मजबूत एवं प्रभावी है। तेल कंपनियों के साथ सतत समन्वय स्थापित करते हुए सभी पेट्रोल पंपों पर नियमित टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। वितरण व्यवस्था की निरंतर निगरानी की जा रही है ताकि कहीं भी बाधा उत्पन्न न हो। जनपद के सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। कुछ पंपों पर अस्थायी रूप से स्टॉक कम अवश्य हुआ है, किन्तु वहां भी नियमित रूप से टैंकरों द्वारा आपूर्ति की जा रही है। प्रत्येक पंप पर न्यूनतम 4दृ5 दिन का बफ्र स्टॉक सुनिश्चित करना। जनपद में ईंधन की कोई वास्तविक कमी नहीं है। वर्तमान दबाव केवल अफ्वाहों के कारण उत्पन्न स्थिति है। सभी नागरिकों से अपील है कि वे आवश्यकतानुसार ही पेट्रोल एवं डीजल की खरीद करें तथा अनावश्यक संग्रह से बचें।

## सरकारी अस्पताल पर गंभीर आरोप: मुफ्त दवा के बजाय बाहर की महंगी दवाएं लिखने का मामला

जन एक्सप्रेस | अमेठी

संग्रामपुर विकास खंड क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।यहां आने वाले मरीजों ने आरोप लगाया है,कि डॉक्टर सरकारी स्टॉक में उपलब्ध दवाओं के बजाय बाहर की महंगी दवाएं लिख रहे हैं,जिससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।मरीजों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में मुफ्त दवा मिलने की उम्मीद से वे यहां आते हैं,लेकिन उन्हें बाहर की मेडिकल दुकानों से दवा खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है।कई मरीजों ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल में आवश्यक दवाएं उपलब्ध होने के बावजूद डॉक्टर उन्हें नजरअंदाज कर रहे हैं।इस मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब डॉक्टर द्वारा बाहर की दवा लिखे जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और मरीजों में आक्रोश बढ़ गया है।स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध दवाओं को प्राथमिकता से मरीजों को दिया जाना चाहिए।ऐसे में यदि आरोप सही पाए जाते हैं,तो यह न केवल नियमों का उल्लंघन है।बल्कि मरीजों के अधिकारों का भी हनन है।स्थानीय लोगों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही दोषी डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और अस्पताल में दवा वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की भी अपील की है। फिलहाल प्रशासन की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है,लेकिन वायरल वीडियो के बाद जांच की संभावना जताई जा रही है।

# राम दरबार की मनमोहक झांकी ने बांधा समां, प्रधानाचार्य ने दिया संस्कार और मर्यादा का संदेश




जन एक्सप्रेस | रायबरेली

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में चैत्र नवरात्रि की अष्टमी एवं राम नवमी के पावन अवसर पर श्रद्धापूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ भगवान श्री राम और माँ दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण राम दरबार की सजीव झांकी रही, जिसमें भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी के स्वरूप में सजे विद्यार्थियों ने अपनी भाव-भंगिमाओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य ने राम दरबार में विराजमान विद्यार्थियों को श्रद्धापूर्वक मिष्ठान वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य प्रजापति ने बताया कि राम नवमी और अष्टमी केवल धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि हमें मर्यादा, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और संस्कारों का संदेश देने वाले पावन अवसर हैं, भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, धैर्य और आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देता है, वहीं माता दुर्गा हमें शक्ति, साहस और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने की सीख देती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और एक अच्छे नागरिक बनकर समाज और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह, रामदेव, सुशील सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाई द्वारा बहन को पेट्रोल से जलाने वाली बहन की हालत गंभीर,दिल्ली रेफर

**अलीगढ़।** थाना अतरौली क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है,जहां एक युवती को उसके तहेरे भाई ने पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया।गंभीर रूप से झुलसी युवती की हालत नाजुक बनी हुई है और उसे बेहतर इलाज के लिए दिल्ली रेफर किया गया है।पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है,जबकि अन्य की तलाश जारी है।विवाद के बाद वारदात को दिया अंजाम जानकारी के अनुसार,पीड़िता के पिता जयवीर सिंह दिवाकर का रविवार सुबह अपने भाई किताब सिंह और नीरू से विवाद हो गया था। दोनों पक्षों में मारपीट भी हुई,जिसे ग्रामीणों ने शांत करा दिया था, लेकिन इसी रंजिश में बाद में घटना को अंजाम दिया गया।मंदिर जाते समय बीच रास्ते रोका 18 वर्षीय रश्मि, जो कक्षा 10 की छात्रा है, नवरात्रि के दौरान घर में पूजा करने के बाद गांव के पथवारी मंदिर जा रही थी। तभी आरोपियों ने उसे बीच चौराहे पर रोक लिया।पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश आरोप है कि हमलावरों ने बोतल में भरा पेट्रोल रश्मि के ऊपर डालकर माचिस से आग लगा दी।

# ईंधन संकट गहराया: पेट्रोल पंप पर विवाद, भीड़ का हमला, पुलिस से भी अभद्रता

जन एक्सप्रेस | अमेठी



जनपद सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों ईंधन संकट बढ़ता जा रहा है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ईंधन वितरण को लेकर कई जगह से विवाद की स्थिति भी बन गई।मोहनगंज थाना क्षेत्र के जगदीशपुर रोड स्थित सुंदरी नारायण फिलिंग स्टेशन पर लाइन से तेल देने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि स्थिति हिंसक हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पेट्रोल पंप पर लगी लंबी कतार के बीच पहले उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच कहासुनी हुई।इसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए।और आरोप है कि भीड़ ने पेट्रोल पंप कर्मचारियों पर हमला कर दिया,जिससे अफरा-तफरी मच गई।सूचना पर पहुंची मोहनगंज पुलिस को भी लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा।बताया जा रहा है,कि कुछ लोगों ने पुलिस के साथ अभद्रता की और पुलिस की गाड़ी पर चढ़कर उसे रोकने का प्रयास किया।इस दौरान स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई।पुलिस ने किसी तरह हालात को काबू में किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है प्रशासन द्वारा दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की बात कही जा रही है।साथ ही लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है। *घरेलू गैस के साथ पेट्रोल - डीजल की भी किल्लत* आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों ईंधन संकट लगातार बढ़ता जा रहा है।गौरीगंज मुंशीगंज जायस बहादुरपुर मोहनगंज, तिलोई सेमरौता,जामो शिवरतनगंज और राजा फत्तेपुर क्षेत्रों में पेट्रोल और डीजल की किल्लत के साथ-साथ अब घरेलू गैस की समस्या भी गहरा गई है।पेट्रोल पंपों पर जहां सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं,वहीं एलपीजी गैस उपभोक्ताओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।लोगों का कहना है कि न तो गैस की बुकिंग समय से हो पा रही है।और न ही बुकिंग के बाद समय पर सिलेंडर मिल पा रहा है।ग्रामीणों के अनुसार, कई दिनों से गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं मिल रहा है।इससे रसोई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है।और लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।स्थिति यह है कि ईंधन की कमी के कारण कुछ स्थानों पर उपभोक्ताओं के बीच कहासुनी और झगड़े की घटनाएं भी सामने आ रही हैं।स्थानीय लोग प्रशासन से जल्द से जल्द आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग कर रहे हैं।प्रशासन का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर आपूर्ति सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं।यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो जनजीवन पर इसका व्यापक असर पड़ सकता है।

## रायबरेली में पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाहय्पंपों पर लगी लंबी कतारें

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

रायबरेली जनपद में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध की खबरों के कारण पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाह फैल गई। इस अफवाह के बाद क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे लंबी-लंबी कतारें लग गईं और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सदर कोतवाली क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप में स्थिति यह रही कि लोग अपनी गाड़ियों की टंकी फुल कराने के लिए घंटों लाइन में लगे रहे। बाइक सवारों के साथ-साथ किसान भी प्लास्टिक ड्रम और पिपिया लेकर डीजल भरवाने के लिए कतार में खड़े दिखाई दिए। ट्रैक्टर और कार चालकों की भी लंबी लाइनें देखने को मिलीं। पेट्रोल-डीजल की कमी की खबर सुनते ही व्यापारी, किसान, ग्रामीण और अन्य वर्ग के लोग भी बड़ी संख्या में पंपों पर पहुंचने लगे। आसपास के जिलों में भी इसी तरह की भीड़ की खबरें सोशल मीडिया के जरिए फैलने से स्थिति और अधिक संवेदनशील हो गई। भीड़ को नियंत्रित करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एडीएम प्रशासन, आपूर्ति निरीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। अधिकारियों ने लोगों को लाइन में लगवाकर शांतिपूर्ण तरीके से पेट्रोल और डीजल का वितरण सुनिश्चित कराया। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अपनी आवश्यकतानुसार ही पेट्रोल-डीजल खरीदें। इससे अनावश्यक भीड़ और अव्यवस्था से बचा जा सकेगा तथा स्थिति सामान्य बनी रहेगी। जिला प्रशासन ने जनता को बताया कि जिले में पेट्रोल डीजल की कोई कमी नहीं है।

## अष्टमी पर निकली काली जी की भव्य शोभायात्रा, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

नगर में अष्टमी के पावन अवसर पर मां काली जी की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे रास्ते जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा का शुभारंभ मंदिर परिसर से किया गया, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद मां काली की आकर्षक झांकी सजाई गई। सजे-धजे स्वरूप में मां काली की प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान भक्तों ने ह्लजय मां कालीह्व के जयकारे लगाए और ढोल-नगाड़ों की धुन पर भक्ति गीतों के साथ वातावरण गूंज उठा। आयोजन में युवाओं का खासा उत्साह देखने को मिला, वहीं सुरक्षा और व्यवस्था के लिए समिति के सदस्यों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

### पुलिस ने भैंस चोरी के सात आरोपियों को भेजा जेल

**अलीगढ़।** थाना इगलास पुलिस ने भैंस चोरी के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने गांव जवार में संचालित एक अवैध कट्टीघर का भंडाफोड़ किया, जहां से कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने इगलास, गोरई, खैर और दादों थाना क्षेत्रों में हुई भैंस चोरी की कई घटनाओं को स्वीकार किया है।एसएसपी अलीगढ़ नीरज जादौन के निर्देश पर थाना इगलास और गोरई पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गांव जवार में छापा मारा।यहां एक चारदीवारी के भीतर अवैध कट्टीघर संचालित मिलता पाया गया। मौके से कट्टीघर के संचालक हाजी अलीम, शकीर, मीनू, अज्जो निवासी जवार शकील, फहीम और सारीक निवासी डिंग गेट, मथुरा को गिरफ्तार किया गया।जबकि नईम, सलीम और इमरान मौके से फरार हो गए,जिनकी तलाश जारी है।इंस्पेक्टर इगलास अवधेश कुमार ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से तीन भैंस, एक ऑटो,दो बाइक,एक कुल्हाड़ी,तीन छुरे,एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा और लकड़ी का गट्टा बरामद किया गया है। मौके से पशुओं के कटे हुए अवशेष भी मिले।सभी आरोपियों को संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार आरोपी पहले गांवों में रेकी करते थे और फिर रात के समय भैंस चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।उन्होंने टमोटिया,नगला अमर सिंह,परेनी,इस्माइलपुर,कंचनपुर और थाना खैर क्षेत्र के कई स्थानों से भैंस चोरी करने की बात स्वीकार की है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी कई पुराने मुकदमों में भी वांछित थे।

## नवनिर्माण के 09 दिवसीय मेले/प्रदर्शनी समापन के अवसर पर जनपद स्तरीय जायद उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आर0डी0ए0 के सामुदायिक केंद्र, रतापुर में 09 दिवसीय आयोजित मेले/प्रदर्शनी कार्यक्रम समापन के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा जनपद स्तरीय जायद उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आज जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धि लाल पासी द्वारा कृषि विभाग की संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों/कृषकों को पॉवर स्प्रेयर, बीज कीट एवं सोलर पम्प के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सूचना एवं सांस्कृतिक विभाग के पंजीकृत दलों द्वारा कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि उ0प्र0 सरकार के कार्यकाल के 09 वर्ष पूर्ण होने पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुचाना व समाज के अन्तिम व्यक्ति तक उन योजनाओं का लाभ पहुचाना, जिससे कि कोई भी पात्र लाभ से वंचित न रहें। इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुचाना व समाज के अन्तिम व्यक्ति तक उन योजनाओं का लाभ पहुचाना, जिससे कि कोई भी पात्र लाभ से वंचित न रहें। उन्होंने कहा कि आज अंतिम दिवस पर कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कृषकों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से कृषको को लाभ दिया जा रहा है। किसानों की आय में बढ़ाने के लिए सरकार निरन्तर प्रयासरत है, किसानों को समृद्ध बनाने के लिए सरकार की बहुत सी योजनाएं संचालित की गई है। जनसामान्य उन योजनाओं की जानकारी ले व उसका लाभ उठायें। उप कृषि निदेशक विनोद कुमार ने उपस्थित कृषिकों व लाभार्थियों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। मंच का संचालन एस0एस0 पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य इरफानुल्लाह खान, भूमि संरक्षण अधिकारी जगदीश यादव, क्षेत्रीय प्रबंधक इफको विनोद कुमार सिंह, कौशल विकास मिशन प्रबंधक वंदना सिंह, कृषि वैज्ञानिक के0के0 सिंह, शिवेंद्र सिंह, संतोष सिंह चौहान, अनुज मौर्य सहित अन्य अधिकारी/ लाभार्थी एवं कृषिकगण उपस्थित रहे।

# कौशल विकास और पारंपरिक शिल्प से महिला सशक्तिकरण को नई दिशा

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

एनटीपीसी द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) के अंतर्गत समाज के समग्र विकास के लिए बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं के कौशल विकास, रोजगार सृजन और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर कंपनी का विशेष फोकस है। कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची ङ्कढ्ढ के अनुरूप एनटीपीसी लगातार व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर और रोजगारपरक बनाने की दिशा में कार्यरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को संसाधनों, प्रशिक्षण और बाजार तक सीमित पहुंच के कारण कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए एनटीपीसी ऊंचाहार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम उठाए हैं। इस पहल के तहत महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण के साथ-साथ उत्पाद विकास, विपणन और उद्यमिता की जानकारी भी दी गई, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। इसी क्रम में मूंज शिल्प के पुनर्जीवन और संवर्धन को विशेष महत्व दिया गया है। मूंज एक प्राकृतिक घास है, जो पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। स्थानीय स्तर पर वर्षों से इससे उपयोगी और सजावटी वस्तुएं बनाई जाती रही हैं। एनटीपीसी ऊंचाहार की इस पहल के तहत पुरवारा गांव की 30 से अधिक महिलाओं को मूंज शिल्प का व्यवस्थित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कच्चे माल का चयन, डिजाइन विकास, उत्पाद निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण और फिनिशिंग जैसी तकनीकों की जानकारी दी गई। इसके परिणामस्वरूप महिलाएं कुशल कारीगर बनने के साथ-साथ आत्मविश्वासी और उद्यमशील भी बनीं। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं ने पेन होल्डर, टोकरी, पूजा टोकरी, कोस्टर, दीवार सजावट सामग्री और टेबल रनर जैसे आकर्षक उत्पाद तैयार किए, जिन्हें विभिन्न मेलों और प्रदर्शनियों में प्रदर्शित और विक्रय किया गया। इससे उन्हें आय के नए अवसर प्राप्त हुए और उनके कार्य को पहचान मिली। इस पहल की झलक प्रियदर्शिनी लेडीज़ क्लब, एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा आयोजित किशोरी मेले में भी देखने को मिली, जहां महिलाओं ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया और सीधे ग्राहकों से संवाद स्थापित किया। इसके अलावा महिलाओं को स्व-सहायता समूहों (सात्तह्य) के रूप में संगठित कर सामूहिक उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। वित्तीय साक्षरता और बाजार से जुड़ाव के प्रयासों ने इस पहल को और प्रभावी बनाया है। एनटीपीसी ऊंचाहार की यह पहल न केवल पारंपरिक शिल्प के संरक्षण का उदाहरण है, बल्कि महिला सशक्तिकरण, सतत आजीविका और समावेशी विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक मॉडल भी प्रस्तुत करती है।

## बाल संरक्षण को लेकर पार्षदों संग बनी रणनीति, सभी वार्डों में सक्रियता पर जोर

**अलीगढ़।** बच्चों के अधिकार, संरक्षण और पुनर्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से नगर में एक अहम कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्थानीय कोणार्क होटल में आयोजित इस कार्यशाला में पार्षदों के साथ मिलकर बाल संरक्षण को वार्ड स्तर तक प्रभावी बनाने की रणनीति तैयार की गई। बाल संरक्षण अधिकारी अपर्णा कुलश्रेष्ठ ने कहा कि वर्ष 2006 में लागू बाल संरक्षण अधिनियम का उद्देश्य बच्चों को शोषण, हिंसा और उपेक्षा से बचाना है। चाइल्ड फंड इंडिया पेस-दिशा संस्था इसी लक्ष्य को लेकर शहर में कार्य कर रही है और समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है। सरोजनी नायडू विद्यालय के प्रधानाचार्य भगवानदास शंखवार ने कहा कि भारतीय संविधान में भी बाल अधिकारों को विशेष महत्व दिया गया है, इसलिए बच्चों के समग्र विकास के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

चिराग सोसायटी के डॉ. जफर आलम ने बाल अधिकारों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि बाल कल्याण समिति के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को संरक्षण और सहायता प्रदान की जा रही है।

# आरेडिका में अखिल रेल हिंदी नाट्योत्सव का भव्य समापन

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली (आरेडिका) में 21 मार्च से 25 मार्च 2026 तक आयोजित अखिल रेल हिंदी नाट्योत्सव का भव्य समापन गरिमामयी माहौल में हुआ। समापन समारोह में महाप्रबंधक विवेक खरे, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, रेलवे बोर्ड की निदेशक राजभाषा डॉ वी सगुणा तथा उपनिदेशक सतविंदर सिंह की उपस्थिति रही। महाप्रबंधक विवेक खरे ने अपने संबोधन में कहा कि रेलवे बोर्ड द्वारा आरेडिका को दूसरी बार इस स्तर के राजभाषा कार्यक्रम की मेजबानी का अवसर दिया जाना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि विभिन्न रेलवे की नाट्य प्रस्तुतियां विचार, भाव और प्रेरणा से परिपूर्ण रहीं। नाटक केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने का सशक्त माध्यम है। निदेशक राजभाषा डॉ. वी सगुणा ने आयोजन की व्यवस्थाओं-आवास, परिवहन और भोजन-की सराहना की। नाट्योत्सव में निर्णायक मंडल की भूमिका चित्रा मोहन, विवेक श्रीवास्तव और अर्पित मिश्रा ने निभाई। निर्णायकों ने सभी प्रस्तुतियों को उच्च स्तर का बताते हुए विजेताओं का चयन चुनौतीपूर्ण बताया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मध्य रेलवे के नाटक ÷आधे-अधूरे÷ को मिला, जबकि दक्षिण मध्य रेलवे के ÷अखण्ड पर्व÷ ने द्वितीय और पूर्वोत्तर रेलवे के ÷प्रेशर÷ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा पांच प्रेरणा पुरस्कार भी विभिन्न नाटकों को प्रदान किए गए। व्यक्तिगत श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार किशोर कुमार (पूर्वोत्तर सीमा रेलवे), सर्वश्रेष्ठ अभिनेता संतोष सुरेश वेलेस्कर (मध्य रेलवे) और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री प्रियंका फुलझेले (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे) को मिला। साथ ही वेशभूषा, रूप सज्जा, स्क्रिप्ट लेखन, संगीत, मंच सज्जा और प्रकाश परिकल्पना सहित कुल 15 श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए गए। आरेडिका के नाटक ÷परिणति÷ के लिए विशेश्वर प्रसाद को सर्वश्रेष्ठ स्क्रिप्ट लेखन और साक्षी कुमारी को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का पुरस्कार मिला, जो संस्थान के लिए गौरव का विषय रहा। कार्यक्रम के अंत में उपमुख्य राजभाषा अधिकारी अभिनव यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विभिन्न रेलवे जोनों, प्रशिक्षण संस्थानों और उत्पादन इकाइयों की 21 टीमों के कलाकारों सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आर.एन. तिवारी द्वारा दी गई।

बड़े झूमके और रेड अनारकली सूट में धुरंधर

# आयशा खान

## खान ने ढाया गजब, हर तस्वीर में दिखा अलग ही अंदाज



**एक्ट्रेसआयशा खान इन दिनों अपनी फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसके पहले पार्ट में उनके डांस ने दर्शकों का खूब ध्यान खींचा था। वहीं, बीते दिन ईद के खास मौके पर उन्होंने अपने फैंस को एक शानदार सरप्राइज दिया।**

एक्ट्रेसआयशा खान इन दिनों अपनी फिल्म 'धुरंधर्ः द रिवेंज' को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसके पहले पार्ट में उनके डांस ने दर्शकों का खूब ध्यान खींचा था। वहीं, बीते दिन ईद के खास मौके पर उन्होंने अपने फैंस को एक शानदार सरप्राइज दिया। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनका ट्रेडिशनल अंदाज देखते ही बन रहा है। एक्ट्रेस की ये तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं।

आयशा खान ने इस खास मौके के लिए रेड अनारकली सूट चुना, जो एकदम फेस्टिव और रॉयल वाइब दे रहा है।आउटफिट का फ्लेयर्ड डिजाइन उनके पूरे लुक को बेहद ग्रेसफुल बना रहा है। उनके अनारकली सूट पर किया गया



गोल्डन बॉर्डर और बारीक कढ़ाई का काम इसे और खास बना रहा है।

ड्रेस की डिटेलिंग क्लासी और रिच फील देती है, जिससे पूरा लुक प्रीमियम नजर आता है।

आयशा ने अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए मैचिंग रेड दुपट्टा कैरी किया, जिस पर हल्का गोल्डन वर्क है।

इसके साथ उन्होंने एलिगेंट झूमके पहने, जो उनके ट्रेडिशनल लुक को और निखार रहे हैं।आउटफिट का नेक डिजाइन भी काफी आकर्षक है, जिसने पूरे लुक में चार चांद लगा दिए।

हल्के आई मेकअप और न्यूड टोन लिप्स ने उनके लुक को बैलेंस किया। बालों को उन्होंने सॉफ्ट कर्ल्स के साथ खुला रखा, जो सिंपल होने के बावजूद बेहद आकर्षक लग रहे हैं।फैंस आयशा खान के इस फेस्टिव स्टाइल की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

# रवीना टंडन

## के कॉस्ट्यूम पर ऐसे नजर रखती थीं करिश्मा कपूर, दोनों के बीच था तगड़ा विवाद



बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन और करिश्मा कपूर 90 के दशक की दो बड़ी हीरोइन रही हैं। दोनों ने साथ फिल्मों में काम किया और इनके बीच विवाद की खबर भी सामने आई। लेकिन क्या आप जानते हैं उन दिनों करिश्मा, रवीना टंडन के आउटफिट्स पर नजर रखती थीं। बाद में अपने लिए भी कुछ वैसे ही स्टाइलिंग करती थीं। उस दौर में दोनों के बीच अच्छा रिश्ता नहीं था, इस बारे में खुद फराह खान ने भी अपने व्लॉग में बात की थी।

अब दोनों के डिज़ाइनर रहे एशले रेबेलो ने इनके बीच कॉस्ट्यूम, स्क्रीन अपीयरेंस कम्पटीशन की बात की है। एशले ने बताया कि करिश्मा के आउटफिट्स पर नजर रखती थीं।



**ऐसे डिज़ाइनर की मदद के लिए आगे आई थीं रवीना**

एशले ने हाल में अविनाश त्रिपाठी के साथ बातचीत में बताया कि उन्होंने आमिर खान की फिल्म जो जीता वही सिकंदर के एक्टर्स के आउटफिट्स के लिए काम किया था। बाद उन्हें अच्छा काम नहीं मिला तो वो प्रोडक्शन के काम से जुड़ गए। इसी दौरान उनकी मुलाकात रवीना टंडन से हुई। एशले ने बताया कि वो एक ऐड शूट के दौरा रवीना से मिले। आखिरी मिनट पर उन्होंने ही रवीना के फेल हुए डिज़ाइनर आउटफिट को फिक्स किया। रवीना उस समय जानती नहीं थीं कि वो वही एशले रेबोलो हैं जिन्होंने जो जीता वही सिकंदर के लिए काम किया था। एशले ने बताया कि उन्हें अच्छा काम नहीं मिल रहा है। तब रवीना ने कहा था कि उन्हें लोगों का इंतजार नहीं करना चाहिए कि वो काम देंगे, उन्हें मांग लेना चाहिए। रवीना की ये बातें सुन एशले ने उन्हीं से काम मांग लिया। इसके बाद उन्हें रवीना के डिज़ाइनर के तौर पर फिल्म अंदाज अपना अपना मिली।

**रवीना के आउटफिट पर नजर रखती थीं करिश्मा**

फिल्म अंदाज अपना अपना के लिए एशले ने ही रवीना के आउटफिट डिज़ाइन किए थे। इसी फिल्म में करिश्मा कपूर भी हीरोइन थीं। एशले ने कहा कि उस समय करिश्मा अपनी टीम में से किसी को रवीना का कॉस्ट्यूम चेक करने के लिए भेजती थीं। एशले ने कहा कि करिश्मा पता करती थीं कि रवीना के आउटफिट क्या है, उन्हें किसने डिज़ाइन किया है, क्या बनाया गया है।

## 'प्लीज बस...' मनीष मल्होत्रा के घर पहुंचीं काजोल, हाथ दिखाकर पैप्स को फोटोज लेने से किया मना, वायरल हुआ वीडियो




बॉलीवुड के दिग्गज फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के लिए ये दौर मुश्किलों से भरा है. उनकी मां गरिमा मल्होत्रा ने 94 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया. बीते 19 मार्च को उनका निधन हो गया. वो पिछले कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रही थीं. मनीष मल्होत्रा अपनी मां के बेहद करीब थे और उन्हें अपनी सफलता का सबसे बड़ा श्रेय देते थे, ऐसे में इस समय उनके करीबियों का मनीष के घर आना-जाना लगा हुआ है.इसी बीच एक्ट्रेस काजोल भी अपने दोस्त से मिलने के लिए उनके घर पहुंचीं. एक्ट्रेस को इस मौके पर एकदम सिम्पल अटायर में देखा गया. काजोल ने एक ब्लैक बटन शर्ट और उसके साथ जींस पहनी थी. साथ ही उन्होंने सनग्लास भी लगाया था. एक्ट्रस ने पैप्स को वहां देखा तो उन्हें वहां से जाने के लिए कहा.

**काजोल का वीडियो वायरल**

काजोल का ये वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है. मनीष के घर इस वक्त सितारों का तांता लगा हुआ है. हर दिन कोई न कोई उनके यहां उनसे मिलने के लिए पहुंच रहा है. इसी क्रम में काजोल भी अपने दोस्त का दुख बांटने के लिए वहां पहुंचीं. हालांकि, वहां पैप्स को देखकर काजोल खासी खुश नजर नहीं आईं. जब पैप्स उनकी फोटो खींचने लगे तो काजोल ने पैप्स को हाथ दिखाते हुए वहां से जाने के लिए कहा.

**सोशल मीडिया पर लोग दे रहे राय**

काजोल का ये जेश्चर बिल्कुल गुस्से में नहीं था. वो बस इस मोड़ पर प्राइवसी चाहती थीं. उनके इस वीडियो के बाद सोशल मीडिया पर एक बार फिर प्राइवसी की बहस छिड़ गई है.

आपको बता दें कि कई लोग काजोल को सपोर्ट कर रहे हैं, वहीं कुछ लोगों ने काजोल के इस वीडियो पर सवाल भी उठाए. आपको बता दें कि मनीष मल्होत्रा अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी मां के साथ तस्वीरें शेयर करते थे. उन्होंने कई इंटरव्यू में बताया था कि, जब उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की थी, तब उनकी मां ही थीं, जिन्होंने उनके कपड़ों और सिनेमा के प्रति लगाव को समझा और बढ़ावा दिया.

## धुरंधर 2 की यालिना का रोल क्या पाकिस्तानी नेता की बेटी की कहानी से हैं इंस्पायर्ड? सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस




रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2: द रिवेंज' सिर्फ एक्शन और ट्विस्ट की वजह से ही नहीं, बल्कि अपने किरदारों की गहराई की वजह से भी चर्चा में है. फिल्म के कई किरदार काफी कमाल का है, खासकर फिल्म में यालिना का किरदार लोगों को काफी दिलचस्प लगा है. स्क्रीन पर मासूम, मजबूत और इमोशनल दिखने वाली यालिना लोगों को खूब पसंद आई, लेकिन जहां एक तरफ बात हो रही है कि ये फिल्म किसी की बायोपिक नहीं है, वहीं कुछ लोग यालिना के किरदार को इंस्पायर्ड बता रहे हैं, आइए जानें आखिर ये किससे इंस्पायर है?

'धुरंधर्ः द रिवेंज' के ट्विस्ट, प्लॉट्स को लोगों ने खूब पसंद किया है, हालांकि जहां धुरंधर का पहला पार्ट आने के बाद लोगों ने हमजा के किरदार को भी किसी न किसी से इंस्पायर बताया था, वहीं दूसरे पार्ट के बाद यालिना के रोल के साथ भी ऐसा हो रहा है. चर्चा शुरू होने के बाद 'क्या ये किरदार किसी असली शख्सियत पर आधारित है या पूरी तरह काल्पनिक है,' इसी सवाल ने फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है.

**सारा अर्जुन ने निभाया किरदार**

फिल्म में यालिना का किरदार एक्ट्रेस सारा अर्जुन ने निभाया है, जो कहानी में सिर्फ एक लव इंटरेस्ट नहीं बल्कि एक बेहद अहम कड़ी के रूप में सामने आती है. यालिना जमाली एक ऐसे राजनीतिक परिवार से आती है, जहां ताकत, राजनीति और साजिशें रोजमर्रा का हिस्सा हैं. हालांकि, फिल्म में क्लियर किया गया है कि सभी किरदार फिक्शनल हैं, लेकिन यालिना के किरदार को लोगों ने अब पाकिस्तानी राजनेता की बेटी से जोड़ना शुरू कर दिया है.

**किससे इंस्पायर कह रहे लोग**

फिल्म में यालिना के पिता जमील जमाली का किरदार एक असली पाकिस्तानी पॉलिटिशियन से इंस्पायर्ड बताया जाता है. इसी वजह से यालिना का किरदार भी उसी राजनीतिक और सामाजिक माहौल से प्रभावित दिखाया गया है. सोशल मीडिया पर इसको लेकर चर्चा हो रही है, जिसमें लोगों ने इस किरदार को पाकिस्तानी राजनेता नबील गबोल की बेटी माहीन बोल से इंस्पायर्ड बताया है. हालांकि, इसकी कोई कंफर्मेशन नहीं है, लेकिन इसको लेकर बात काफी हो रही है.

**करा दी गई किसी और से शादी**

बताया जा रहा है कि माहीना, उजैर बलोच के गैंग के किसी मेंबर के साथ रिश्ते में थी, लेकिन जब इसका पता उनके पिता नबील को लगा, तो उन्होंने माहीन को कुवैत भेज दिया. माहीन को कुबैत भेजे जाने के कुछ वक्त बाद ही, 5 दिसंबर, 2025 को दिवंगत इलाही बक्स सूमरो के पोते मौला बक्स सूमरो से उनकी शादी हो गई. ये कंफर्म करना मुश्किल है कि ये खबरें सही हैं या नहीं, क्योंकि पहले भी कहा जा चुका है कि फिल्म काल्पनिक है, न कि किसी की जीवनी पर आधारित.

▸ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# अनुसूचित जाति आरक्षण-जनजातीय बिना अधूरा है पर अच्छा है सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय

**धर्मांतरण कुचक्र का लक्ष्य अपनी संख्या बढ़ाने और टेक्टिकल वोटिंग के माध्यम से निर्णय प्रक्रिया में हावी होने का रहता है। इस विषय में यह भी ध्यान देना चाहिए कि दो कथित धर्म की मूल व्याख्याओं में ही अपनी संख्या को येन केन प्रकारेण बढ़ाने का मूल लक्ष्य सम्मिलित है। यह एक प्रामाणिक तथ्य है जिसे हम इनकी मजहबी किताबों में सरलता दे देख सकते हैं। यहीं से मतांतरण एक राष्ट्र विरोधी कार्य बन जाता है। भारत में ईसाईयत एवं इस्लाम की विस्तारवादी दुष्प्रवृत्ति मतांतरण का प्रमुख कारण है। ईसाईयत एवं इस्लाम दुष्प्रवृत्ति ने भारत के जातीय वर्गीकरण में असंतोष, भेद, विभेद, मतभेद, दूरियों के बीज बोए और सत्ता हथियाकर भारतीय धन-संपदा, संसाधनों को भरपूर लूटा है।**

*भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने अनुसूचित जाति के संदर्भ में अत्यंत ही महत्वपूर्ण निर्णय दिया है। इस निर्णय से धर्मांतरण के अवैध व असामाजिक कृत्यों से देश को अंशतः मुक्ति मिलेगी। यद्यपि यह निर्णय अभी अधूरा है, जनजातीय समाज को भी इस निर्णय में सम्मिलित करने से ही देश आरक्षण के दुरुपयोग को रोक पायेगा, तथापि, इस निर्णय से भारत में आरक्षण कानून की आत्मा की अंशतः रक्षा तो होगी ही। यद्यपि यह निर्णय समय की माँग के अनुसार जनजातीय वर्ग को अपने प्रभाव में नहीं ले रहा है तथापि इस प्रकार के निर्णय की प्रतीक्षा देश का अनुसूचित जनजातीय समाज बड़ी आतुरता से कर रहा है। शीर्ष न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि अनुसूचित जाति के अंतर्गत मिलने वाले आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं को मिलेगा जो मूल रूप से उस सामाजिक-धार्मिक श्रेणी में बने रहते हैं। यदि कोई व्यक्ति धर्म परिवर्तन कर लेता है, तो वह स्वतः उस आरक्षण के अधिकार से वंचित हो सकता है, क्योंकि यह आरक्षण ऐतिहासिक सामाजिक वर्गीकरण के आधार पर दिया गया है। यह निर्णय केवल एक कानूनी व्याख्या नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता को, सामाजिक संरचना को व हिंदुत्व के विरुद्ध चल रहे कुचक्र को रोकने वाला महत्वपूर्ण कदम है। स्वामी विवेकानंद ने धर्मांतरण की आग की आँच को भाँपकर ही कहा था - 'एक धर्मांतरण एक देशद्रोही को जन्म देता है।' भारत में विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारतीय जाति व्यवस्था को षड़यंत्रपूर्वक छिन्न-भिन्न किया गया था। विदेशी आक्रमणकारी चाहे वे मुस्लिम हों या अंग्रेज़ अपने लाभ के लिए भाले-भाले हिंदू समाज में जातियों के आधार पर मतभेद के बीज बोते रहे हैं और सत्ता की फसल काटते रहे हैं। विदेशी आक्रणताओं के षड्यंत्रों के परिणाम स्वरूप ही पराधीन भारत में कई जातियों को हिंदू समाज में घोर उपेक्षा, अनदेखी, अनादरण व अपवंचन का करना पड़ा था। सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया है कि जब कोई व्यक्ति धर्म बदलता है, तो वह उस मूल सामाजिक ढांचे से बाहर आ जाता है, जिसके कारण उसे आरक्षण दिया गया था। यह सही भी है। विदेशी धर्मों को मानने वाले कई लोग धर्म बदलकर भी आरक्षण का लाभ उठा रहे थे जो कि आरक्षण कानून की मूल आत्मा के ही विरुद्ध है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह मंतव्य प्रकट किया है कि ईसाईत व इस्लाम में जाति व्यवस्था का उल्लेख ही नहीं है अतः जातिगत भेद-विभेद भी इन धर्मों में नहीं होते हैं। यह निर्णय ईसाई एवं इस्लामिक की मान्य मजहबी किताबों के आशय / दुराशय को ही आगे बढ़ाता है। बौद्ध, जैन, सिक्ख समुदाय को आरक्षण का लाभ पूर्ववत् मिलता रहेगा क्योंकि इनमें जाति व्यवस्था लागू है। भारतीय समाज में मंथन चलता रहा है कि धर्मांतरण केवल आस्था का विषय है या इसके पीछे सामाजिक, आर्थिक और संस्थागत कारण भी काम करते हैं। अधिकांश धर्म परिवर्तन के मामलों में यह देखा गया है कि गरीब और वंचित वर्गों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार या अन्य सुविधाओं के माध्यम से प्रभावित कर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जाता है। मतांतरण के पीछे केवल और केवल दुराशय ही होते हैं। यह और कुछ नहीं अपितु भारत में जनसांख्यिकीय संतुलन को बिगाड़ कर अपनी संख्या बढ़ाने समाज, सत्ता, व्यवस्था को मजहबी कानून से चलाने का एक षड्यंत्र है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इन्द्र द्वारा छलपूर्वक उसका शीलभंग किए जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्त बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की। लोगों को गंगा नदी पार कराने वाले एक मामूली से नाविक केवट की अपने प्रति अपार श्रद्धा व भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई का दर्जा दिया और उसे मोक्ष प्रदान किया। अपनी परम भक्त शबरी नामक भीलनी के झूठे बेर खाकर शबरी का कल्याण किया।**

# राम के आदर्शों से सजे जीवन का पर्व है रामनवमी



योगेश कुमार गोयल

**महारानी केकैयी ने महाराजा दशरथ से जब राम को 14 वर्ष का वनवास दिए जाने और अपने लाड़ले पुत्र भरत को राम की जगह राजगद्दी सौंपने का वचन मांगा तो दशरथ गंभीर धर्मसंकट में फंस गए थे। वह बिना किसी कारण राम को 14 वर्ष के लिए वनों में भटकने के लिए भला कैसे कह सकते थे और श्रीराम में तो वैसे भी उनके प्राण बसते थे। दूसरी ओर वचन का पालन करना रघुकुल की मर्यादा थी।**

भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में समूचे भारतवर्ष में प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष नवमी को अपार श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ रामनवमी का त्यौहार मनाया जाता है। रामनवमी की तारीख को लेकर इस बार भ्रम की स्थिति बनी हुई है। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल चैत्र महीने के शुक्लपक्ष की नवमी तिथि 26 मार्च को सुबह 11:48 बजे से शुरू होकर अगले दिन 27 मार्च को सुबह 10:06 बजे तक रहेगी। ऐसे में समान्य जन रामनवमी का पर्व 26 मार्च को मनाएंगे जबकि वैष्णव परंपरा से जुड़े लोग उदया तिथि के आधार पर 27 मार्च 2026 को रामनवमी मनाएंगे। रामनवमी के दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सवों का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं तथा अयोध्या स्थित सरयू नदी में पवित्र स्नान कर पंचकोसी की परिक्रमा करते हैं। समूची अयोध्या नगरी इस दिन पूरी तरह राममय नजर आती है और हर तरफ भजन-कीर्तनों तथा अखण्ड रामायण के पाठ की गूंज सुनाई पड़ती है। देशभर में अन्य स्थानों पर भी जगह-जगह इस दिन श्रद्धापूर्वक हवन, व्रत, उपवास, यज्ञ, दान-पुण्य आदि विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है। मान्यता है कि त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या के महाराजा दशरथ की पटरानी महारानी कौशल्या ने मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम को जन्म दिया था। श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इन्द्र द्वारा छलपूर्वक उसका शीलभंग किए जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्त बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की। लोगों को गंगा नदी पार कराने वाले एक मामूली से नाविक केवट की अपने प्रति अपार श्रद्धा व भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई का दर्जा दिया और उसे मोक्ष प्रदान किया। अपनी परम भक्त शबरी नामक भीलनी के झूठे बेर खाकर शबरी का कल्याण किया। महारानी केकैयी ने महाराजा दशरथ से जब राम को 14 वर्ष का वनवास दिए जाने और अपने लाड़ले पुत्र भरत को राम की जगह राजगद्दी सौंपने का वचन मांगा तो दशरथ गंभीर धर्मसंकट में फंस गए थे। वह बिना किसी कारण राम को 14 वर्ष के लिए वनों में भटकने के लिए भला कैसे कह सकते थे और श्रीराम में तो वैसे भी उनके प्राण बसते थे। दूसरी ओर वचन का पालन करना रघुकुल की मर्यादा थी। ऐसे में जब श्रीराम को माता केकैयी द्वारा यह वचन मांगने और अपने पिता महाराज दशरथ के इस धर्मसंकट में फंसे होने का पता चला तो उन्होंने खुशी-खुशी उनकी यह कठोर आज्ञा भी सहज भाव से शिरोधार्य की और उसी समय 14 वर्ष का वनवास भोगने तथा छोटे भाई भरत को



**ऐसे में जब श्रीराम को माता केकैयी द्वारा यह वचन मांगने और अपने पिता महाराज दशरथ के इस धर्मसंकट में फंसे होने का पता चला तो उन्होंने खुशी-खुशी उनकी यह कठोर आज्ञा भी सहज भाव से शिरोधार्य की और उसी समय 14 वर्ष का वनवास भोगने तथा छोटे भाई भरत को राजगद्दी सौंपने की तैयारी कर ली।**

राजगद्दी सौंपने की तैयारी कर ली। श्रीराम द्वारा लाख मना किए जाने पर भी उनकी पत्नी सीता जी और अनुज लक्ष्मण भी उनके साथ वनों में निकल पड़े। वनवास की यात्रा की शुरूआत श्रृंगवेरपुर नामक स्थान से प्रारंभ कर वहां से वे भारद्वाज मुनि के आश्रम में चित्रकूट पहुंचे। उसके बाद विभिन्न स्थानों की यात्रा के दौरान पंचवटी में उन्होंने अपनी कुटिया बनाने का निश्चय किया। यहीं पर रावण की बहन शूर्पणखां की नाक काटे जाने की घटना हुई। उसी घटना के कारण वहां खर-दूषण सहित 14000 राक्षस राम-लक्ष्मण के हाथों मारे गए। यहीं से श्रीराम व लक्ष्मण की अनुपस्थिति में लंका का राजा रावण माता सीता का अपहरण कर उन्हें अपने साथ लंका ले गया। कहा जाता है कि जब सीता का विरह श्रीराम से नहीं सहा गया तो उन्होंने साधारण मनुष्य की भांति विलाप किया लेकिन हिम्मत न हारते हुए सीता जी की खोज में राम-लक्ष्मण जंगलों में भटकने लगे। इसी दौरान उनकी भेंट श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान से हुई, जिन्होंने राम-लक्ष्मण को वानरराज बाली के छोटे भाई सुग्रीव से मिलाया, जो उस समय बाली के भय से यहां-वहां छिपता फिर रहा था। श्रीराम ने बाली का वध करके सुग्रीव तथा बाली के पुत्र अंगद को किष्किंधा का शासन सौंपा और उसके बाद सुग्रीव की वानरसेना के नेतृत्व में लंका पर आक्रमण कर देवताओं पर भी विजय पाने वाले महाप्रतापी, महाबली, महापंडित तथा भगवान शिव के घोर उपासक लंका नरेश राक्षसराज रावण का वध कर सीता को उसके बंधन से मुक्त कराया और लंका पर खुद अपना अधिकार न जमाकर लंका का शासन रावण के छोटे भाई विभीषण को सौंप दिया तथा वनवास की अवधि समाप्त होने पर भैया लक्ष्मण, सीता जी व हनुमान सहित अयोध्या लौट आए। वास्तव में विधि के विधान के अनुसार राम को दुष्ट राक्षसों का विनाश करने के लिए ही वनवास मिला था। उन्होंने अपने मानव अवतार में न तो भगवान श्रीकृष्ण की भांति रासलीलाएं खेली और न ही कदम-कदम पर चमत्कारों का प्रदर्शन किया बल्कि उन्होंने सृष्टि के समक्ष अपने क्रियाकलापों के जरिये ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी वजह से उन्हें 'मर्यादा पुरूषोत्तम' कहा गया। जहां तक राम-रावण के बीच हुए भीषण युद्ध की बात है तो वह सिर्फ दो राजाओं के बीच का सामान्य युद्ध नहीं था बल्कि दो विचारधाराओं का संघर्ष था, जिसमें एक मानव संस्कृति थी तो दूसरी राक्षसी संस्कृति। एक ओर क्षमादान की भावना को महत्व देने वाले व जनता के दुख-दर्द को समझने एवं बांटने वाले वीतरागी भाव थे तो दूसरी ओर दूसरों का सब कुछ हड़प लेने की राक्षसी प्रवृत्ति। रावण अन्याय, अत्याचार व अनाचार का प्रतीक था तो श्रीराम सत्य, न्याय एवं सदाचार के। यही नहीं, सीता जी के अपहरण के बाद भी श्रीराम ने अपनी मर्यादाओं को कभी तिलांजलि नहीं दी। उन्होंने इसके बाद भी रावण को एक महाज्ञानी के रूप में सदैव सम्मान दिया और यह इससे साबित भी हुआ कि रावण की मृत्यु से कुछ ही क्षण पूर्व श्रीराम ने लक्ष्मण को रावण के पास ज्ञान अर्जन के लिए भेजा था। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनकी प्रजा वात्सल्यता, न्यायप्रियता और सत्यता के कारण ही उनके शासन को आज भी 'आदर्श' शासन की संज्ञा दी जाती है और आज भी अच्छे शासन को 'रामराज्य' कहकर परिभाषित किया जाता है। 'रामराज्य' यानी सुख, शांति एवं न्याय का राज्य।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | नवमी 10:07 तक |
| नक्षत्रः | पुनर्वस 15:23 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | अतिगण्ड, 22:09 |
| सूर्योदयः | 06:18 |
| सूर्यास्तः | 18:35 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 10:54-12:26 |
| विक्रमी संवत्: | 2083 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | चैत्र |
| शुभ मुहूर्तः | 12:02-12:50 |

## जन एक्सप्रेस

**फिल्म धुरंधर 2**

*कर रही कमाई खूब ।*
*रही है रुपया छाप ।।*
*फिल्म धुरंधर 2 ।*
*छोड़ रही है छाप ।।*
*बॉक्स ऑफिस कलेक्शन ने ।*
*है मचाया धूम ।*
*दुनिया भर में दर्शक इसके ।*
*रहे आज सब झूम ।।*
*शुरू हो गई पार्टी ।*
*रिकॉर्ड है बनाया ।।*
*फिर आदित्य धर ने ।*
*है सबको चौकाया ।।*
*रच रही इतिहास फिल्म ।*
*सबको रही पछाड़ ।।*
*काम ना आया फिल्म को ।*
*रुकवाने का जुगाड़ ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# घुंघराले बाल डैमेज होने पर कैसे रिपेयर करें?

**घुंघराले** बालों को स्ट्रेट बालों की तुलना में अधिक केयर चाहिए होता है। अगर ऐसा न किया जाए, तो बाल बहुत आसानी से डैमेज हो सकते हैं। हैरानी की बात ये है कि ज्यादातर लोगों को घुंघराले बालों की सही केयर करना नहीं जानते। यहां तक कि जिनके बाल घुंघराले हैं, उन्हें भी नहीं पता है कि अपने बालों की सही तरह से देखभाल कैसे करें? ऐसे में बाल रूखे, बेजान और शुष्क हो जाते हैं।

**हाइड्रेट करें:** वैसे तो जिन लोगों के बाल सीधे हैं, उनके लिए भी यह स्टेप बहुत जरूरी है, लेकन घुंघराले बालों को ज्यादा हाइड्रेशन की जरूरत होती है। सवाल है, ऐसा कैसे कर सकते हैं? विशेषज्ञों की मानें, तो घुंघराले बालों को हाइड्रेट करने के लिए डीप कंडीशनिंग हेयर मास्क लगाएं। आमतौर पर जिन हेयर मास्क में जोजोबा ऑयल हो, वह डीप कंडीशनिंग के लिए अच्छे विकल्प माने जाते हैं। सप्ताह में एक बार घुंघराले बालों पर डीप कंडीशनिंग हेयर मास्क जरूर अप्लाई करें।

**प्रोटीन ट्रीटमेंट लें:** डैमेज घुंघराले बाल शुष्क और बेजान ही नहीं होते हैं, उनका बाउंस भी खत्म हो जाता है। ऐसे में उनकी शाइन भी नजर नहीं आती है।



विशेषज्ञों के अनुसार घुंघराले बालों को हेल्दी बनाने के लिए प्रोटीन ट्रीटमेंट लेना जरूरी होता है। जरूरी नहीं है कि प्रोटीन ट्रीटमेंट के लिए आप पार्लर जाकर हजारों रूपए खर्च करें। बाजार में कई ऐसे हेयर प्रोडक्ट मौजूद हैं, जिनकी मदद से घुंघराले बालों को प्रोटीन ट्रीटमेंट दिया जा सकता है। आप ऐसे प्रोडक्ट चुने, जिसमें हाइड्रोलाइज्ड या व्हीट प्रोटीन है। इससे बालों की इलास्टिसिटी में भी सुधार होता है।

**हेयर केयर रूटीन करें:** घुंघराले बालों को स्पेशल हेयर केयर रूटीन फॉलो करना चाहिए। अगर आपके बाल बहुत ज्यादा घुंघराले हैं, तो ऐसे में ऑयलिंग करना एक बड़ा टास्क हो सकता है। कई बार सही तरह हेयर ऑयलिंग नहीं करने की वजह से स्कैल्प रूखी हो जाती है। अगर आपको स्कैल्प पर ऑयलिंग करने में दिक्कत आ रही है, तो कॉटन की मदद से स्कैल्प के हर हिस्से में तेल लगा सकते हैं। इसके अलावा, बालों को धोने लिए सही शैंपू यूज करें और कंघी करने के लिए मोटे दांतों वाली कंघी ही उपयोग करें।

**स्टाइलिंग टूल्स से दूरी:** जितना संभव हो, घुंघराले बालों पर कम स्टालिंग टूर का उपयोग करें। अक्सर लोगों को लगता है कि घुंघराले बाल हैं, तो वॉल्यूम बहुत ज्यादा होगी। ऐसा जरूरी नहीं है। घुंघराले बालों पर हेयर ड्रायर आदि यूज न करें इससे बालों की प्राकृतिक नमी खत्म हो जाती है, जिससे बालों का शाइन खत्म होता है। घुंघराले बालों पर लीव-इन-मॉइस्चराइजर लगा सकते हैं। इससे बालों में नमी लॉक होती है।

**निष्कर्ष:** घुंघराले बालों की केयर करना मुश्किल नहीं है। बस, आपको हेयर केयर के सभी स्टेप को नियमित रूप से फॉलो करना है। अगर आप बाल डैमेज हो गए हैं, बालों पर हेयर ऑयलिंग करना न भूलें। इसके बाद शैंपू, हेयर कंडीशनर और मास्क का उपयोग भी नियमित रूप से करें। सप्ताह में कितनी बार बाल धोना है, यह आप खुद तय करें। अगर बाल ज्यादा ऑयली हैं और जल्दी-जल्दी गंदे हो जाते हैं, तो सप्ताह में 3 बार हेयर वॉश कर सकते हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# युद्ध, मौसम और बाजार का गठजोड़



प्रो. आरके जैन

**अगर इन चुनौतियों को समय रहते नहीं समझा गया, तो आने वाले दिनों में यह संकट और गहरा सकता है। यह केवल अर्थव्यवस्था की बात नहीं, बल्कि उस भरोसे की भी बात है, जिस पर देश की नींव टिकी है।**

**अब समय है कि समाधान भी उतना ही व्यापक और साहसिक हो जितना यह संकट गहरा है। ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण, किसानों को मजबूत सुरक्षा कवच, एमएसपी पर स्पष्ट नीति और जलवायु के अनुरूप खेती को बढ़ावा—ये केवल विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता हैं। साथ ही, आम आदमी की आवाज को नीतियों के केंद्र में रखना होगा। क्योंकि जब रसोई सुरक्षित होगी।**

**मार्च** 2026 की यह वसंत ऋतु किसी नवजीवन की नहीं, बल्कि एक ऐसे मौन तूफान की कहानी कह रही है, जिसने भारत के आम घर की रसोई से लेकर खेत की मेड़ तक हर सांस को भारी कर दिया है। एक ओर पश्चिम एशिया में युद्ध की आग भड़क रही है, तो दूसरी ओर धरती पर तपता सूरज और बेमौसम बरसते ओले किसान की उम्मीदों को कुचल रहे हैं। इन सबके बीच एमएसपी को लेकर सुलगता असंतोष उस आग में घी डालने का काम कर रहा है। यह सिर्फ खबरों का विषय नहीं, बल्कि हर उस परिवार की हकीकत है जिसकी थाली और आजीविका इन संकटों से सीधे जुड़ी है। रसोई का चूल्हा, जो हर घर की धड़कन होता है, आज अनिश्चितता के धुएं में घिरा हुआ है। ईरान के आसपास बढ़े तनाव और हॉर्मुज जैसे महत्वपूर्ण मार्गों पर आई बाधा ने एलपीजी आपूर्ति की रीढ़ हिला दी है। सिलेंडर की कीमतें आम आदमी की पहुंच से बाहर जाती दिख रही हैं और कई जगहों पर काला बाजार अपने चरम पर है। छोटे ढाबे, होटल और ठेले वाले, जो शहरों की जीवंतता का हिस्सा हैं, अब अपने चूल्हे बुझाने को मजबूर हो रहे हैं। महिलाओं की दिनचर्या, जो गैस के इर्द-गिर्द चलती थी, अब इंतजार और चिंता में बदल गई है। यह संकट केवल ईंधन का नहीं, बल्कि जीवन की गति का ठहराव है। उधर खेतों में खड़ा किसान आसमान की ओर देखता है, लेकिन अब वहां से राहत नहीं, बल्कि अनिश्चितता बरस रही है। मार्च की असामान्य गर्मी ने रबी फसलों को समय से पहले ही झुलसा दिया, जिससे गेहूं के दाने सिकुड़ गए और पैदावार पर गहरा असर पड़ा। जैसे-तैसे बची फसल को अचानक आई बारिश और ओलावृष्टि ने जमीन पर गिरा दिया। यह दोहरी मार किसान की साल भर की मेहनत पर एक क्रूर प्रहार है। जो खेत कुछ दिन पहले सुनहरे दिखते थे, आज वहां बिखरी उम्मीदें नजर आ रही हैं। यह बदलाव केवल मौसम का नहीं, बल्कि उस जलवायु संकट का संकेत है जो अब हर खेत में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है। इस प्राकृतिक और वैश्विक संकट के बीच एमएसपी को लेकर उठती आवाजें एक और संघर्ष का रूप ले चुकी हैं। किसानों का भरोसा पहले ही कमजोर था, और अब अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों की चर्चाओं ने उनकी चिंता को और गहरा कर दिया है। सड़कों पर उतरते किसान केवल अपनी फसल का मूल्य नहीं, बल्कि अपने भविष्य की सुरक्षा मांग रहे हैं। उनके लिए एमएसपी सिर्फ एक आर्थिक नीति नहीं, बल्कि जीवन की गारंटी है। जब 86 प्रतिशत छोटे किसान पहले से कर्ज में डूबे हों, तब यह डर स्वाभाविक है कि सस्ते आयात उनकी मेहनत को बेमानी बना देंगे। यह संघर्ष केवल खेत का नहीं, बल्कि आत्मसम्मान का भी है। इन तीनों मोर्चों पर चल रहा यह संकट एक-दूसरे से अलग नहीं, बल्कि गहराई से जुड़ा हुआ है। रसोई में महंगा होता गैस सिलेंडर, बाजार में बढ़ती अनाज की कीमतें और खेतों में घटती पैदावार—ये सब मिलकर एक ऐसा दबाव बना रहे हैं, जिससे आम आदमी की जिंदगी हर दिन कठिन होती जा रही है। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए यह एक त्रिकोणीय हमला बन चुका है, जहां आय सीमित है लेकिन खर्च लगातार बढ़ रहा है। बच्चों की थाली छोटी हो रही है, और परिवारों की प्राथमिकताएं बदल रही हैं। यह सिर्फ महंगाई नहीं, बल्कि जीवन स्तर में गिरावट का संकेत है। सरकार की ओर से प्रयास जरूर किए जा रहे हैं, लेकिन उनकी पहुंच और प्रभाव पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वैकल्पिक आयात, रिफाइनरियों की क्षमता बढ़ाना और बीमा दावों को तेज करना जैसे कदम उठाए गए हैं, पर जमीनी स्तर पर राहत अभी भी सीमित है। किसान अब भी अपने नुकसान का सही आकलन और मुआवजा पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, और उपभोक्ता महंगाई के बोझ तले दबे हैं। यह स्थिति बताती है कि संकट केवल तात्कालिक उपायों से नहीं सुलझेगा, बल्कि इसके लिए दीर्घकालिक और व्यापक रणनीति की जरूरत है। यह पूरा परिदृश्य भारत की ऊर्जा, कृषि और सामाजिक सुरक्षा की कमजोर कड़ियों को उजागर कर रहा है। वैश्विक घटनाएं अब सीधे घरेलू जीवन को प्रभावित कर रही हैं।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# वीरानी से निकला उजाला, नकटादाना ने बदला अपना हाल- चाल निराला





## जहां थी कभी गंदगी की पहचान, अब वहीं सजा है विकास का नया अरमान

### प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने किया पार्क का लोकार्पण

### सौंदर्यीकरण से शहर को मिला नया आकर्षण और सुकून भरा स्थल

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार

**पीलीभीत।** शहर के ऐतिहासिक महत्व वाले नकटादाना चौराहा ने गुरुवार को विकास की नई कहानी लिख दी। लंबे समय से उपेक्षित इस स्थल पर विकसित किए गए पार्क और तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का भव्य लोकार्पण प्रदेश के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आम नागरिकों की बड़ी भागीदारी ने इस आयोजन को उत्सव का रूप दे दिया। प्रभारी मंत्री ने विधिवत फीता काटकर और शिलापट्ट का अनावरण कर इस परियोजना का शुभारंभ किया। उन्होंने नगर पालिका परिषद द्वारा कराए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास शहरों को नई पहचान देने के साथ-साथ लोगों को स्वच्छ और सुंदर वातावरण उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने कहा कि यह पार्क आने वाले समय में नागरिकों के लिए सुकून, स्वास्थ्य और मनोरंजन का प्रमुख केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह और पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल समेत कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि नकटादाना चौराहा, जो एक महत्वपूर्ण मार्ग पर स्थित है, वर्षों से उपेक्षा का शिकार था। यहां स्थित तालाब गंदगी और बदबू का केंद्र बन चुका था, जिससे आसपास के लोग परेशान रहते थे। लेकिन नगर पालिका के प्रयासों से अब यह स्थान पूरी तरह बदल चुका है और एक सुंदर व आकर्षक पार्क के रूप में विकसित हो गया है। उन्होंने बताया कि पार्क को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। यहां आकर्षक फव्वारे, सेल्फी प्वाइंट, आरामदायक बैठने की व्यवस्था और तालाब के मध्य स्थापित लाइट टावर इसकी सुंदरता को और बढ़ाते हैं। शाम के समय रोशनी से जगमगाता यह स्थल शहरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन गया है। कार्यक्रम के दौरान शहरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने नगर पालिका परिषद के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य न केवल सौंदर्यीकरण का उदाहरण है, बल्कि शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। कार्यक्रम का संचालन सभासद साकेत सक्सेना ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, मंगली प्रसाद वर्मा, मनोज गुप्ता, आयुष मिश्रा, डॉ. अनुरिता सक्सेना, विकास वाल्मीकि, सभासद सुनीता सिंह, राशिद हुसैन, निजाकत अली कादरी, अवतार सिंह मोनू, विपिन गंगवार, निर्मल सिंह टीटू, रईस अहमद, अनस अंसारी, विकास बाबू, शरीफ अंसारी, इकबाल हजरत, विपिन त्यागी, नितिन सक्सेना, पंकज तिवारी, जगन्नाथ लोधी, प्रतीक अग्रवाल, स्वतंत्र देवल, इंजीनियर पंकज राजपूत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कुल मिलाकर नकटादाना चौराहा का यह कायाकल्प शहर के लिए गर्व का विषय बन गया है। जहां कभी गंदगी और उपेक्षा का माहौल था, वहीं अब सौंदर्य, स्वच्छता और विकास की नई तस्वीर उभरकर सामने आई है। आने वाले समय में यह स्थल न केवल शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा, बल्कि पीलीभीत की पहचान को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा।

# भीड़ में खोया था मासूम, दुआओं ने राह दिखाई खाकी की सजग निगाहों ने, फिर खुशियों की लौ जगाई

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




नवरात्रि के पावन अवसर पर यशवंतरी देवी मंदिर परिसर में आयोजित भव्य मेले में जहां एक ओर श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ रही थी, वहीं दूसरी ओर एक परिवार के लिए यह आयोजन कुछ समय के लिए बेचैनी और डर का कारण बन गया। भीड़ के बीच अचानक एक दो वर्षीय मासूम अपने परिजनों से बिछड़ गया, जिससे परिजनों के होश उड़ गए और मेला स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बरेली जनपद के सुभाष नगर थाना क्षेत्र निवासी लक्ष्मी अपने पति प्रदीप कुमार और लगभग दो वर्षीय पुत्र आलोक कुमार के साथ श्रद्धा भाव से मेला देखने पहुंची थीं। मेले में भारी भीड़ के बीच अचानक उनका मासूम पुत्र उनसे ओझल हो गया। पहले तो परिजनों ने खुद ही आसपास तलाश की, लेकिन काफी देर तक कोई सुराग न मिलने पर चिंता बढ़ती चली गई।

### सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस, तुरंत बनी टीमें

घटना की सूचना मिलते ही महिला थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में तीन अलग-अलग टीमों का गठन किया गया, जिन्हें मेले के विभिन्न हिस्सों और आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन के लिए लगाया गया। पुलिस ने माइक के जरिए लगातार अनाउंसमेंट भी कराए, जिससे बालक के बारे में जानकारी आमजन तक पहुंच सके।

### सूझबूझ और समन्वय से मिला सफलता का रास्ता

महिला सुरक्षा केंद्र की टीम ने भी पूरे समर्पण के साथ खोज अभियान में भाग लिया। पुलिसकर्मियों ने हर संभावित स्थान झूलों के पास, दुकानों के बीच और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया। लगातार प्रयासों और सूझबूझ के चलते आखिरकार पुलिस को सफलता मिली और मासूम आलोक कुमार को सकुशल बरामद कर लिया गया।

### बच्चे को देखते ही छलक उठे खुशी के आंसू

जब पुलिस ने बालक को उसके परिजनों को सौंपा, तो मां-बाप की आंखों में राहत और खुशी के आंसू साफ नजर आए। उन्होंने पुलिस टीम का हृदय से धन्यवाद करते हुए कहा कि अगर समय रहते मदद न मिलती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी।

### इन पुलिसकर्मियों की रही सराहनीय भूमिका

इस सराहनीय कार्य में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रीता कुमारी, मेला प्रभारी नितिन कुमार, महिला कांस्टेबल कनक, शशीबाला और प्रीति शर्मा की अहम भूमिका रही। उनकी तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता की स्थानीय लोगों ने भी जमकर सराहना की।

### मानवीय चेहरे के साथ पुलिस की बड़ी भूमिका

यह घटना एक बार फिर यह दर्शाती है कि पुलिस सिर्फ कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ समाज की सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान निभा रही है।

संकट के समय में पुलिस का यह मानवीय रूप आमजन के विश्वास को और मजबूत करता है।

# सालों की तस्वीर, विकास के दावों का विस्तार

## प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने प्रेस वार्ता में गिनाई उपलब्धियां

### जनकल्याण योजनाओं के प्रभाव का किया उल्लेख

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद में आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृषि एवं कृषि अनुसंधान विभाग एवं प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने सरकार की उपलब्धियों का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। उन्होंने बीते वर्षों में सुशासन, सुरक्षा और समावेशी विकास को सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य लगातार साकार किया गया है।

मंत्री औलख ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था में सुधार के साथ निवेश का वातावरण बेहतर हुआ है, जिससे विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने विशेष रूप से कृषि क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक तकनीक अपनाने और फसलों के बेहतर मूल्य सुनिश्चित करने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत रही है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और न्यूनतम समर्थन मूल्य जैसी योजनाओं के माध्यम से किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की गई है। इसके साथ ही सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और उन्नत खेती को बढ़ावा देने के लिए भी ठोस कदम उठाए गए हैं।

गरीब कल्याण योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि करोड़ों लोगों को मुफ्त राशन, आवास, स्वास्थ्य सेवाएं और पेंशन का लाभ मिला है। महिला सशक्तिकरण के लिए स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया गया है, वहीं युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि पर्यटन, इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में भी प्रदेश ने नई ऊंचाइयों को छुआ है और आने वाले समय में उत्तर प्रदेश को और अधिक आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज, भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, जिला उपाध्यक्ष लेखराज भारती, जिला उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, जिला पंचायत प्रतिनिधि गुरभाग सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह जी एवं पार्टी के अनेक सम्मानित पदाधिकारीगण व कार्यकर्ताओं की सहित जनप्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी दोहराया।

### सवालों की धार तेज थी, जवाबों की राह उलझी सी दिखी

प्रभारी मंत्री के दौरे में उपलब्धियों के बीच उठे घोटाले के सवाल, प्रेस वार्ता में कैमरा बंद कराने की चर्चा जहां एक ओर प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख सरकार की नौ साल की उपलब्धियों को सामने रख रहे थे, वहीं प्रेस वार्ता के दौरान कुछ ऐसे सवाल भी उभरकर सामने आए, जिन्होंने पूरे माहौल को गंभीर बना दिया। मीडिया द्वारा जनपद में हुए कथित करोड़ों रुपये के घोटाले को लेकर जब सवाल दागे गए, तो शुरुआत में मंत्री की प्रतिक्रिया स्पष्ट नहीं दिखी। उन्होंने सीधे उत्तर देने के बजाय विषय को इधर-उधर मोड़ने का प्रयास किया, जिससे उपस्थित पत्रकारों में हलचल बढ़ गई।स्थिति उस समय और चर्चा में आ गई, जब सवालों की तीव्रता बढ़ने पर कैमरे बंद करने को कहे जाने की बात सामने आई। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन इस घटनाक्रम ने पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर नई बहस को जन्म दे दिया। कथित घोटाले को लेकर पहले से ही स्थानीय स्तर पर चर्चाएं जारी थीं। ऐसे में प्रेस वार्ता के दौरान स्पष्ट जवाब की अपेक्षा की जा रही थी, लेकिन जवाबों की अस्पष्टता ने सवालों को और गहरा कर दिया है। यह घटनाक्रम एक बार फिर इस बात की ओर इशारा करता है कि जनप्रतिनिधियों से जनता और मीडिया की अपेक्षाएं अब पहले से कहीं अधिक बढ़ चुकी हैं। पारदर्शिता और स्पष्टता ही विश्वास की नींव बन सकती है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि उठे हुए इन सवालों पर आगे क्या प्रतिक्रिया आती है और क्या संबंधित मामलों में कोई ठोस कदम उठाए जाते हैं। फिलहाल, यह मुद्दा चर्चा के केंद्र में बना हुआ है।

# हरियाली की गोद में खिले सपनों के फूल, किलकारियों ने जंगल को बना दिया स्कूल




## अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया के नेतृत्व में 'दिव्य दर्शन' सफारी बनी संवेदनशीलता और समावेशन की मिसाल

### प्रकृति से जुड़ाव का संदेश, यादों में बस गया खास दिन

'दिव्य दर्शन' सफारी ने यह साबित कर दिया कि यदि इरादे मजबूत हों, तो हर बाधा को अवसर में बदला जा सकता है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में गूंजती इन किलकारियों ने यह संदेश दिया कि प्रकृति का आनंद हर किसी का अधिकार है। यह दिन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उन बच्चों के जीवन में एक उज्ज्वल स्मृति बन गया, जो उन्हें हमेशा प्रेरित करती रहेगी—कि वे भी इस दुनिया को उतनी ही खूबसूरती से महसूस कर सकते हैं, जितना कोई और।

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

पीलीभीत टाइगर रिजर्व का मुख्य द्वार बुधवार को एक अलग ही जीवंतता से भर उठा, जब 'दिव्य दर्शन' कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों का दल जंगल सफारी के लिए रवाना हुआ। यह केवल एक यात्रा नहीं थी, बल्कि उन मासूम चेहरों के लिए एक ऐसा अवसर था, जहां सीमाओं से परे जाकर उन्होंने प्रकृति को महसूस किया, उसे जाना और उससे जुड़ने का सुख पाया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया की मौजूदगी ने इस पहल को प्रशासनिक मजबूती और संवेदनशील दिशा प्रदान की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के फील्ड डायरेक्टर और प्रसिद्ध वाइल्डलाइफर साकेत बड़ौला ने हरी झंडी दिखाकर इस अनोखी सफारी को रवाना किया। समारोह की शुरुआत पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत से हुई। इस दौरान वन एवं वन्य जीव प्रभाग के प्रभागीय निदेशक भारत कुमार डीके भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल को सराहनीय और अनुकरणीय बताया।

### किलकारियों में छिपा आत्मविश्वास, सफर बना नई उम्मीदों का एहसास

जैसे ही सफारी वाहन मुख्य द्वार से जंगल की ओर बढ़े, बच्चों के चेहरों पर उत्साह और जिज्ञासा साफ झलकने लगी। करीब 100 दिव्यांग बच्चों के साथ उनके अभिभावक और शिक्षक भी इस सफर का हिस्सा बने। कुल मिलाकर लगभग 200 लोगों का यह दल प्रकृति की गोद में पहुंचा, जहां हरियाली, वन्यजीव और खुला आसमान उनका इंतजार कर रहे थे। जंगल के बीच बच्चों की हंसी, उनकी उत्सुक नजरें और हर दृश्य को महसूस करने की उनकी कोशिशें इस बात का प्रमाण थीं कि यह पहल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि उनके आत्मविश्वास को नई ऊंचाई देने वाला अनुभव है। कई बच्चों के लिए यह पहला मौका था, जब उन्होंने जंगल और वन्यजीवों को इतने करीब से देखा।

### प्रशासन और शिक्षा का संगम, संवेदनशील पहल बनी प्रेरणा का संग्राम

इस विशेष आयोजन में बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह, वन्य जीव एवं जैव विविधता समिति के महासचिव अमिताभ अग्निहोत्री, जिला समन्वयक राकेश पटेल और जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार की सक्रिय भूमिका रही। सभी अधिकारियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज के उस वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य करते हैं, जिसे अक्सर विशेष देखभाल और अवसरों की आवश्यकता होती है।

वन विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयासों से यह कार्यक्रम न केवल सफल रहा, बल्कि एक मिसाल बनकर उभरा। आयोजन की सूक्ष्म योजना, बच्चों की सुरक्षा और उनकी सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे यह दिन सभी के लिए सुखद और यादगार बन सका।

# पटरी किनारे मिली खामोशी, एक अनजान जिंदगी यूं ही खो गई

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब रेलवे लाइन किनारे एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला।

घटना सेहरामऊ रेलवे स्टेशन और अकेला रेलवे हाल्ट के बीच की बताई जा रही है, जहां बीती रात किसी ट्रेन से गिरने की आशंका जताई जा रही है।

सुबह जब ग्रामीण रोजमर्रा के काम से रेलवे ट्रैक के पास से गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर एक युवक के शव पर पड़ी।

सूचना फैलते ही मौके पर भारी भीड़ जुट गई। लोगों ने शव की पहचान कराने की काफी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। युवक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है।

पुलिस का मानना है कि युवक चलती ट्रेन से गिरा होगा,

जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के थानों और गुमशुदगी के रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।

# तेज रफ्तार का कहर: नेशनल हाईवे पर कार खाई में गिरी, एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल

### गजरौला क्षेत्र में दर्दनाक हादसा, नागपुर से आए परिवार पर टूटा संकट

थाना गजरौला प्रभारी निरीक्षक ब्रजवीर सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार और वाहन पर नियंत्रण खोना सामने आ रहा है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है और घायलों के परिजनों को सूचना देने का प्रयास किया जा रहा है। इस दुर्घटना ने एक बार फिर हाईवे पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोग प्रशासन से सड़क सुरक्षा उपायों को और सख्त करने की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद के थाना गजरौला क्षेत्र में गुरुवार को नेशनल हाईवे पर एक भीषण सड़क दुर्घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। तेज गति से दौड़ रही एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी गहरी खाई में जा गिरी, जिससे उसमें सवार एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के नागपुर निवासी अजय बंसल (40), उनकी पत्नी पायल बंसल (38) और उनकी 12 वर्षीय पुत्री सनाया बंसल कार से सफर कर रहे थे। बताया जा रहा है कि परिवार शाहजहांपुर जनपद के खुटार क्षेत्र से रिश्तेदारी निभाकर लौट रहा था और आगे पंजाब जाने की तैयारी में था। इसी दौरान गजरौला थाना क्षेत्र के बिठौरा कला और मुड़ेला कला के बीच उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार काफी तेज गति में थी। अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन सीधे हाईवे किनारे गहरी खाई में जा गिरा। कार कई बार पलटी, जिससे उसमें सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े और तत्काल राहत कार्य शुरू किया।

### ग्रामीणों और पुलिस की तत्परता से बची जान-जिला

### अस्पताल में चल रहा उपचार, हालत नाजुक

स्थानीय लोगों ने बिना समय गंवाए पुलिस को सूचना दी और खुद भी कार में फंसे घायलों को निकालने में जुट गए। सूचना मिलते ही थाना गजरौला पुलिस और एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस व ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से घायलों को बाहर निकालकर तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया गया। तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद पीलीभीत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार सभी की हालत गंभीर बनी हुई है।

# नौ साल के नवनिर्माण की गूंज, विकास की राह पर बढ़ता पीलीभीत

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

प्रदेश सरकार के 'नवनिर्माण के नौ वर्ष' पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित नौ दिवसीय कार्यक्रम का भव्य समापन गुरुवार को गांधी प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बलदेव सिंह औलख (राज्यमंत्री/ प्रभारी मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग) सहित जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद, विधायक बीसलपुर विवेक कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरुभाग सिंह तथा जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की उपस्थिति में की गई। सेवायोजन, कौशल विकास मिशन एवं प्राविधिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

### विकास की किताब का विमोचन, उपलब्धियों का हुआ प्रदर्शन

समारोह के दौरान अतिथियों ने 'नवनिर्माण के नौ वर्ष' नामक पुस्तिका का विमोचन किया। साथ ही प्रदेश सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि बलदेव सिंह औलख ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत 5 लाख रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे जनपद के 1400 से अधिक युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने में मदद मिली है। उन्होंने शिक्षा, पर्यटन और 'एक जनपद एक उत्पाद' योजना के तहत पीलीभीत की बांसुरी उद्योग को देश-विदेश तक पहचान मिलने की बात कही। साथ ही बताया कि जनपद में शीघ्र ही बासमती चावल अनुसंधान केंद्र की स्थापना की जाएगी।

### सम्मान और सहयोग से सशक्तिकरण, योजनाओं से बदले जीवन का निर्धारण

कार्यक्रम के अंत में मंत्री, जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया।

दिव्यांगजनों को 10 ट्राइसाइकिल, 2 जोड़ी बैसाखी, 3 व्हीलचेयर, 3 श्रवण यंत्र एवं 3 लैप्रोसी किट वितरित की गईं। इसके अलावा बाल सेवा योजना, कौशल विकास मिशन, एनआरएलएम, आयुष्मान भारत, कृषि विभाग, स्वयं सहायता समूहों और खिलाड़ियों सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं डेमो चेक देकर सम्मानित किया गया।

### जागरूकता से आत्मनिर्भरता की ओर, योजनाओं से सशक्त समाज का निर्माण

जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करना है, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित होकर आत्मनिर्भर बन सकें।

उन्होंने बाल सेवा योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों—बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उद्यान, मत्स्य, समाज कल्याण, सूचना विभाग एवं मिशन शक्ति—द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए। अतिथियों ने स्टॉलों का भ्रमण कर योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, जिला विकास अधिकारी, कृषि अधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, पूर्ति अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी व बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एक्सप्रेस खबरें...

### एक पल की टक्कर, जिंदगी भर का अंधेरा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** घाटमपुर के पास हुए भीषण सड़क हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घुघचिहाई थाना क्षेत्र के गांव चांदुइया कॉलोनी निवासी भुजंग सरकार अपने साथी गोपाल सरकार के साथ बाइक से मजदूरी के लिए जा रहे थे। जैसे ही वे घाटमपुर के पास पहुंचे, पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि भुजंग सरकार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गोपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया। मृतक के पुत्र अनिमेश सरकार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चालक की तलाश कर रही है।

### रफ्तार का कहर, तीन जगह हादसे-आठ जिंदगियां घायल

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** क्षेत्र में सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। बुधवार रात अलग-अलग स्थानों पर हुए तीन सड़क हादसों में आठ लोग घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। पहला हादसा सिमरिया गांव के पास हुआ, जहां उदयपुर खुर्द निवासी अरविंद पांडे अपनी पत्नी रोशनी के साथ बाइक से पूरनपुर आ रहे थे। इसी दौरान धर्मापुर निवासी शिशुपाल की बाइक से आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरे हादसे में खमरिया पट्टी निवासी दीपक की बाइक अचानक सड़क पर आए आवारा पशु से टकरा गई, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। तीसरा हादसा सिरसा रोड पर हुआ, जहां मोहल्ला ढका निवासी तौसीफ और दानिश की बाइक साइकिल सवार बुद्ध सिंह से टकरा गई। इस दुर्घटना में भी तीन लोग घायल हुए। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### बिना पद के निरीक्षण, उठे कई सवाल-व्यवस्था पर फिर बहस

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के निरीक्षण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि द्वारा किए गए निरीक्षण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अधिकारों और पारदर्शिता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर के पति गुरभाग सिंह बुधवार को सीएचसी पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं को संतोषजनक बताया और कहा कि यहां मरीजों को नि:शुल्क सुविधाएं दी जा रही हैं। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में कई आवश्यक दवाएं, जैसे दर्द निवारक क्रीम आदि, पिछले एक माह से उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में निरीक्षण के दौरान इन कमियों पर ध्यान न दिए जाने से लोगों में नाराजगी है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि बिना किसी आधिकारिक पद के निरीक्षण कैसे किया गया। इसको लेकर प्रशासनिक व्यवस्था पर भी चर्चा तेज हो गई है।

हरदोई में बड़ा हादसा

# कन्टेनर की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी व वेटी सहित तीन लोगों की मौत

जन एक्सप्रेस । हरदोई



कटरा विल्हौर हाइवे पर हरपालपुर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कन्टेनर की टक्कर से बाइक सवार पति पत्नी व पुत्री सहित तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार हरपालपुर थाना क्षेत्र के इशेपुर मजरा भुसेहरा गांव निवासी लगभग 30 वर्षीय मोनू पुत्र राकेश गुरुवार की दोपहर अपनी पत्नी नीलम व पुत्री लक्ष्मी के साथ बाइक पर सवार होकर हरदोई दवा लेने जा रहा था।जैसे ही यह लोग कटरा विल्हौर हाइवे पर ककरा दूध प्लांट के पास पहुंचे उसी समय अपने आगे जा रहे एक अज्ञात वाहन को ओवरटेक करके अपनी बाइक आगे निकालते समय सामने से आ रहे एक तेज कन्टेनर से जबरदस्त टक्कर हो गयी।इस घटना में बाइक सवार मोनू व उसकी पत्नी नीलम और पुत्री लक्ष्मी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना के बाद आरोपी कन्टेनर चालक कन्टेनर छोड़कर मौके से फरार हो गया।प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पंकज ने बताया कि कन्टेनर को कब्जे में लिया गया है तथा शवो का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।अन्य अग्रिम बिधिक कर्यवाई जारी है।

## गड़ासा से हमला कर महिला को घायल किया

**जन एक्सप्रेस/शाहाबाद।** पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक महिला को गड़ासे से हमला करके घायल कर दिया। घायल महिला का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम बबुराई निवासी कुतुका देवी पत्नी भगवान शरण के अनुसार 23 मार्च को रात 8ः00 बजे वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। उसी समय गांव के संतराम उसकी पत्नी संगीता, भाग्यश्री और रामदास आ गए गाली गलौज करने लगे। गाली गलौज का विरोध करने पर संगीता ने प्रार्थिनी की माता के ऊपर गड़ासा से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की नाम जद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया।

## दबंगों ने युवक को पीट कर घायल किया

**जन एक्सप्रेस/शाहाबाद।** पतंग उड़ाने गए एक युवक को दबंगों ने पीट कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शाहाबाद कोतवाली के अल्लाहपुर निवासी अखिलेश कश्यप पुत्र राजकुमार कश्यप के अनुसार वह हरियाली वाले बाईपास पर पतंग उड़ा रहा था। उसी समय रामनगर कॉलोनी निवासी मनीष अवस्थी, विनय तिवारी, नितिन मिश्रा, तुषार आदि आगे और गाली गलौज कर करते हुए उसे डंडों से पीटने लगे। वहां पर मौजूद लोगों के बीच बचाव करने के बाद उपरोक्त लोग जान माल की धमकी देते हुए भाग गए। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया।

## मिशन शक्ति टीम ने ग्राम चौपाल में लोगों को साइबर फाड से वचाव व सुरक्षा सम्बन्धी दी जानकारियां



जन एक्सप्रेस । हरदोई

सरकार द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों को सुरक्षा देने उद्देश्य से एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत गुरुवार को हरपालपुर थाना क्षेत्र के ज्योतिपुरवा गांव में मिशन शक्ति टीम ने ग्राम चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर द्वारा महिलाओ,पुरुषों व बच्चों को साइबर फाड से बचाव व सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। महिला सशक्तीकरण के तहत हरपालपुर थाने की मिशन शक्ति टीम ने गुरुवार को हरपालपुर थाना क्षेत्र के ज्योतिपुरवा मजरा ककरा में मिशन शक्ति अभियान के तहत टीम प्रभारी महिला उपनिरीक्षक अंजना सचान ने ग्राम चौपाल कार्यक्रम में महिला सुरक्षा व साइबर अपराध से बचने के लिए महिलाओ व बच्चों को जागरूक करते हुए उन्हें पत्रक वितरित किये गए।जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों व किशोरियों तथा आमजनों को साइबर ठगी,शोसल मीडिया पर फेंक एकाउंट,ऑनलाइन छेड़छाड़,हैकिंग,ओटीपी फाड,और डिजिटल प्लेटफार्म पर होने बाले अन्य अपराधों से सतर्क रहने के तरीके समझाए।मिशन शक्ति अभियान टीम प्रभारी उपनिरीक्षक अंजना सचान, महिला आरक्षी आशा सिंह व आरक्षी आकाश पंवार ने छात्राओं को अराजक तत्वों से बचाव के तरीके भी बताए तथा आपात स्थिति में आपातकालीन नंबर 1090,1076,112,1098,1930 आदि नंबरों का प्रयोग कर पुलिस से सहायता लेने के लिए जानकारी दी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से नगदी व ज्वैलरी सहित गृहस्थी राख

जन एक्सप्रेस । हरदोई



अरवल थाना क्षेत्र के ग्राम बेहटा मुड़िया में बुधवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक झोपड़ी में भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड ने एक गरीब परिवार की खुशियों पर पानी फेर दिया। घटना में पीड़ित राजेश कुमार के पुत्र सुधांशु पाल की नवविवाहित पत्नी मोहिनी के कीमती जेवर समेत पूरी गृहस्थी जलकर स्वाहा हो गई। जानकारी के अनुसार, ग्रामीण राजेश कुमार का परिवार रात को सो रहा था, तभी अचानक झोपड़ी से आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। लपटें देख परिजनों ने शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर का सारा सामान खाक हो चुका था।पीड़ित राजेश कुमार ने बताया कि आगजनी में उनकी बहू मोहिनी के सोने का हार, दो जोड़ी झाले, बिछुआ,दो जोड़ी चांदी की पायल, बेसर, मांगबेदी जंजीर और तीन अंगूठियां जल गईं। गहनों के अलावा घर में रखा 10 बोरी धान, 8 बोरी गेहूं, 4 बोरी सरसों, एक पंखा और सिलाई मशीन भी आग की भेंट चढ़ गए। गुरुवार सुबह पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस और राजस्व विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर हुए नुकसान का आकलन किया है।

# हरदोई के युवाओं की अद्भुत आस्था: 1400 किमी पदयात्रा कर पहुंचे जगन्नाथ पुरी

जन एक्सप्रेस । हरदोई



हरदोई। जनपद की सांडी विकास खण्ड के ग्राम नोनखारा, तहसील सवायजपुर निवासी तीन युवाओं ने आस्था, संकल्प और हौसले की मिसाल पेश करते हुए संडीला से जगन्नाथ पुरी तक की कठिन पदयात्रा सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। करीब 14 दिन पहले शुरू हुई इस यात्रा में आशीष गुप्ता, निखिल सिंह और मोहन गुप्ता ने लगभग 1400 किलोमीटर की लंबी दूरी पैदल तय की। इस दौरान न थकान ने कदम रोके और न ही किसी कठिनाई ने उनके हौसले को डगमगाने दिया।

हर कदम पर बस एक ही लक्ष्य था, भगवान जगन्नाथ के दर्शन। तपती धूप, लंबा सफर और रास्ते की चुनौतियां भी उनके विश्वास के आगे छोटी साबित हुईं। यह यात्रा सिर्फ दूरी तय करने की कहानी नहीं, बल्कि अटूट आस्था, दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास का जीवंत उदाहरण है। आज जब तीनों युवा जगन्नाथ पुरी पहुंचकर अपने आराध्य के दर्शन कर चुके हैं, तो उनका यह सपना साकार हो गया है।

# पुलिस ने अबैध शस्त्र फैक्ट्री का किया भंडाफोड़, भारी मात्रा में अबैध शस्त्र सहित आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । हरदोई



अपराध की रोकथाम और अपराधियों पर नकेल कसने के अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण के निर्देशन में शाहाबाद और पाली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में आधा दर्जन तमंचे, कारतूस और तमंचा बनाने वाली फैक्ट्री के साथ आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गिरफ्तार शातिर अपराधी है और उस पर पर करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। अवैध शस्त्र के निर्माण विक्री परिवहन करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 26 मार्च को थाना पाली और शाहाबाद पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर संजय शुक्ला उर्फ बर्री पुत्र रघुवीर सहाय निवासी मोहल्ला बेनीगंज थाना पाली को एक तमंचा डबल बैरल 315 बोर, 05 तमंचा 315 बोर, 01 तमंचा 12 बोर, 26 खोखा कारतूस 315 बोर, 04 जिंदा कारतूस 315 बोर, 05 रांगा व शस्त्र बनाने व मरम्मत करने के उपकरण सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना पाली पर आरोपी के विरुद्ध धारा 5/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक नारायण ने बताया गिरफ्तार आरोपी अवैध शस्त्र बनाने और उसकी बिक्री करने का पेशेवर है। उस पर पाली थाने में पूर्व में ही दस अभियोग पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की गई जिन्होंने इस समय कारोबार में खरीद फरोख्त की है उनकी तलाश भी की जा रही है। अपराधियों के विरुद्ध पुलिस की सख्त कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# डीएम-एसपी ने पुलिस लाइन में वितरित की साइकिल, टॉर्च व साफा

जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)



गुरुवार को चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने पुलिस लाइन परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग के चैकीदारों को साइकिल, टॉर्च एवं साफा वितरित किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने चैकीदारों के साथ सीधे संवाद स्थापित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की और उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था की पहली कड़ी बताते हुए उनकी भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। चैकीदार न केवल सूचनाओं के वाहक हैं, बल्कि गांव की सुरक्षा व्यवस्था के मजबूत स्तंभ भी हैं, जिनकी सक्रियता से ही अपराधों की रोकथाम और शांति व्यवस्था सुनिश्चित होती है। संवाद के दौरान चैकीदारों ने अपने अनुभव साझा किए और अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया। जिलाधिकारी ने उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि शासन स्तर से उन्हें हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे और अधिक प्रभावी ढंग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। पुलिस अधीक्षक ने भी चैकीदारों को सतर्क, सजग एवं सक्रिय रहते हुए अपने क्षेत्र में निरंतर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब देखने को मिला जब चैकीदारों ने प्रशासन द्वारा मिले इस सम्मान और सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। कई चैकीदारों की आंखें नम हो गईं और उन्होंने कहा कि इस प्रकार का सम्मान उन्हें अपने दायित्वों के प्रति और अधिक प्रेरित करता है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और चैकीदारों की सक्रिय भागीदारी से गांव-गांव में शांति, सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण स्थापित किया जाएगा।

## भूसा उतार रहे ट्रैक्टर में ट्रक ने मारी टक्कर दो घायल एक की हालत गंभीर ग्वालियर रेफर

**रामपुरा (जालौन)।** सड़क किनारे भूसा उतार रहे ट्रैक्टर में तेज गति व लापरवाही से जा रहे ट्रक की टक्कर से दो लोग घायल हो गए इसमें एक की हालत गंभीर होने पर ग्वालियर रेफर किया गया है। प्राप्त विवरण के अनुसार रामपुरा थाना क्षेत्र के माधौगढ़ रोड पर सटल्ली बाबा की बगिया के पास भूसा उतार रहे ट्रैक्टर में ट्रक चालक दीपेंद्र सिंह पुत्र जगदीश प्रसाद दोहरे उम्र 31 वर्ष निवासी छिरिया सलेमपुर थाना कोतवाली जालौन ने तेज गति व लापरवाही के साथ ड्राइविंग करते हुए ट्रैक्टर में टक्कर मार दी जिसमें राजेश यादव पुत्र जाहर सिंह उम्र लगभग 50 वर्ष, निवासी महौनी रामपुरा थाना रावतपुरा सरकार भिंड (मध्य प्रदेश) गंभीर रूप से घायल हो गए एवं उनका भांजा विवेक निवासी रामपुरा भी चोटिहाल हुआ है। बताया जाता है कि बुधवार की शाम समय करीब 8 बजे ट्रक यूपी 33 टी 2423 सरकारी खाद्यान्न का अनाज उतारकर रामपुरा से जालौन की ओर जा रहा था इस समय यह घटना घटित हुई है। सूचना पाकर रामपुरा थाना के वरिष्ठ उप निरीक्षक सुभाषचंद्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे व एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा भेजा।

# युवा कानून का पालन करते हुए महिला सम्मान को सर्वोपरि रखें

जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)



प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को सुदृढ़ करने हेतु मिशन शक्ति फेज-05 (2) के अंतर्गत पुलिस लाइन उरई से टाउन हॉल तक रन फॉर एंपावरमेंट दौड़ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चैहान, एमएलसी प्रतिनिधि मयंक त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया, साथ ही सभी ने स्वयं प्रतिभाग कर महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा एवं रोजगार को लेकर सतत प्रयासरत है, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं बल्कि महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की रक्षा का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि जनपद में महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वावलम्बन सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न योजनाएं प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं तथा समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन, जागरूकता कार्यक्रम एवं सतत निगरानी के माध्यम से एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वह कानून का पालन करते हुए महिला सम्मान को सर्वोपरि रखें।

## जगम्मनपुर तेरह का पुल ऊमरी मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त

**जगम्मनपुर (जालौन)।** जगम्मनपुर से तेरह का पुल कुनियांपुरा टीहर होते हुए ऊमरी तक जाने वाला मार्ग पूरी तरह से उखड़कर छार-छार हो गया है जिससे पैदल या किसी वाहन से यात्रा करने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक और सरकार और सरकार के नुमाइंदे तथा प्रशासनिक व विभागीय अधिकारी अपने प्रचार प्रसार में यह कहते आत्ममुग्ध हो रहे है उन्होंने सभी डामरीकृत सड़कों को पूरी तरह से गड्ढा मुक्त अथवा उनका पुनर्निर्माण कर दिया है इसके विपरीत जगम्मनपुर से तेरह का पुल होकर टीहर अथवा कुनियापुरा की ओर जाने वाला यह मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर उखड़ी हुई कंक्रीट का रास्ता बन गया है। जगम्मनपुर से टीहर की ओर जाने वाला यह रास्ता क्षेत्रीय ग्रामीणों की अत्यधिक सुगम व दूरी को कम करने वाला रास्ता है। जगम्मनपुर से रामपुरा होकर टीहर जाने वाले रास्ते की दूरी 11 किलोमीटर है जबकि जगम्मनपुर से तेरह का पुल होकर टीहर जाने की दूरी मात्र 5 किलोमीटर है। इसके अतिरिक्त जगम्मनपुर, कुनियापुरा, बेनीपुरा, उदोतपुरा, हमीरपुरा, टीहर, मई ग्राम के किसानों के खेतों की और जाने वाला यह एकमात्र महत्वपूर्ण मार्ग है।

# सम्राट अशोक मौर्य की जयंती पर चैराहे पर प्रतिमा स्थापना की उठी मांग

जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)

सम्राट अशोक की जयंती गुरुवार को शहर के डिपो बस स्टैंड पर श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन कुशवाहा समाज प्रेरणा मंडल, उरई द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए की गई। इस दौरान वक्ताओं ने उनके आदर्शों को याद करते हुए समाज में शांति, सद्भाव और एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक का जीवन त्याग, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। वक्ताओं ने अपने संबोधन में सम्राट अशोक के शासनकाल, कलिंग युद्ध के बाद उनके जीवन में आए परिवर्तन और बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने उरई शहर के किसी प्रमुख चैराहे पर सम्राट अशोक की भव्य प्रतिमा स्थापित कराए जाने की मांग भी उठाई। उनका कहना था कि इससे नई पीढ़ी को महान सम्राट के जीवन और विचारों से प्रेरणा मिलेगी तथा शहर की पहचान भी सुदृढ़ होगी। इस अवसर पर कमलेश कुशवाहा लौना, सुरेंद्र कुशवाहा खर्रा, अमरीश कुशवाहा वर्ध, पीएन कुशवाहा 'बाबूजी', लाल सिंह कुशवाहा विकास जिम, जय प्रकाश कुशवाहा 'दाऊ', महेंद्र कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, ब्रजेन्द्र कुशवाहा जैसारी, रघुराज कुशवाहा प्रधान वर्ध, धीरेन्द्र कुशवाहा हरकौती एवं पुष्पेंद्र कुशवाहा वर्ध सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मॉकड्रिल: मेट्रो स्टेशन में घुसे आतंकी, यात्रियों को बनाया बंधक, एसएसएफ जवान और पैरा कमांडो ने की घेराबंदी



जन एक्सप्रेस । आगरा

आगरा के ताजमहल मेट्रो स्टेशन में सुबह एक के बाद एक कई आतंकी घुस गए। प्लेटफॉर्म पर पहुंचकर यात्रियों को बंधक बना लिया। उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) के जवानों ने आतंकियों की घेराबंदी कर ली। क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) ने भी मोर्चा संभाल लिया। मामला बढ़ता देख पैरा कमांडो भी बुलाए गए। साझा एक्शन प्लान बनाकर यात्रियों को मुक्त कराते हुए पांच आतंकियों को भी पकड़ लिया। मेट्रो स्टेशन पर एंटी टेरर मॉकड्रिल करते हुए सुरक्षा बलों ने व्यवस्था परखी। यात्रियों को आतंकी हमले के समय सावधानी बरतने और बचाव के बारे में जानकारी दी। साथ ही स्टेशन का निरीक्षण किया। मॉकड्रिल में एसएसएफ के शशांक गौर और यूपीएमआरसी के सुरक्षा आयुक्त ब्रह्म सिंह समेत 170 जवान और कर्मचारी शामिल हुए।

## यमुना में डूबे एक किशोर का तीन दिन बाद मिला शव, परिवार में मचा कोहराम, दूसरे की तलाश जारी

जन एक्सप्रेस । आगरा

आगरा के थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के जवाहर पुल के नीचे सोमवार शाम करीब छह बजे यमुना नदी में दो किशोर डूब गए थे। बृहस्पतिवार को तीन दिन बाद हर्षित का शव मिल गया। दूसरे युवक राहुल की तलाश की जा रही है। घटना के बाद से ही एसडीआरएफ की टीम लगातार सर्च अभियान चला रही थी। बृहस्पतिवार सुबह जेपी पैलेस के पास यमुना में शव उतराता दिखा। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची और परिजन को बुलाया। परिजन ने एक शव की शिनाख्त हर्षित के रूप में की, जबकि उसका साथी राहुल अभी भी लापता है। हर्षित के पिता सतीश ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद बल्केश्वर घाट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि दूसरे किशोर की तलाश के लिए सर्च अभियान जारी है। लाल मस्जिद, वाटरवर्क्स निवासी सतीश ने बताया कि उनका 14 वर्षीय बेटा हर्षित और पड़ोसी सुरेंद्र कुमार का 15 वर्षीय बेटा राहुल सोमवार शाम करीब छह बजे बाजार जाने की कहकर घर से निकले थे। दोनों यमुना नदी में नहाने चले गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों ने कपड़े उतारकर नदी में छलांग लगाई। एक किशोर अचानक गहरे पानी में बहने लगा। उसे बचाने का दूसरे ने प्रयास किया लेकिन वह भी डूब गया। दोनों को डूबता देख नदी के करीब मौजूद गोताखोर पहुंच गए। परिजन ने बताया कि हर्षित और राहुल कक्षा पांच पास है। दोनों कोचिंग से लौटकर आए थे। हर्षित बाजार जाने की कहकर घर से निकला था जबकि राहुल ने बताया था कि वह मैच खेलने जा रहा है। बाद में एक परिचित ने घर आकर दोनों के डूबने की जानकारी दी।

# बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के पास हार जीत की बाजी लगाते दो पकड़े

जन एक्सप्रेस । जालौन (उरई)

लौना मार्ग पर धनौरा कलां के पास बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे अंडर पास के पास हार जीत की बाजी लगा रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जबकि एक मौके से भाग गया । पकड़े गये आरोपितों के पास से 4900 रुपए बरामद हुए हैं। पकड़े गये आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हरदोई मार्ग पर धनौरा कलां के पास बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के अंडल पास के पास लम्बे समय से हार जीत का खेल चल रहा था। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के अंडरपास के पास चल रहे जुआ के फड़ पर उपनिरीक्षक रामकिशोर ने टीम के साथ छापामारी कर हार-जीत की बाजी लगा अजीत उर्फ शनी जाटव बरसेसी कोंच, बृजकिशोर धंतौली को पुलिस ने पकड़ लिया है जबकि राजेन्द्र उर्फ गौरव निवासी धंतौली मौके से फरार हो गया। पकड़े गये आरोपितों के पास से माल फड़ के रूप 3050 रूपए तथा जामा तलाशी के 1850 रूपए के साथ ही मोबाइल फोन ताश की गड्डी बरामद हुए हैं।

## दबंगों का कहर, समझौता करने मना करने पर पीड़ित को दोबारा पीटा

**जालौन (उरई)।** जालौन कोतवाली क्षेत्र के सीकरी राजा गांव निवासी मानवेंद्र उर्फ मोंटी राजा के खिलाफ कुछ दिनों पहले उरई निवासी सुनील कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी जिसके पुलिस द्वार मामले में कार्यवाही भी की गई थी। जिसके बाद विपक्षी द्वारा समझौते का दबाव बनाने एवं समझौता न करने पर पुनः पिटाई किए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है।

# नव निर्माण के 09 वर्ष: प्रदर्शनी में लोकगीतों के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं का हुआ प्रचार-प्रसार

जन एक्सप्रेस | आजमगढ़



उत्तर प्रदेश सरकार के ÷नव निर्माण के 09 वर्ष÷ पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हरिऔध कला केंद्र परिसर में आयोजित प्रदर्शनी एवं मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस क्रम में सूचना विभाग के पंजीकृत कलाकारों द्वारा गीत-संगीत के माध्यम से आमजन को सरकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनपदवासी उपस्थित होकर प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे हैं तथा प्रदेश सरकार के विकास कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

नवरात्रि पर देवी गीत व विकासपरक गीतों की प्रस्तुति

हरिऔध कला केंद्र परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सूचना विभाग के पंजीकृत कलाकार मुन्ना लाल यादव टीम द्वारा नवरात्रि अष्टमी के अवसर पर देवी गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से भक्तिमय वातावरण का सृजन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही विकासपरक गीतों के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, शासकीय नीतियों और उपलब्धियों के बारे में भी लोगों को अवगत कराया गया। कलाकारों की प्रस्तुति को उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा।

इसी क्रम में जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में भी जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विकास खंड हरैया के ग्राम करैला एवं मनिकाडीह में दलनायक श्याम कुंवर लोकगीत भोजपुरी बिरहा पार्टी द्वारा लोकगीत एवं बिरहा के माध्यम से शासकीय नीतियों, कार्यक्रमों और उपलब्धियों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कलाकारों ने मनोरंजक शैली में गीतों के माध्यम से लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और उन्हें इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शनी का अवलोकन करने आए जनपदवासियों को जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कराते हुए प्रदेश सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य आमजन को सरकार की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराना तथा उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर उन्होंने विभाग द्वारा प्रकाशित प्रचार-प्रसार सामग्री भी जनपदवासियों को सप्रेम भेंट कर वितरित की।

योगी की पाती÷ विशेष स्टॉल को मिला जनसमर्थन

प्रदर्शनी में लगाए गए विशेष ÷योगी की पाती÷ स्टॉल को जनपदवासियों ने विशेष रूप से सराहा। इस स्टॉल के माध्यम से मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेशवासियों को समय-समय पर दिए गए संदेशों, मार्गदर्शन एवं प्रेरक विचारों को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का अवलोकन करने आए लोगों ने उत्तर प्रदेश रूपी परिवार के अभिभावक, मार्गदर्शक और पथप्रदर्शक के रूप में मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए जा रहे संदेशों और मार्गदर्शन के लिए उनका धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

## बस यात्रा के दौरान महिला के लाखों के जेवरात और नकदी पार

जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़। ?सरकारी बस में सफर कर रही एक महिला यात्री के सूटकेस से अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब महिला जौनपुर के मुंगराबादशाहपुर से प्रतापगढ़ अपनी ननद की लड़की की शादी में शामिल होने जा रही थी।

जानकारी के अनुसार जौनपुर जिले के सुजानगंज थाना इलाके के दहेव बालवरगंज गांव निवासी मंजू देवी पत्नी धर्मराज पटेल ने तहरीर देते हुए बताया कि वह बीते 7 फरवरी को मुंगराबादशाहपुर से सरकारी बस पकड़कर प्रतापगढ़ जा रही थीं।

दोपहर करीब 12ः30 बजे जब बस जिले के नगर कोतवाली थाना इलाके के भंगवा चुंगी पहुंची, तो उन्होंने इयरफोन निकालने के लिए अपना ट्रॉली बैग देखा। बैग का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखे कीमती जेवरात गायब थे। पीड़िता के अनुसार चोरों ने बैग से एक सोने का हार, एक सोने का लॉकेट, दो सोने की अंगूठी, एक जोड़ी सोने का झुमका, चांदी की पायल, चार जोड़ी मीना और पांच हजार रुपये नकद निकाल लिए। शादी के लिए ले जाए जा रहे इन जेवरों की चोरी से परिवार में हड़कंप मच गया।

# पूर्व प्रधान का हत्यारोपी व 25 हजार का इनामिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



जिले की मान्धाता थाने की पुलिस ने पूर्व प्रधान के हत्याकांड में शामिल तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। आरोपी अरुण पर 25 हजार का ईनाम घोषित था।

मालूम हो कि मान्धाता थाना इलाके के मिसिरपुर मुस्तर्का गांव के पूर्व प्रधान गुलहसन की अवैध सम्बन्धों के चलते हत्या कर दी गई थी। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपिता सुमन देवी ने गुलहसन को अपने मायके जेठवारा (बगियापुर) बुलाया और अतुल कुमार व अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। शव को बोरे में भरकर शारदा सहायक नहर में फेंक दिया गया। इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस आरोपी महिला व उसके भाई अतुल कुमार को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। हत्याकांड में शामिल अतुल के साथी अरुण पर पच्चीस हजार का इनाम घोषित था। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्वेक्षण में मान्धाता पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पच्चीस हजार के इनामिया आरोपी अरुण कुमार को देल्हूपुर थाना इलाके के मान्धाता मोड़ के पास से गुरुवार को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी अरुण उर्फ रंजीत कुमार ने पूछताछ में बताया कि 18 मार्च को उसका दोस्त अतुल घर आया और अपनी बहन सुमन के साथ मृतक के व्यवहार की बात कहकर मदद मांगी। अरुण के मुताबिक ÷जब हम घर पहुंचे तो मृतक सो रहा था। सुमन ने लोहे की पाइप से उसके सिर और गले पर ताबड़तोड़ वार किए जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद हमने शव को बोरे में भरकर बाइक पर लादा और ठिकाने लगा दिया। शक न हो, इसलिए मृतक की बाइक और जूते मऊआईमा (प्रयागराज) में लावारिस छोड़ दिए।÷ पुलिस ने इनामिया आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया।

# एसपी ने माँ बाराही देवी धाम में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



जिले में आगामी नवरात्रि पर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में गुरुवार को एसपी दीपक भूकर ने रानीगंज थाना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध माँ बाराही देवी धाम का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु किए गए इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया। एसपी ने सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के साथ मंदिर के प्रवेश एवं निकास द्वारों, पार्किंग स्थलों और बैरिकेडिंग व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि मंदिर परिसर के कोने-कोने पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पैनी नजर रखी जाए। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को हिदायत दी गई कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि है, इसलिए प्रत्येक बिंदु पर पूर्ण सतर्कता बरती जाए। ?निरीक्षण के दौरान एसपी ने विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीड़ प्रबंधन को इस तरह सुव्यवस्थित किया जाए कि आवागमन सुगम रहे और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न फैले। संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की सघन चेकिंग के भी आदेश दिए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के बाद पुलिस अधीक्षक ने माँ बाराही देवी के चरणों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जनपदवासियों की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में उनका फीडबैक लिया। नागरिकों के सुझावों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गये।

# पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति को लेकर प्रशासन सतर्क, पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस | आजमगढ़



जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों यथा पेट्रोल एवं डीजल की सुचारु एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पेट्रोल पम्प एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी ने सभी पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देशित किया कि जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की विधिवत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पम्प पर वाहन के साथ आने वाले उपभोक्ताओं को उनकी आवश्यकता के अनुसार पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री की जाएगी। किसी भी स्थिति में जमाखोरी अथवा अवैध भण्डारण के उद्देश्य से खरीद करने वाले व्यक्तियों को पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति न की जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जनपद के सभी पेट्रोल पम्पों पर डीजल अथवा पेट्रोल उपलब्ध होने के बावजूद 'स्टॉक उपलब्ध नहीं है' संबंधी कोई भी भ्रामक या अनावश्यक डिस्प्ले बोर्ड प्रदर्शित न किया जाए। साथ ही सभी पेट्रोल पम्पों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को सदैव क्रियाशील रखा जाए, जिससे आपूर्ति एवं बिक्री व्यवस्था पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में मांग के सापेक्ष पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है तथा संबंधित पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा पेट्रोल पम्पों पर लगातार आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में किसी प्रकार की कमी नहीं है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। जनपद में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और नियमित रूप से आपूर्ति जारी है। उन्होंने लोगों से अनावश्यक रूप से पेट्रोल पम्पों पर भीड़ न लगाने तथा आवश्यकता से अधिक पेट्रोलियम पदार्थों की खरीद से बचने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि यदि कोई व्यक्ति अथवा फर्म पेट्रोल या डीजल की जमाखोरी अथवा अवैध भण्डारण करते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत कठोर विधिक एवं दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी विकास कुमार सिंह, प्रभारी पेट्रोलियम पूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, पेट्रोल पम्प एसोसिएशन के अध्यक्ष सुदर्शन अग्रवाल सहित एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी, सदस्यगण एवं पेट्रोल पम्प संचालक उपस्थित रहे।

# भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से सुहेलदेव विश्विद्यालय में प्रथम ,दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी, डी ए वी कॉलेज में होगी सम्पन्न

जन एक्सप्रेस | आज़मगढ़




महाराजा सुहेलदेव विश्विद्यालय के अधीन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद( आई सी एस एस आर),शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से पहली बार दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आगामी 27 एवं 28 मार्च को नगर के प्रतिष्ठित महाविद्यालय डी ए वी पी जी कॉलेज के स्मार्ट सेमिनार हाल में सम्पन्न होगी जिसमें राष्ट्रीय स्तर के विद्वान प्रोफेसर और शोधार्थी ÷पूर्वी उत्तर प्रदेश के बुनकर समुदाय पर जी एस टी सुधारों का सामाजिक एवं आर्थिक प्रभाव÷ विषय पर अपने विचारों और शोधपत्रों के द्वारा समाज के इन कामगारों के जीवन और शासकीय प्रभावों के असर का वैचारिक मूल्यांकन करेंगे।

संगोष्ठी के संयोजक इतिहास विभाग के प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह ने बताया कि उद्घाटन और समापन सत्रों के साथ दोनों अलग अलग दिन आज़मगढ़ विश्विद्यालय के कुलपति प्रो0 संजीव कुमार और बलिया विश्विद्यालय के कुलपति प्रो0 संजीत गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। संगोष्ठी के निदेशक प्रो0 सौम्य सेनगुप्ता ने बताया कि तकनीकी सत्रों में राष्ट्रीय स्तर के विद्वानों और शोधार्थियों द्वारा अपने शोधपत्रों और विचार प्रवाह से बुनकरों के सामाजिक आर्थिक प्रभावों की समीक्षा करते हुए उनके जीवन स्तर सुधार पर भी चर्चा की जाएगी।

संगोष्ठी के सरंक्षक प्राचार्य प्रो0 प्रेम चन्द्र यादव के नवनिर्मित कक्ष में, प्रबन्धक आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव ने बुधवार को संगोष्ठी की तैयारियों को लेकर शिक्षकों के साथ व्यापक समीक्षा की और साफ सफाई से लेकर साज़ सज्जा एवं प्रत्येक स्तर के कार्यों का जायज़ा लेते हुए प्राचार्य को आवश्यक निर्देश भी दिए,उनके साथ अग्रसेन महिला पी जी कॉलेज के प्रबन्धक और प्रमुख दवा व्यवसायी सुधीर अग्रवाल भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर हरिहरपुर घराने के मोहन मिश्रा के निर्देशन में महाविद्यालय की छात्राओं ने संगीतमय प्रस्तुति का अभ्यास भी किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के शिक्षक सदस्य तैयारियों में सलंग्न रहे।

## अटल आवासीय विद्यालय, गम्भीरवन आजमगढ़ में कक्षा-06 व 09 के शैक्षणिक सत्र-2026-27 हेतु प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

जन एक्सप्रेस | आजमगढ़

सहायक श्रमायुक्त पवन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश परीक्षा वर्ष 2026-27 हेतु परीक्षा परिणाम समिति,अटल आवासीय विद्यालय, आजमगढ़ से प्राप्त सूचना के अनुसार अटल आवासीय विद्यालय, गम्भीरवन आजमगढ़ के कक्षा-06 एवं कक्षा-09 के शैक्षणिक सत्र-2026-27 हेतु 08 मार्च 2026 को आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया हैं। कक्षा-06 में कुल 160 छात्र-छात्राओं का श्रेणीवार अनारक्षित श्रेणी से 42 छात्र एवं 42 छात्राएं, अन्य पिछड़ा वर्ग से 21 छात्र एवं 21 छात्राएं, अनुसूचित जाति वर्ग में 16 छात्र एवं 16 छात्राएं, तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग से 01 छात्र अनुसार प्रवेश हेतु चयनित हुए हैं।

# अफवाहों के चलते पेट्रोल पम्पों पर लगी लंबी कतारें



जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

कुंडा क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की अचानक कमी के कारण पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग अपने वाहनों और बड़े-बड़े डिब्बों में ईंधन लेने के लिए पंपों पर पहुंचे, जिसके बाद कई पंपों ने वितरण बंद कर दिया। यह स्थिति हाल ही में हुए एलपीजी गैस संकट के बाद सामने आई है। क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहें फैलने के बाद बड़ी संख्या में लोग अपने वाहनों और बड़े कंटेनर लेकर पेट्रोल पंपों पर जमा हो गए। अचानक इतनी भीड़ देखकर पेट्रोल पंप मालिकों ने स्टॉक न होने का हवाला देते हुए ईंधन का वितरण रोक दिया। इससे लोगों में और अधिक अफरा-तफरी मच गई। पेट्रोल पंप पर ईंधन लेने आए राम सिंह, नवनीत यादव, ओमप्रकाश और संतोष जैसे लोगों ने बताया कि उन्हें पेट्रोल नहीं दिया जा रहा था। उन्होंने कहा कि वे पेट्रोल और डीजल खत्म होने की अफवाह सुनकर टंकी पर आए थे। इस संबंध में सप्लाई इंस्पेक्टर कुंडा, शिवकुमार मिश्र ने बताया कि कुछ पेट्रोल पंपों द्वारा बकाया राशि जमा न करने के कारण आपूर्ति बाधित हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल की कोई वास्तविक कमी नहीं है और सभी को सामान्य रूप से ईंधन उपलब्ध कराया जाएगा।

# सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, सीओ ने प्रमुख मंदिरों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



जिले में गुरुवार को नवरात्रि पर्व के मद्देनजर सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) प्रशांत राज ने जनपद के प्रमुख शक्तिपीठों का सघन निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीओ सिटी प्रशांत राज सबसे पहले थाना कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित सुप्रसिद्ध माँ बेल्हा देवी मंदिर पहुंचे। इसके पश्चात उन्होंने थाना अंतू क्षेत्र के माँ चंद्रिका देवी धाम का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में प्रवेश एवं निकास मार्ग, बैरिकेडिंग और पार्किंग व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि भीड़ बढ़ने पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। महिला सुरक्षा के मद्देनजर उन्होंने सादे कपड़ों में पुलिस बल की तैनाती और एंटी रोमियो स्क्वाड को सक्रिय रहने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने दी जाए तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपनी ड्यूटी के प्रति सजग रहें और श्रद्धालुओं के साथ शालीन व्यवहार करें। जनपद पुलिस द्वारा नवरात्रि पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने हेतु व्यापक स्तर पर पुलिस बल की तैनाती की गई है एवं निरंतर भ्रमणशील रहकर निगरानी की जा रही है।

## मां भद्रकाली मंदिर में विशाल कन्या भोज का आयोजन

जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़ जिले के बाबागंज ब्लाक मुख्यालय के बगल मे स्थित मां भद्रकाली मंदिर में मंगलवार को चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां भद्रकाली मंदिर में प्रयाग पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारा नन्द सरस्वती जी महाराज के संयोजन में मां भद्रकाली मंदिर प्रबंध समिति के द्वारा विशाल कन्याभोज का आयोजन किया गया! कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम नौ देवियों के स्वरूप नौ कन्याओं का पूजन करके कन्याभोज की शुरुआत की कन्या भोज का कार्यक्रम सुबह सात बजे से शुरू हुआ जो दोपहर तक चलता रहा द्य कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गंगोत्री शुक्ला, नीतू सिंह, प्रीति मधु जायसवाल, शकुंतला जायसवाल, श्री संकठा प्रसाद मिश्र, कामता मणि त्रिपाठी, अमित मिश्र आजाद, रामू पांडेय, मूलचंद्र जायसवाल, अविनाश मिश्रा, अरविन्द शुक्ला, आशुतोष पांडेय, बीनस दुबे, तनुज पांडेय, शशांक पाण्डेय सत्यम, सुमित जायसवाल, कृष्णा जायसवाल, सौरभ जायसवाल, बबन शुक्ला, देशराज पांडेय, देवेंद्र मणि पांडेय, बादल पांडेय राजेश अग्रहरि, अमित अग्रहरि, सुजीत जायसवाल, पप्पू पांडेय, रिंकू मौर्य, मां भद्रकाली के पुजारी त्रिभुवन नाथ शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# दीपदान से आलोकित हुआ प्राचीन काली मंदिर परिसर

जन एक्सप्रेस | ठूठीबारी/महराजगंज



ठूठीबारी कस्बे में स्थित प्राचीन काली मंदिर परिसर में आयोजित श्री श्री 108 शतचंडी महायज्ञ के सातवें दिन भव्य दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर आस्था, भक्ति और उत्साह से सराबोर नजर आया। स्थानीय कस्बा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया।

बुधवार की शाम वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडित कृष्णा पाठक के निर्देशन में श्रद्धालुओं ने विधि-विधानपूर्वक दीपदान किया। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर मां भगवती से अपने परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की। दीपों की जगमगाहट से मंदिर परिसर आलोकित हो उठा और जय माता दी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक व पूर्व ग्राम प्रधान राजेश सिंह, अध्यक्ष अरुण निगम, शिवशंकर कसौधन, डॉ. सुरेश विश्वास, अमर निगम, अजय जायसवाल, पिंटू कसौधन, राहुल प्रजापति, भवन निगम, विजय कसौधन, मनोज कसौधन, पवन जायसवाल, सुरेंद्र निगम, विप्लव मद्धेशिया, जगदीश कुशवाहा, कुलदीप निगम, अवधेश निगम और निखिल जायसवाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। साथ ही बाल वालंटियर ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर श्रद्धालुओं का कहना है कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। दीपदान कार्यक्रम के साथ महायज्ञ का वातावरण और अधिक उल्लासपूर्ण हो गया, जिससे पूरे कस्बे में आस्था की विशेष छटा देखने को मिली।

# जिलाधिकारी द्वारा स्वरचित गीत की हुई लॉन्चिंग, गीत को सिंगर वरदान सिंह ने दिया है स्वर

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



## जौनपुर महोत्सव में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन
## विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश पर आधारित गीत की सभी ने की सराहना

महोत्सव के द्वितीय दिवस तथा शासन के उत्कृष्ट नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ऐतिहासिक शाही किला में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
सांध्यकालीन कार्यक्रम के दौरान मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश गिरीश चंद्र यादव जी, माननीय सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिंशु अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जौनपुर मनोरमा मौर्य, जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति सहित अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधिगण, आमजनमानस की उपस्थिति में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र द्वारा शासन की नौ वर्षों की उपलब्धियों एवं 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' की संकल्पना पर आधारित उनके स्वरचित गीत 'तड़पती धूप में देखो, पिघलती बर्फ में देखो' का लोकार्पण किया गया। इस गीत को बॉलीवुड गायक वरदान सिंह ने अपनी आवाज़ दी है।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह गीत मात्र एक रचना नहीं, बल्कि मन की अनुभूति का प्रतिबिंब है।
उन्होंने गायक वरदान सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब शब्द और स्वर का संगम होता है, तब एक नई यात्रा का आरंभ होता है—एक ऐसी यात्रा, जो विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ती है।
उन्होंने आगे कहा कि जब हम आम जनता और लाभार्थियों से सीधे संवाद करते हैं, तब हमें देश के वास्तविक विकास का अनुभव होता है।
उन्होंने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी के समर्पण पर बल दिया। इस अवसर पर माननीय राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव जी तथा मा0 सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिंशु सहित उपस्थित आमजनमानस ने जिलाधिकारी द्वारा रचित गीत की सराहना की। मा0 गिरीश चंद्र यादव मंत्रीजी तथा बृजेश सिंह प्रिंशु एमएलसी द्वारा जौनपुर महोत्सव में मनमोहक गीतों की प्रस्तुति देने तथा जिलाधिकारी के स्वरचित गीत को स्वर देने पर गायक वरदान सिंह को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# बाइक चोरी के मामलों में वांछित 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

- बाइक चोरी गैंग से जुड़ा अभियुक्त, कई मामलों में दर्ज हैं गंभीर मुकदमे
- एसओजी व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई से मिली सफलता

जन एक्सप्रेस। बस्ती



जनपद में अपराध नियंत्रण की दिशा में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना कप्तानगंज पुलिस, एसओजी टीम व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में बाइक चोरी के कई मामलों में वांछित 50 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी वर्ष 2019 से लगातार फरार चल रहा था और पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत थी।
पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान लालमन यादव पुत्र राम प्रकाश यादव, निवासी बनहा थाना कप्तानगंज, जनपद बस्ती के रूप में हुई है। उसे महराजगंज ओवरब्रिज अंडरपास (थाना कप्तानगंज क्षेत्र) के पास से दबोचा गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा उससे पूछताछ की जा रही है।
बताया गया कि दिनांक 27 नवंबर 2019 को थाना कप्तानगंज पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में दो अभियुक्तों दीप नारायण यादव व अतुल पाठक को गिरफ्तार किया गया था, जिनके कब्जे से दो मोटरसाइकिल व 1200 ग्राम गांजा बरामद हुआ था। पूछताछ के दौरान लालमन यादव व विजय कुमार चौधरी उर्फ टोनी का नाम प्रकाश में आया था। इसके बाद पुलिस ने विजय कुमार चौधरी के घर से सात चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की थीं। जांच में यह भी सामने आया कि उक्त गिरोह द्वारा विभिन्न स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हें बेचने का काम किया जाता था। घटना के बाद से ही लालमन यादव फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।
पुलिस टीम द्वारा लगातार निगरानी और सटीक सूचना के आधार पर आखिरकार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है और उसके खिलाफ जनपद बस्ती के विभिन्न थानों में चोरी, धोखाधड़ी, जालसाजी व अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। इस सफल कार्रवाई में थाना कप्तानगंज के प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में एसओजी व सर्विलांस टीम के पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पेट्रोल डीजल और गैस आपूर्ति के संबंध में किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



## जनपद में ईंधन और गैस की है पर्याप्त उपलब्धता

जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र ने ईंधन और गैस आपूर्ति के संबंध में अवगत कराया है कि जनपद में तेल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता है, जिसे यथावत बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी द्वारा स्वयं भी कई बार सभी उद्यमियों और नागरिकों से अपील की गई है कि डीजल और पेट्रोल की खपत को सम्यक भाव से, आवश्यकता पड़ने पर उपभोग करें, संयम के साथ ईंधन का उपयोग करें। इसी प्रकार गैस की आपूर्ति के संबंध में भी सम्यक उपभोग आवश्यक है यद्यपि खाड़ी युद्ध विशेष रूप से ईरान-इजरायल युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की आपूर्ति पर प्रभाव पड़ा है तथापि उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार इस वैश्विक समस्या के समाधान के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने अवगत कराया है कि जनपद में 275 रिटेल आउटलेट है। जिला पूर्ति अधिकारी की सूचना के अनुसार कुल पेट्रोल पंप ड्राई हुए है, ऐसे पेट्रोल पंप पर तेल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सभी जनपदवासियों से अपील किया है कि पेट्रोल पंप पर शांति और कानून व्यवस्था को प्रभावित न करें। संयम बनाए रखें, तेल की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने अपील किया है कि आवश्यकता से अधिक तेल न लें, और जितनी आवश्यकता है उसी के अनुरूप तेल लें। गाड़ी के अलावा किसी और पात्र में पेट्रोल लेना ज्वलनशील होने की कारण हानिकारक है। संयमित रूप से प्रशासन का सहयोग करें। तेल और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जा रहे हैं। अफवाहों पर ध्यान ना दें, पुलिस अधीक्षक की स्तर से सोशल मीडिया पर निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने सभी से सहयोग की अपेक्षा की।

# नवारंभ उत्सव में निखरी बच्चों की प्रतिभा, शिक्षा को बताया मजबूत नींव



जन एक्सप्रेस। बस्ती

जनपद के प्राथमिक विद्यालय कूड़ी में को-लोकेटेड आंगनबाड़ी एवं बाल वाटिका के अंतर्गत विद्यालय स्तरीय 'नवारंभ उत्सव, वार्षिकोत्सव एवं स्कूल अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा, शिक्षकों की सक्रियता और अभिभावकों की सहभागिता देखने को मिली।
मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजकुमार शुक्ला ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव होती है। उन्होंने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।
कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एसआरजी अंगद पाण्डेय एवं एआरपी प्रदीप कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
कार्यक्रम का संचालन एवं सफल आयोजन प्रधानाध्यापिका सुनीता चौधरी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।
विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, गीत, नृत्य एवं शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। नन्हें-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया और खूब तालियां बटोरीं।
इस अवसर पर सृष्टि शर्मा, सौम्या पाण्डेय, मीना कुमारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बालजती शुक्ला, सहायिका आरती देवी सहित समस्त छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया।

# जयन्ती पर समाजवादियों ने सम्राट अशोक को किया नमन्, योगदान पर चर्चा

जन एक्सप्रेस। बस्ती



गुरूवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव के संयोजन में सम्राट अशोक को उनकी जयन्ती पर याद किया गया। विधायक महेन्द्रनाथ ने कहा कि सम्राट अशोक का भारतीय इतिहास और संस्कृति में अतुलनीय योगदान है। उन्होंने कलिंग युद्ध के बाद युद्ध त्याग कर 'धम्म' (नैतिकता) की नीति अपनाई, बौद्ध धर्म का विश्वभर में प्रसार किया, और अहिंसा, जनकल्याण (अस्पताल, सड़कें, कुएं) तथा धार्मिक सहिष्णुता पर जोर दिया। उनके द्वारा निर्मित शिलालेख, स्तूप (सांची), और अशोक स्तंभ (राष्ट्रीय प्रतीक) आज भी भारतीय विरासत का अभिन्न हिस्सा हैं। कहा कि हमें अपने महापुरूषों से प्रेरणा लेनी चाहिये।
कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, विधायक राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, संजय गौतम, मो. सलीम , आर.डी. निषाद, जावेद पिण्डारी, अरविन्द सोनकर, जमील अहमद आदि ने कहा कि सम्राट अशोक ने अपने शासनकाल में एक विशाल साम्राज्य को एकता के सूत्र में बांधकर न केवल राजनैतिक, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक रूप से भी भारत को समृद्ध किया। सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म को राजकीय संरक्षण देकर उसे एक विश्व धर्म बनाया। उन्होंने अपने पुत्र महेंद्र और पुत्री संघमित्रा को बौद्ध धर्म के प्रसार के लिए श्रीलंका भेजा और वहां बोधि वृक्ष का पौधा लगवाया। उन्होंने चिकित्सालय, सराय, सड़कों का निर्माण, और वृक्षारोपण जैसे कार्य करवाए। जानवरों के लिए भी अस्पतालों का निर्माण करवाया। महापुरूष हमें निरन्तर आगे बढने की प्रेरणा देते हैं।
कार्यक्रम में मुख्य रूप से रन बहादुर यादव, राजेन्द्र चौधरी, डा. आर.डी. गोस्वामी, अरविन्द यादव, राम प्रकाश सुमन, नित्याराम चौधरी, घनश्याम यादव, अनिल निषाद, विजय विक्रम आर्य, हनुमान प्रसाद चौधरी, मधुबन यदव, कुलदीप मौर्य, अकबर अली, मुरलीधर पाण्डेय, विश्वम्भर चौधरी, भोला पाण्डेय, मो. युनूस आलम, गौरीशंकर यादव, सुशील यादव, मो. अहमद सज्जू आदि ने सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन् किया।

# चौकिया धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

## नवरात्रि की अष्टमी पर हजारों श्रद्धालुओं ने किए मां शीतला चौकिया धाम के दर्शन





जन एक्सप्रेस। जौनपुर

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आज अष्टमी के दिन जौनपुर के प्रसिद्ध चौकिया धाम मंदिर में भक्तों का भारी जनसैलाब देखने को मिला। सुबह की मंगला आरती के साथ ही भक्तों की लंबी कतारें लग गई, जो दोपहर तक मंदिर परिसर से काफी दूर काली माता मंदिर तक पहुँच गई थीं।

### भक्तों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम

मंदिर के महंत विनय त्रिपाठी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि प्रशासन और मंदिर समिति के आपसी सहयोग से इस बार सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।
उन्होंने जानकारी दी कि:अखंड सुरक्षा: पिछले कई नवरात्रों की तरह इस बार भी मंदिर परिसर में चोरी या चेन स्नैचिंग जैसी कोई घटना नहीं हुई है।
प्रशासन का सहयोग: महंत जी ने जनपद के जिलाधिकारी, एसएसपी, चौकी प्रभारी और समस्त पुलिस बल का आभार व्यक्त किया, जिनके कुशल प्रबंधन से दर्शनार्थियों को कोई समस्या नहीं हुई।
भक्तों का कोई परेशानी न हो, इसके लिए महंत स्वयं मंदिर के अन्य सदस्यों के साथ लाइनों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

### धार्मिक अनुष्ठान और प्रसाद वितरण

अष्टमी के इस खास दिन पर श्रद्धालुओं माँ को कड़ाही चढ़ा रहे हैं और पूरी-हलवा का भोग लगाकर अपनी मनोकामनाएं मांग रहे हैं।
मंदिर परिसर में भक्तों के लिए शुद्ध पेयजल और प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है।
महंत विनय त्रिपाठी ने सभी देशवासियों और मीडिया कर्मियों को चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा:
माता रानी की कृपा सभी पर बनी रहे। हमारा मुख्य उद्देश्य यही है कि दूर-दराज से आने वाले किसी भी दर्शनार्थी को कोई कठिनाई न हो और वे सुगमता से माता के दर्शन कर सकें।

# जौनपुर में सनसनीखेज वारदात: हत्या के आरोपी की चाकू गोदकर हत्या

## शव एक किलोमीटर दूर फेंका जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

### बदले की आशंका, एक दर्जन हमलावरों ने दौड़ाकर किया हमला; गांव में दहशत का माहौल



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर जफराबाद के जफराबाद थाना क्षेत्र के सिरकोनी गांव में बुधवार को एक सनसनीखेज हत्या की घटना सामने आई, जहां पूर्व में हत्या के आरोपी रहे युवक की एक दर्जन से अधिक हमलावरों ने चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी।
वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी शव को करीब एक किलोमीटर दूर बन्दीपुर गांव के पास सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, जलालपुर थाना क्षेत्र के संघईपुर गांव निवासी आशीष उर्फ चिघड़ू चौहान (पुत्र अरविंद चौहान) बुधवार को बन्दीपुर स्थित एक शराब ठेके के पास मौजूद था। तभी अचानक एक दर्जन से अधिक युवक वहां पहुंचे और उसे दौड़ाने लगे। जान बचाने के लिए आशीष भागकर सिरकोनी गांव में घुस गया और कई घरों में शरण लेने का प्रयास किया, लेकिन हमलावरों के भय से ग्रामीण सहम गए। भागते-भागते वह गांव के निवासी गुल्लू मौर्य के घर के पीछे स्थित एक मड़हे में पहुंचा, जहां हमलावरों ने उसे घेर लिया और उस पर ताबड़तोड़ चाकुओं से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल आशीष ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।
घटना के बाद जब ग्रामीणों ने शोर मचाया तो हमलावर शव को उठाकर बन्दीपुर की ओर ले गए और हाईवे जाने वाली सड़क पर फेंककर फरार हो गए।

# पुलिस उप महानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र, द्वारा थाना जफराबाद का किया निरीक्षण




जन एक्सप्रेस। जौनपुर

## इसमें थाना कार्यालय में सभी अभिलेखों का अवलोकन किया गया

वैभव कृष्ण, पुलिस उपमहानिरीक्षक, वाराणसी परिक्षेत्र, वाराणसी द्वारा कुंवर अनुपम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ थाना जफराबाद का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, भोजनालय, सीसीटीएनएस कार्यालय,मालखाना, बैरक, शौचालय, हवालात व थाना परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया। इसमें थाना कार्यालय में सभी अभिलेखों का अवलोकन किया गया, जनसुनवाई रजिस्टर में दर्ज शिकायतों का निरीक्षण किया गया। थाना परिसर में खड़े वाहनों को अपराध के क्रमानुसार खड़ी कर नियमानुसार निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया गया। मालखाने का निरीक्षण कर मालखाना मुहर्रिर को माल निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर रिस्पांस टाइम कम करने हेतु निर्देश दिया गया। थाना समाधान दिवस पर जनता की शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों को मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण करने हेतु थानाप्रभारी जफराबाद श्रीप्रकाश शुक्ला को निर्देशित किया।

# डॉक्टर विवेक श्रीवास्तव ने दी स्वास्थ्य संबंधी सलाह

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर और अष्टमी तिथि के शुभ दिन पर, साल्वेशन हॉस्पिटल के डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने जनपदवासियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।
त्योहार की बधाई दी, बल्कि बदलते मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की अपील भी की।
डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में मौसम तेजी से बदल रहा है और धीरे-धीरे गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है। ऐसे में शरीर को स्वस्थ रखना एक बड़ी चुनौती हो सकती है।

### महत्वपूर्ण सुझाव दिए:

हाइड्रेटेड रहें: गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी हो सकती है, इसलिए दिन भर पानी पीते रहे।
बदलते मौसम में मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए खान-पान और जीवनशैली पर विशेष ध्यान दें।
अस्पताल की प्रतिबद्धता: उन्होंने विश्वास दिलाया कि किसी भी पड़ने पर साल्वेशन हॉस्पिटल की टीम हर समय जनपदवासियों की सेवा के लिए तत्पर है।

### एक सामाजिक पहल

त्योहारों के उत्साह के बीच एक चिकित्सक का स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना समाज के लिए
डॉ. विवेक ने सभी को रामनवमी की भी अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए सबके सुखी और स्वस्थ जीवन की कामना की।
मौसम बदल रहा है और गर्मी बढ़ रही है, इसलिए खुद को हाइड्रेटेड रखें और स्वस्थ रहें।

# एसएसपी कुंवर अनुपम सिंह का अपराधियों पर ऑपरेशन लंगड़ा जारी



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर के थाना जलालपुर, चंदवक, केराकत और स्हत्र की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के बाद 2 इनामी बदमाशों को किया गिरफ्तार। ओईना के पास घेराबंदी के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर चलाई गोली; जवाबी कार्रवाई में दोनों अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शिवशंकर चौहान और धनंजय उर्फ नन्दू के रूप में हुई।
जो हत्या (धारा 103 ब्क्हस्) के मामले में वांछित थे। कब्जे से दो तमंचे, कारतूस, एक बाइक और हत्या में प्रयुक्त चाकू (आलाकत्ल) बरामद किया गया। एसएसपी जौनपुर के निर्देशन में अपराध रोकथाम अभियान के तहत पुलिस टीम को मिली बड़ी कामयाबी।

# नगर पंचायत में सम्पन्न हुआ शपथ ग्रहण समारोह

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

नगर पंचायत में नामित सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह का गरिमामय आयोजन नगर पंचायत कार्यालय में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी राखी वर्मा ने देवी दयाल राठौर, अमर सिंह व निशा रावत को गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत ने की, जबकि अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव की उपस्थिति ने आयोजन को सुव्यवस्थित बनाया। समारोह में ब्लॉक प्रमुख रामबाग शेरावत, राकेश पांडे, उपेंद्र त्रिपाठी, अतुल तिवारी, ओमप्रकाश मिश्रा एवं अनूप श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने नव-नामित सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए नगर के समग्र विकास, पारदर्शिता और जनसेवा के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की अपेक्षा जताई।
विकास खण्ड गोंदलामऊ क्षेत्र में मानवता और सेवा भाव की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है। बरगदिया गांव के निकट सिधौली मिश्रिख मार्ग पर एक घायल नंदी लंबे समय से गंभीर पीड़ा में था, जिसके पैर का घाव अत्यंत विकराल हो चुका था। नंदी की दयनीय स्थिति को देखकर स्वदेशी गोविज्ञान अनुसंधान केन्द्र व कामधेनु फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष मदन पाल सिंह अर्कवंशी ने संवेदनशील पहल करते हुए तत्काल मदद का संकल्प लिया। उनके प्रयासों से गोंदलामऊ के पशु चिकित्साधिकारी आलोक शुक्ला अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उपचार शुरू किया। ग्रामीणों के सहयोग और टीम की कड़ी मेहनत से नंदी को सुरक्षित तेरवा स्थित केंद्र पहुंचाया गया, जहां उसका समुचित इलाज जारी है। यह सराहनीय पहल समाज को यह संदेश देती है कि बेजुबान जीवों के प्रति करुणा, जिम्मेदारी और सहयोग ही सच्ची मानवता की पहचान है।
क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि प्राथमिक विद्यालय मनिकापुर की मेधावी छात्रा कु0 पारुल ने अपनी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। वर्ष 2026-27 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा में 82 अंक प्राप्त कर चयनित होकर पारुल ने विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में पारुल व उनके माता- पिता का अध्यापक अध्यापिकाओं द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत कर भावभीनी विदाई दी गई। इस सफलता का श्रेय प्रधानाध्यापिका सुषमा चैधरी के कुशल नेतृत्व तथा शिक्षिकाएं अंजू यादव और शिक्षक लवकुश के समर्पित प्रयासों को दिया गया।कार्यक्रम में अन्य उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को भी शिक्षण सामग्री देकर सम्मानित किया गया।
अभिभावकों व क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में आयोजन उत्साहपूर्ण रहा।

# रामनवमी पर सफाई मित्रों की बेटियों का सम्मान 101 कन्याओं का पूजन





जन एक्सप्रेस। सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को रामनवमी के अवसर पर नगर पालिका परिषद लखीमपुर ने महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में सदर विधायक योगेश वर्मा, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी और समाजसेवी मंजुला बरतरिया सहित कई सभासद उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान 101 कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस आयोजन की मुख्य विशेषता यह रही कि नगर पालिका के सफाई मित्रों की बेटियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। अतिथियों ने इन कन्याओं के चरण धोकर, माथे पर तिलक लगाकर और

### महिला सशक्तिकरण का संदेश

उन्हें भोजन कराकर सम्मान प्रकट किया।वक्ताओं ने इस अवसर पर कहा कि नारी शक्ति समाज की आधारशिला है। उन्होंने जोर दिया कि महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण से ही समाज का समग्र विकास संभव है। यह कार्यक्रम रामनवमी के पावन अवसर पर बेटियों के प्रति सम्मान और समानता का संदेश देता है। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने महिला सशक्तिकरण के संदेश को आगे बढ़ाने और नारी सम्मान को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

# आभा आईडी निर्माण में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सीएमओ खीरी लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस में हुए सम्मानित

### सीएमओ ने पूरी टीम की कार्य को लेकर की प्रशंसा




जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

जनपद खीरी की स्वास्थ्य टीम को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। 25 मार्च 2025 को लखनऊ स्थित होटल क्लार्क अवध में आयोजित राज्य स्तरीय एबीडीएम कॉन्फ्रेंस के दौरान अभियान अवधि में सबसे अधिक आभा आईडी बनाने के लिए सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता को 'प्रशंसा पत्र' प्रदान किया गया है।यह सम्मान महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं द्वारा सचिव स्वास्थ्य/ मिशन डायरेक्टर एबीडीएम उत्तर प्रदेश रितु माहेश्वरी तथा अपर निदेशक लखनऊ मंडल की उपस्थिति में प्राप्त हुआ। कॉन्फ्रेंस में कई मंडलों के अपर निदेशक, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डिप्टी सीएमओ व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात अधीक्षक सहित 200 से अधिक अधिकारी सम्मिलित हुए।

इस उपलब्धि पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने खुशी जताते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे जनपद की स्वास्थ्य टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। इस सफलता में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल व मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन का विशेष योगदान है। इसी के साथ अधीक्षक, डीपीएमयू स्टाफ, बीपीएमयू स्टाफ, सीएचओ, एएनएम, संगिनी, आशा कार्यकर्ता तथा अन्य पैरामेडिकल स्टाफ का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि शीर्ष स्थान प्राप्त करना जितना चुनौतीपूर्ण होता है, उससे कहीं अधिक कठिन उसे बनाए रखना होता है। इसलिए सभी स्वास्थ्यकर्मियों को लगातार प्रयास करते हुए आभा आईडी निर्माण और एबीडीएम के अन्य पहलुओं में जनपद को आगे बनाए रखने के लिए और अधिक मेहनत करनी होगी।

उन्होंने पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने का आह्वान किया। लखनऊ में मिले सम्मान को लेकर उन्हें लगातार शुभकामनाएं मिल रही हैं। उन्होंने इस सम्मान के लिए उच्चाधिकारियों का धन्यवाद भी किया।

# सात साल की मासूम की तेंदुए के हमले में मौत, परिजनों का शव रखकर प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी



निघासन तहसील क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब बेलरायां वन रेंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिधौना के फूटहा फार्म में तेंदुए के हमले में सात वर्षीय मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने बच्ची का शव घर पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया और अपनी मांगों को लेकर डट गए। घटना से पूरे इलाके में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित परिवार बेहद गरीब और विषम परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहा है। लगभग 70 वर्ष की उम्र में पिता को यह इकलौती संतान मिली थी। बताया जा रहा है कि पिता ने तीन शादियां की थीं, जिनमें से दो पत्नियों का पहले ही निधन हो चुका है। लंबे इंतजार के बाद तीसरी पत्नी से इस बच्ची का जन्म हुआ था, लेकिन यह खुशी ज्यादा समय तक टिक नहीं सकी। बच्ची की मां गूंगी है और इस गहरे सदमे को बयां करने में भी असमर्थ है, जिससे परिवार की पीड़ा और अधिक मार्मिक हो गई है।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। डीएफओ कीर्ति चौधरी, क्षेत्राधिकारी शुभम कुमार तथा उपजिलाधिकारी राजीव निगम ने मौके का जायजा लिया। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए पढुआ, निघासन, पलिया और सिंगाही थानों की भारी पुलिस फोर्स तैनात रही।

मौके पर किसान संगठन के नेता जसपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी लोग परिजनों के समर्थन में धरने पर बैठ गए और उनकी मांगों को पूरा कराने के लिए प्रशासन पर दबाव बनाते रहे। परिजन अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। उनका कहना है कि उन्हें तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए तथा क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे तेंदुए के आतंक से स्थायी रूप से निजात दिलाई जाए।

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से जंगली जानवरों का आतंक बना हुआ है, लेकिन वन विभाग की ओर से ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। इस घटना के बाद ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहा है। लोग अपने बच्चों को घर से बाहर भेजने में भी डर महसूस कर रहे हैं।प्रशासन की ओर से परिजनों को हर संभव सहायता और कार्रवाई का आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन परिजन लिखित आश्वासन और ठोस कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं। देर शाम तक मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।

यह घटना एक बार फिर मानव-वन्यजीव संघर्ष की गंभीर समस्या को उजागर करती है, जिस पर तत्काल और प्रभावी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

# ड्रमो में डीजल देने पर पंप मालिकों ने लगाई रोक



जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

ईरान इजरायल और अमेरिका के युद्ध की तपिश बढ़ती जा रही है जिसके चलते एलपीजी गैस के बाद डीजल पेट्रोल पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। क्षेत्र में पेट्रोल पेट्रोलियम पदार्थ विक्रेताओं के संगठन से आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने बैठक कर गुपचुप रूप से पेट्रोल पंप मालिकों ने किसानों को ड्रम में तेल देने पर रोक लगा दी है जिसकी खबर आज की तरह फैल गई लोग आपात स्थिति निपटने को लेकर लोग केनो और ड्रमो मे भरकर स्टोर करने में जुट गए हैं। वहीं गैस का संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है कालाबाजारी के चलते उपभोक्ताओं को 2 हजार से अधिक रुपए की कीमत चुकानी पड़ रही है। प्रधानमंत्री के वक्तव्य कोरोना के संकट से उबर गए अब पेट्रोलियम पदार्थ के संकट की बारी है जिससे लोग कई अर्थ लगाकर खुद को असहज महसूस करने लगे हैं। शादी बारात आयोजनों में गैस की जरूर त पहले कमर्शियल सिलेंडर से पूरी होती थी आपूर्ति बंद होने पर संकट खड़ा हो गया है।

# राजा राज राजेश्वर सिंह की पहल से पुलिया निर्माण की उम्मीद जगी



जन एक्सप्रेस। अख्तर अली

निघासन खीरी। जनपद की निघासन तहसील क्षेत्र के ग्राम टापरपुरवा में नहर पर पुलिया न होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में नहर की सफाई के दौरान विभाग द्वारा लगाए गए अस्थायी ढोलों को हटा दिए जाने से गांव का संपर्क मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है। इससे ग्रामीणों का दैनिक आवागमन प्रभावित हो रहा है और उन्हें लंबा चक्कर लगाकर आने-जाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह से शिकायत की थी। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने मौके पर निरीक्षण किया व स्थायी पुलिया निर्माण की आवश्यकता बताई और संबंधित अधिकारियों से कार्रवाई का आश्वासन दिया।

सोमवार को राजा राज राजेश्वर सिंह ने शारदा नगर सिंचाई खंड के अधिशाषी अभियंता करनपाल गंगवार से मुलाकात कर टापरपुरवा नहर पर स्थायी पुलिया निर्माण के लिए पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि जल्द ही विभागीय अधिकारी मौके का निरीक्षण करेंगे और प्राथमिकता के आधार पर पुलिया निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया निर्माण होने से न केवल उनके आवागमन की समस्या दूर होगी, बल्कि आसपास के क्षेत्र के लोगों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

### प्रधानाध्यापक हरिवंश लाल का हुआ विदाई समारोह

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। ब्लॉक फूलबेहड़ के संवि.उच्च प्राथमिक विद्यालय कोरारा के प्रधानाध्यापक हरवंश लाल जी का विदाई समारोह संविलियन विद्यालय कोरारा में गत दिवस संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई फूलबेहड़ के मंत्री अजय प्रताप वर्मा,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला मंत्री संदीप गौतम, एआरपी अंशुल गुप्ता एवं न्याय पंचायत मुड़िया खुर्द के नोडल संकुल वकार मोहम्मद, प्राथमिक विद्यालय पकरिया से शिक्षण संकुल राम सजीवन विश्वकर्माजी, प्राथमिक विद्यालय चुरईपुरवा से विश्वनाथ प्रताप सिंह जी, प्राथमिक विद्यालय चौरठिया से उमेश चंद्र राठौर एवं अन्य शिक्षक साथियों ने प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्ति ले रहे हरबंस लाल जी को माला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। अध्यापकों ने नाना प्रकार के उपहार सेवानिवृत अध्यापक को प्रदान किए। कार्यक्रम में संपूर्ण न्याय पंचायत मुड़िया खुर्द के शिक्षको ने भाग लिया। बताया जा रहा है कि सेवानिवृत अध्यापक हरवंश लाल जी का सेवा कार्यकाल उत्तम रहा जिसकी लोग सराहना करते हैं।

# शिवराजपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 403 ग्राम अफीम के साथ अभियुक्त गिरफ्तार




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कमिश्नरेट कानपुर नगर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शिवराजपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने एनडीपीएस एक्ट के तहत वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध अफीम बरामद की है।पुलिस आयुक्त के निर्देश तथा पुलिस उपायुक्त पश्चिम, अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम एवं सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के कुशल निर्देशन में थाना शिवराजपुर की टीम ने कार्रवाई करते हुए मु0अ0सं0 66/2026 धारा 08/18 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित अभियुक्त अनवार अली (45 वर्ष) पुत्र लड्डन अली निवासी ग्राम देवपुरा, थाना काल्पी, जनपद जालौन को 26 मार्च 2026 को गिरफ्तार किया।गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के पास से 403 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई, जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी की। इसके बाद अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए कोर्ट माती, कानपुर देहात भेज दिया गया।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में शामिल अधिकारी/ कर्मचारीः थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 हेमन्त कुमार, उ0नि0 शुभम गौतम, उ0नि0 राम मोहन (स्वाट टीम प्रभारी), कांस्टेबल राहुल सिंह, हेड कांस्टेबल समीर यादव, कांस्टेबल संजय (सर्विलांस सेल), कांस्टेबल अजय कुमार गुप्ता एवं कांस्टेबल अवधेश कुमार (स्वाट टीम पश्चिम जोन) की अहम भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है।

# 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा आपदा प्रबंधन में सजगता की मिसाल स्ब्ष्ध्न छ्हृद्धघ्द्य का किया गया भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी द्वारा आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल करते हुए दिनांक 25 मार्च 2026 को क्षेत्रक मुख्यालय स्तर पर एक व्यापक स्ब्ष्ध्न छ्हृद्धघ्द्य अभ्यास/प्रदर्शन का सफल आयोजन किया गया यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम श्री राजन कुमार श्रीवास्तव, कमांडेंट, 70वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल के कुशल दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य आमजन एवं विभिन्न संस्थाओं को आपदा के प्रति सजग, प्रशिक्षित एवं सक्षम बनाना रहा। कार्यक्रम का आयोजन समवाय निशानगाड़ा के तत्वावधान में अटल सभागार एवं जिला पंचायत सभागार, लखीमपुर खीरी में किया गया, जहां राहत एवं बचाव दल (ऋऋक्ष) द्वारा भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान अपनाई जाने वाली जीवनरक्षक तकनीकों एवं कार्यवाहियों का सजीव एवं प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। आपदा प्रबंधन के विभिन्न चरणों पर दिया गया विशेष प्रशिक्षण इस स्ब्ष्ध्न छ्हृद्धघ्द्य के दौरान आपदा प्रबंधन के तीनों महत्वपूर्ण चरणों- आपदा से पूर्व की तैयारी आपदा के दौरान की कार्यवाही (Response) आपदा के पश्चात राहत एवं पुनर्वास (Recovery)पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई, जिससे प्रतिभागियों को आपात स्थिति में सही निर्णय लेने एवं त्वरित कार्रवाई करने की समझ विकसित हो सके। व्यावहारिक प्रदर्शन ने बढ़ाई समझ और आत्मविश्वास कार्यक्रम की विशेषता इसका प्रायोगिक (Practical) प्रदर्शन रहा, जिसमें RRT टीम द्वारा CPR (Cardio Pulmonary Resuscitation) का प्रदर्शन प्राथमिक उपचार (First Aid) की विधियाँ सीमित संसाधनों में अस्थायी स्ट्रेचर तैयार करना घायलों को सुरक्षित स्थान तक ले जाने की तकनीक आपदा स्थल परत्वरित बचाव एवं राहत कार्य का प्रभावी एवं सजीव प्रदर्शन किया गया।

इन प्रदर्शनों के माध्यम से उपस्थित प्रतिभागियों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान मिला, बल्कि वास्तविक परिस्थितियों में कार्य करने का आत्मविश्वास भी प्राप्त हुआ। प्रशासन एवं जनसामान्य की सक्रिय भागीदारीइस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, आपदा विशेषज्ञों एवं स्थानीय समुदाय की उल्लेखनीय भागीदारी रही। विशेष रूप से नरेन्द्र बहादुर, अपर जिलाधिकारी, लखीमपुर खीरी योगेन्द्र त्रिपाठी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अंकित कुमार राज, आपदा मास्टर ट्रेनर की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त लगभग 120 आपदा मित्रों एवं 175 स्वयं सहायता समूह (महिलाओं) ने सक्रिय रूप से सहभागिता करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। SSB RRT टीम का सराहनीय प्रदर्शन Mock Drill के दौरान SSB की RRT टीम ने उत्कृष्ट समन्वय, तत्परता एवं पेशेवर दक्षता का परिचय दिया। निरीक्षक (सामान्य) हिमांशु शेखर (RRT दल प्रभारी) सहित कुल 20 कार्मिकों ने पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ इस अभ्यास को सफलतापूर्वक संपन्न किया। जन-जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल यह आयोजन न केवल आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूत करने में सहायक सिद्ध हुआ, बल्कि आमजन में जागरूकता बढ़ाने, आत्मविश्वास विकसित करने एवं सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, शांति भंग की आशंका पर पुलिस की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



थाना ककवन पुलिस ने आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई कानून-व्यवस्था बनाए रखने और संभावित सांप्रदायिक तनाव को रोकने के उद्देश्य से की गई। पुलिस के अनुसार, कस्बा ककवन निवासी मो0 शरीफ (उम्र लगभग 40 वर्ष) द्वारा सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया गया था, जिसमें हिन्दू देवी-देवताओं के प्रति अपमानजनक और अमर्यादित टिप्पणी की गई थी। वीडियो के प्रसार से क्षेत्र में सार्वजनिक शांति भंग होने और सांप्रदायिक तनाव फैलने की आशंका उत्पन्न हो गई थी।

कमिश्नरेट कानपुर नगर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त पश्चिम, अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम तथा सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के निर्देशन में थाना ककवन के प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के खिलाफ धारा 170/ 126/ 135 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए उसे 26 मार्च 2026 को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में शामिल रहे–उपनिरीक्षक यादवेन्द्र यादव, उपनिरीक्षक जितेन्द्र भाटीपुलिस ने स्पष्ट किया है

कि किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# अध्यक्ष पद पर विमल गुप्ता ने छोटेलाल को दी कड़ी शिकस्त पंद्रह वोट से जीत दर्ज की और मंत्री पद पर उपेंद्र कश्यप निर्विरोध निर्वाचित

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी



सिविल बार एसोसिएशन में चुनाव प्रक्रिया हुई सम्पन्न अध्यक्ष पद पर विमल गुप्ता और छोटे लाल वर्मा के बीच कड़ी टक्कर में विमल गुप्ता ने छोटेलाल को पंद्रह वोटो से हराकर जीत दर्ज की वही कनिष्ठ उपाध्यक्ष पर मो नईम वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर राकेश वैश्य मंत्री पद पर उपेंद्र कश्यप कश्यप कोषाध्यक्ष पर लालता मिश्रा संयुक्त मंत्री पर गौरव जायसवाल शमशाद सत्येंद्र पांडेय गर्वनिंग कौंसिल पद प्रेम कन्हैया मायाराम हेमंत शुक्ला निर्विरोध निर्वाचित हुए सुबह ग्यारह बजे से शाम तीन बजे तक कुल 118 वोटर थे जिसमें 115 पंद्रह लोगों ने मतदान किया शेष तीन बचे वोटर को मुख्य चुनाव अधिकारी उत्तम गुप्ता ने तीनों वोटो को निरस्त कर कार्यवाही की काफी गहमां गहमी के बीच मतदान सम्मान हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर विमल गुप्ता ने जीत दर्ज की नवनिर्वाचित अध्यक्ष विमल गुप्ता ने बताया की ये जीत मेरी नहीं समस्त अधिवक्ताओं की जीत है किसी भी अधिवक्ता का अपमान बर्दाश्त नहीं वही मौके पर पहुंचे सेंट्रल बार के अध्यक्ष सर्वेश मिश्रा मंत्री उमाकांत जायसवाल और तहसील अध्यक्ष चंद्रकेश मिश्रा मंत्री लतीफ समेत पूरी कार्यकारिणी ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी। इस मौके पर वीरेंद्र भदौरिया पंकज जायसवाल विवेक श्रीवास्तव शशिकांत चतुर्वेदी मंत्री टी एल यादव वीरेंद्र रुहेला अनिल गुप्ता रूपेश श्रीवास्तव रवि गुप्ता राकेश शुक्ला डी पी सिंह आशीष कश्यप जितेंद्र सिंह सोने लाल लोधी अख्तर अली अनिल गुप्ता संजय गुप्ता राजू गिरि अवधेश विश्वकर्मा संजीव राम जी राणा समेत समस्त अधिवक्ता मौजूद रहे।

**मुख्य चुनाव अधिकारी उत्तम गुप्ता सहायक चुनाव अधिकारी अमित अशोक वर्मा कार्यालय प्रभारी दीपक गिरि ने सभी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को जीत का प्रमाणपत्र देकर बधाई दी।**

# चीनी मिल, गन्ना विकास परिषद पलिया द्वारा एक गन्ना किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस। पलिया कला खीरी




बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया क्षेत्र के आदिवासी जनजाति थारु क्षेत्र के ग्राम बलेरा में चीनी मिल, गन्ना विकास परिषद पलिया द्वारा एक गन्ना किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया

जिसमें गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर के उपनिदेशक डाक्टर पी के कपिल, जेस्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश पांडे, महाप्रबंधक गन्ना राजीव तोमर मौजूद रहे। किसानों को संबोधित करते हुए राजीव तोमर ने बताया कि अभी बसंत कालीन बुवाई का उत्तम समय चल रहा है।

किसान भाई गन्ना प्रजाति को0 118, को0 98014, को0,15023, को0लख0 14201, की बुवाई करें, उन्होंने किसानों को बताया कि को0 0238 की बुवाई कदापि ना करें साथ ही कोई भी अस्वीकृत या अपरिचित प्रजाति की बुवाई ना करें। जिस खेत में गत वर्ष लाल सड़न रोग लगा हो उसमें दोबारा गन्ना की बुआई ना करें। साथ ही गन्ना बुवाई के लिए बीज के दो आंख वाले टुकड़े काटकर 250 ग्राम या हेक्सास्टॉप दवा को 250 लीटर पानी के घोल में 10 मिनट तक उपचारित करने के उपरांत ही बुवाई करें। खेत में गन्ना बुवाई से पूर्व ट्राइकोडरमा 5 किलो ग्राम प्रति एकड़ की दर से 2 से 3 कुंटल सडी गोबर की खाद में मिलाकर छायादार स्थान में फैला कर संवर्धित कर ले तथा खेत में अंतिम जुताई के समय बिखेर दें। गन्ने की बुवाई ट्रेंच विधि या दोहरी पंक्ति विधि द्वारा ही करें।

डॉ0 पी0के0 कपिल द्वारा किसानों को गन्ना फसल में पोषक तत्वों की जानकारी देते हुए बताया कि मृदा परीक्षण के आधार पर फसल में 180 किलोग्राम नाइट्रोजन, 80 किलोग्राम फास्फोरस, 40 किलोग्राम पोटाश, व 25 किलोग्राम जिंक सल्फेट प्रयोग करें। साथ ही गोबर की खाद 150 कुंटल अवश्य प्रयोग करें।जिससे खेत की उर्वरा शक्ति बनी रहे। डाक्टर कपिल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि खेती के साथ साथ बागवानी एवं सब्जियों की खेती करें, आमदनी बढ़ाने के लिए गन्ने के बीच की दूरी कम से कम चार फिट की दूरी होनी चाहिए जिससे सह फसली का लाभ लेकर आमदनी बढ़ा सकें, किसानों द्वारा खेत में जलाये जाने वाले पत्तियों से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी।

जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश पांडेय ने गन्ना विकास परिषद द्वारा संचालित योजनाओ के बारे में जानकारी दी। गोष्ठी के दौरान काफी संख्या में किसान व चीनी मिल के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवीन खोखर ने की।

# बांग्लादेश में बस नदी में गिरी, 26 की मौत, 6 लोगों की जान बचाई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ढाका**

बांग्लादेश के राजबाड़ी जिले में हुए बस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। यह हादसा तब हुआ जब यात्रियों से भरी बस दाउलतदिया घाट पर फेरी (बड़ी नाव) में चढ़ते समय पद्मा नदी में गिर गई। फायर सर्विस के मुताबिक, 23 शव बस के अंदर से निकाले गए, जिनमें 11 महिलाएं, 8 पुरुष और 5 बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा 8 लोगों को जिंदा बचाया गया था, लेकिन उनमें से 3 लोगों की बाद में अस्पताल में मौत हो गई। कुछ लोगों की तलाश जारी है। वहीं, 22 मृतकों के शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं।

### पीएम रहमान ने जांच के आदेश दिए

बस में करीब 40 लोग सवार थे। हादसा बुधवार शाम को हुआ। तब सिर्फ 2 लोगों की मौत की खबर आई थी। बांग्लादेश में बसों और गाड़ियों को नदी पार कराने के लिए फेरी का इस्तेमाल होता है। यह एक बड़ी नाव या जहाज जैसा होता है। प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली और जांच के आदेश दिए।




### घटना के वक्त बस में 40 यात्री सवार थे

मिली जानकारी के अनुसार, बस में करीब 40 यात्री सवार थे, जिनमें कई बच्चे भी शामिल थे। ये सभी लोग ईद की छुट्टियां मनाकर ढाका लौट रहे थे। हादसे के बाद तुरंत राहत और बचाव अभियान शुरू किया गया। काफी मुश्किल हालात और खराब मौसम के बीच करीब छह घंटे की मेहनत के बाद क्रेन की मदद से बस को नदी से बाहर निकाला गया।

### फेरी पर लोडिंग के वक्त एक नाव ने मारी थी टक्कर

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जब बस फेरी की ओर बढ़ रही थी, तभी एक छोटी नाव (यूटिलिटी फेरी) ने पोंटून को टक्कर मार दी। इससे बस चालक का संतुलन बिगड़ गया और बस सीधे नदी में गिर गई। कुछ लोग तैरकर बाहर निकलने में सफल रहे या उन्हें बचा लिया गया, लेकिन ज्यादातर यात्री बस के अंदर ही फंसे रह गए।

### रेस्क्यू ऑपरेशन में फायर सर्विस की चार टीमें शामिल थीं

रेस्क्यू ऑपरेशन में फायर सर्विस की चार टीमें और 10 गोताखोर शामिल रहे। इनके साथ सेना, पुलिस, कोस्टगार्ड, BIWTC और लोकल प्रशासन ने भी मिलकर काम किया। कुल 25 मृतकों में से 22 शव फायर सर्विस ने निकाले, 2 लोगों को स्थानीय लोगों ने बचाया लेकिन बाद उनकी मौत हो गई, जबकि 1 शव नौसेना के गोताखोरों ने बरामद किया। मरने वालों में ज्यादातर की पहचान कर ली गई है, जिनमें महिलाएं, पुरुष और छोटे बच्चे भी शामिल हैं। हादसे के बाद प्रशासन ने जांच के लिए 5 सदस्यीय कमेटी बना दी है। इस कमेटी की अगुवाई एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट उचेन मेय कर रहे हैं और इसमें पुलिस, फायर सर्विस और अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हैं। कमेटी को 3 दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट देने को कहा गया है।

### 6 घंटे के बाद बस निकाली गई

रेस्क्यू टीम ने 'हमजा' नाम के जहाज की मदद से करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद आधी रात को बस को बाहर निकाला। फायर सर्विस और कोस्टगार्ड के गोताखोर सेना और पुलिस की मदद से लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। अधिकारियों ने बताया कि बस ढाका जा रही थी। इसमें सवार कई यात्री ईद की छुट्टियां खत्म कर राजधानी लौट रहे थे, जिनमें बच्चे भी शामिल थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस में सवार कई लोग एक ही परिवार के थे। कुछ लोग बाहर खड़े होने की वजह से बच गए, जबकि उनके परिजन बस के अंदर फंसे रह गए।

# 'हमें नहीं पता कि दो दिन बाद गैस मिलेगी या नहीं'
## ममता बनर्जी का केंद्र पर हमला, बोलीं, बैलगाड़ी से चलना पड़ेगा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और भवानीपुर से टीएमसी उम्मीदवार ममता बनर्जी ने चुनावी मंच से केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने रसोई गैस पर कहा कि हमें नहीं पता दो दिन बाद गैस मिलेगी या नहीं। बढ़ती कीमतों और सप्लाई को लेकर चिंता जताते हुए उन्होंने यह भी कहा कि हालात ऐसे हो गए हैं कि लोगों को फिर से पुराने दिनों में लौटना पड़ सकता है। ममता ने कहा कि अगर गैस समय पर नहीं मिलेगी तो लोगों को बैलगाड़ी के दौर में लौटना पड़ेगा। उनके इस बयान ने चुनावी माहौल को और गर्म कर दिया है। ममता बनर्जी ने कहा कि पहले गैस सिलेंडर करीब 400 रुपये में मिलता था, लेकिन अब इसकी कीमत 1100 रुपये तक पहुंच गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बढ़ोतरी चुपचाप की गई है। उन्होंने कहा कि उन्हें सूचना मिली कि गैस मिलने में 25 दिन की देरी हो रही है, जिसके बाद उन्होंने तुरंत बैठक बुलाई। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर महिलाओं को 25 दिन बाद गैस मिलेगी तो वे खाना कैसे बनाएंगी।

### क्या गैस की कीमत और सप्लाई पर उठाए गए सवाल?

ममता ने कहा कि बढ़ती कीमतें आम लोगों पर भारी बोझ डाल रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को इस पर तुरंत ध्यान देना चाहिए, क्योंकि यह सीधे गरीब और मध्यम वर्ग के जीवन को प्रभावित करता है।

### राष्ट्रपति शासन और लॉकडाउन को लेकर क्या कहा?

ममता बनर्जी ने राष्ट्रपति शासन की अटकलों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रपति शासन भी लागू किया जाता है, तो वह अकेले ही मुकाबला करने के लिए काफी हैं। उन्होंने लॉकडाउन की चर्चाओं पर भी कहा कि इतिहास खुद को दोहराता है, लेकिन उन्होंने कोविड के दौरान भी चुनाव कराए थे और अब भी कर सकती हैं।

### विकास और उद्योग को लेकर क्या है योजना?

उन्होंने कहा कि बीरभूम, बांकुरा और पश्चिम बर्दवान आने वाले समय में बड़े औद्योगिक केंद्र बनेंगे। उन्होंने अपने पैतृक गांव बीरभूम का जिक्र करते हुए कहा कि यह उनकी मातृभूमि है और यहां की मिट्टी अंतरराष्ट्रीय पहचान रखती है। उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर का उल्लेख करते हुए इस क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत पर भी जोर दिया। ममता बनर्जी के इन बयानों से साफ है कि चुनाव में महंगाई और गैस का मुद्दा बड़ा बन सकता है।

# ओडिशा : विधायकों-मंत्रियों की वेतन बढ़ोतरी पर मचा बवाल, सरकार ने तीन गुना सैलरी बढ़ाने वाला बिल लिया वापस



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा में विधायकों और मंत्रियों की वेतन बढ़ोतरी को लेकर उठे भारी विवाद के बाद सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। विधानसभा सचिवालय ने उन सभी संशोधन विधेयकों को वापस लेने की अधिसूचना जारी कर दी है, जिनमें वेतन और भत्तों में लगभग तीन गुना बढ़ोतरी का प्रस्ताव था। इस फैसले को जनता और विपक्ष के दबाव के बाद उठाया गया कदम माना जा रहा है। विधानसभा सचिव सत्यब्रत राउत ने सभी सदस्यों को जानकारी दी कि संसदीय कार्य मंत्री डॉ. मुकेश महालिंग ने इन विवादित विधेयकों को वापस लेने की मंशा जताई है। इनमें विधायकों, मंत्रियों, विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के वेतन, भत्ते और पेंशन से जुड़े चार अहम विधेयक शामिल थे। ये सभी विधेयक दिसंबर 2025 में पारित किए गए थे और इन्हें पांच जून 2024 से लागू किया जाना था।

### क्यों हुआ इतना विरोध और क्या उठे सवाल?

इस फैसले के बाद राज्य में व्यापक विरोध शुरू हो गया था। आम जनता से लेकर विभिन्न संगठनों तक ने सवाल उठाए कि क्या इतनी बड़ी वेतन बढ़ोतरी जरूरी थी। लोगों ने इसके समय और जरूरत पर भी सवाल खड़े किए। यह मुद्दा राजनीतिक बहस का बड़ा केंद्र बन गया।

### राजनीतिक दलों का क्या रहा रुख?

बीजद प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस बढ़ोतरी को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी को पत्र लिखकर अपनी आपत्ति जताई थी। इसके बाद सत्ताधारी भाजपा और विपक्षी बीजद, दोनों दलों के नेताओं ने सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की। विधेयकों को वापस लेने का फैसला सरकार के लिए बड़ा राजनीतिक संदेश माना जा रहा है। इससे साफ है कि जनभावनाओं और राजनीतिक दबाव को देखते हुए सरकार ने कदम पीछे खींचे हैं। अब इस मुद्दे पर आगे क्या नया प्रस्ताव आता है, इस पर सभी की नजर बनी हुई है।

### क्या था वेतन बढ़ोतरी का पूरा मामला?

इन विधेयकों के तहत मुख्यमंत्री का वेतन बढ़कर करीब 3.74 लाख रुपये प्रति माह होने वाला था। वहीं विधायकों का वेतन लगभग 1 लाख रुपये से बढ़कर करीब 3.45 लाख रुपये तक पहुंचने का अनुमान था। इस बड़े इजाफे के कारण ओडिशा के विधायक देश के सबसे अधिक वेतन पाने वाले नेताओं में शामिल हो सकते थे।

# आंध्र प्रदेश-डंपर से टकराकर बस में आग, 13 जिंदा जले

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मार्कपुरम**

आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले में रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क हादसा हुआ। एक प्राइवेट ट्रैवल बस और डंपर में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस में आग लग गई। बस में सवार 13 यात्री जिंदा जल गए। हालांकि पहले पुलिस की तरफ से पहले 14 मौतों की जानकारी दी गई थी। बाद में सीएम ऑफिस ने मौत का आंकड़े में आफिशियल कंफर्मेशन दिया। अधिकारियों ने बताया कि हरिकृष्णा ट्रैवल्स की बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। हादसा सुबह 6:00 बजे के करीब हुआ। आग पर करीब तीन घंटे में काबू पाया गया। मरकापुरम के स्क्र वी हर्षवर्धन राजू ने कहा, डंपर ड्राइवर समेत 22 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में 35 यात्री सवार थे। घटना की पूरी जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने लोगों की मौत पर दुख जताया।

### कई यात्री जिंदा जले, घायल अस्पताल में भर्ती

डीएसपी राजू के अनुसार, आशंका है कि इस घटना में कई यात्री जिंदा जल गए हैं। उन्होंने बताया कि यह हादसा गुरुवार की सुबह हुआ। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि भीषण टक्कर की वजह से ही बस में आग लग गई थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। वहीं, शवों की पहचान के लिए प्रयास जारी हैं।



### सीएम नायडू ने जताया हादसे पर दुख

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने मार्कपुरम जिले के रायवरम के पास हुए सड़क हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने इस घटना में बस में सवार कई यात्रियों के जलकर मर जाने पर शोक जताया। उन्होंने अधिकारियों से बात की और घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने घायलों को बेहतर इलाज देने और घटना की जांच के लिए निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हरिकृष्णा ट्रैवल्स की एक बस तेलंगाना राज्य के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। सीएन नायडू ने अधिकारियों को हादसे के कारणों की व्यापक जांच करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### आंध्र प्रदेश बस दुर्घटना पर राष्ट्रपति मुर्मू ने जताई संवेदना

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आंध्र प्रदेश के मार्कपुरम जिले में हुए दुखद बस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत यात्रियों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। राष्ट्रपति ने कहा कि वे इस त्रासदी से बहुत दुखी हैं।

### आंध्र प्रदेश सरकार ने बनाया कंट्रोल रूम, जारी किए हेल्पलाइन नंबर

आंध्र प्रदेश सरकार ने इस हादसे के बाद कंट्रोल रूम बनाने का एलान किया है। इसी के साथ हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। पीड़ितों की सहायता के लिए विभिन्न स्थानों पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं और हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं:

**मार्कापुरम आर.डी.ओ. कार्यालय:** 6304285613, 9985733999, 7989537285, 9703578434

**प्रकाशम जिला कलेक्ट्रेट, ओंगोल:** 1077

**नेल्लोर कलेक्ट्रेट:** 7995575699, 08612331261

### पीएमएनआरएफ से आर्थिक मदद का एलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के मार्कपुरम जिले में हुए भीषण बस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये व घायलों के लिए 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि की घोषणा की है।

# ईडी व दिल्ली पुलिस का नाम बताकर ठगों ने रिटायर बुजुर्ग को किया परेशान, डिजिटल अरेस्ट करके 36 लाख ठगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भुवनेश्वर**

भोपाल राजधानी भोपाल के शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित बागमुगालिया में रहने वाले 85 वर्षीय बुजुर्ग को सात दिन तक कथित तौर पर डिजिटल अरेस्ट रखकर जालसाजों ने 36 लाख रुपये की ठगी की है। बुजुर्ग मिलिट्री इंजीनियर सर्विसेज से रिटायर हैं और भोपाल में रहते हैं। बुजुर्ग इंजीनियर के साथ ठगी की यह घटना वर्ष 2025 में 13 से 19 नवंबर के बीच हुई है। जालसाजों ने उन्हें फोन कर कहा कि मैं दिल्ली पुलिस का अधिकारी बोल रहा हूं, आपके मोबाइल नंबर का अवैध रूप से देशविरोधी गतिविधियों में उपयोग हो रहा है। इसके बाद दूसरा जालसाज भारतीय दूरसंचार विभाग का अधिकारी बनकर बात की और दोनों मोबाइल नंबर बंद करने की धमकी दी। इसके बाद तीसरे जालसाज ने अलग नंबर से फोन किया और खुद को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का अधिकारी बताकर गिरफ्तारी का डर दिखाया। इसके बाद जालसाज उन्हें देशविरोधी गतिविधियों और मनी लॉन्ड्रिंग के केस में बाकी बची जिंदगी जेल में गुजरने की धमकी देने लगे। जालसाजों ने उन्हें बिना किसी को बताए 13 से 19 नवंबर 2025 तक डिजिटल अरेस्ट रखा और एक खाते में 20 लाख तथा दूसरे खाते में 16 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। जालसाजों ने कहा कि जांच के बाद यदि आपने कोई अपराध नहीं किया तो पूरा पैसा वापस कर दिया जाएगा। 36 लाख रुपये ट्रांसफर कराने के बाद जालसाजों ने उनका फोन रिसीव करना बंद कर दिया। इसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने 21 नवंबर को भोपाल क्राइम ब्रांच में शिकायत की।

### वाट्सएप कॉल कर बनाया था डिजिटल अरेस्ट

पीड़ित बुजुर्ग ने क्राइम ब्रांच को बताया कि जालसाजों ने एक मोबाइल नंबर डिएक्टिवेट कराने पर दूसरा भी बंद करने की धमकी देकर उन्हें चुप कराया था। इसके बाद वे व्हाट्सएप कॉल पर ही बात करते थे। जालसाजों में से एक ने खुद को दिल्ली के दरियागंज पुलिस थाने का अधिकारी बताकर भी बात की थी। एक जालसाज ने खुद को ईडी की अधिकारी निशा पटेल बताते हुए कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर आपके बैंक अकाउंट एवं एफडी की जांच की जा रही है। सहयोग करें, नहीं तो गिरफ्तारी की जाएगी। जांच पूरी होने तक घर पर ही रहें और घटना की किसी को जानकारी न दें।

### वसूली नहीं होने पर घर कुर्क करने की धमकी भी दी

क्राइम ब्रांच ने बताया कि जालसाजों ने फरियादी को धमकाया था कि यदि आप अभी राशि ट्रांसफर नहीं करते, तो रकम की वसूली के लिए कोर्ट के आदेश पर आपके घर को सीज कर कुर्क किया जाएगा। घर कुर्क होने और बेघर होने तथा पड़ोस में बदनामी के डर से बुजुर्ग इंजीनियर जालसाजों के झांसे में फंसते चले गए।

### भांजे ने कमरे में बंद देखा, तब मामला खुला

एडीसीपी क्राइम ब्रांच शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि 19 नवंबर 2025 को पीड़ित बुजुर्ग को कई दिनों से कमरे में अकेले रहते देख उनका भांजा चुपके से कमरे के बाहर पहुंचा। भांजे ने देखा कि वे व्हाट्सएप कॉल पर किसी से धीरे-धीरे बात कर रुपये ट्रांसफर होने की जानकारी दे रहे थे। इसके बाद भांजे को अनहोनी का शक हुआ और उसने पूछताछ की।

# एअर इंडिया की लंदन जाने वाली फ्लाइट सात घंटे बाद दिल्ली लौटी, ए350 विमान में तकनीकी खराबी कारण

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

एअर इंडिया से जुड़ी एक और चिंता वाली खबर सामने आई है। गुरुवार दोपहर को एअर इंडिया की दिल्ली से लंदन के हीथ्रो जाने वाली उड़ान में तकनीकी खराबी आ गई। इसके कारण विमान को उड़ान भरने के घंटों बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा। इस घटना से यात्रियों को न केवल अप्रत्याशित असुविधा का सामना करना पड़ा बल्कि एयरलाइन के बेड़े में हाल ही में शामिल किए गए आधुनिक विमानों की हालत पर भी सवाल खड़े हो गए। गुरुवार सुबह लगभग छह बजे, एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई111 ने दिल्ली से लंदन के लिए उड़ान भरी थी। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, विमान जब सऊदी अरब के हवाई क्षेत्र में था, तब इसे वापस मोड़ने का बड़ा निर्णय लिया गया। इस निर्णय से पहले विमान लगभग चार घंटे तक हवा में रह चुका था। वापसी की यात्रा को मिलाकर, यह विमान कुल सात घंटे तक हवा में रहने के बाद दोपहर करीब 12:30 बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित वापस उतर गया।

# भारत सरकार ने वीरता पदक विजेताओं को रेलवे में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा दी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत सरकार ने सेना, नौसेना और वायुसेना में वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इस आदेश के तहत, इन वीरता पुरस्कार विजेताओं को भारतीय रेलवे में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा प्रथम श्रेणी, सेकेंड एसी या एसी चेयर कार में एक साथी के साथ उपलब्ध होगी। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि यह रियायत देश के बहादुर जवानों के सम्मान में दी गई है। यह योजना उन सभी सैनिकों पर लागू होगी जिन्हें सेना, नौसेना या वायुसेना पदक से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार विजेताओं के जीवनसाथी भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इसमें विधवाएं और विधुर शामिल हैं, जब तक वे पुनर्विवाह नहीं करते। इसके अतिरिक्त, अविवाहित मरणोपरांत पुरस्कार विजेताओं के माता-पिता को भी यह सुविधा प्रदान की जाएगी। यह कदम देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले और वीरता दिखाने वाले सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है।

### पात्रता के लिए क्या मानदंड?

इस योजना के तहत सेना, नौसेना और वायुसेना पदक से सम्मानित सभी व्यक्ति पात्र होंगे। पुरस्कार विजेता के जीवनसाथी, जिनमें विधवाएं और विधुर शामिल हैं, पुनर्विवाह तक पात्र रहेंगे। अविवाहित मरणोपरांत पुरस्कार विजेताओं के माता-पिता भी इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। यह सुनिश्चित किया गया है कि देश के लिए सेवा करने वाले हर पात्र व्यक्ति को यह सम्मान मिले। रक्षा मंत्रालय जल्द ही विस्तृत दिशानिर्देश जारी करेगा।

# 'कुछ दिनों के लिए पेट्रोल पंप बंद कर दिए जाएंगे', लंबी कतारें देख उमर अब्दुल्ला का सख्त एलान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू**



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लोगों से पेट्रोल पंपों के बाहर डेरा डालना बंद करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी है कि ऐसा न करने पर वे अगले कुछ दिनों के लिए सभी पेट्रोल पंप बंद कर देंगे।

### तेल और गैस की राज्य में कोई कमी नहीं: सीएम

अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार की बात कोई नहीं सुनता। इसके बजाय, हर कोई अफवाहों पर विश्वास करता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में हुई एक समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया था। बैठक में पाया गया कि डीजल, पेट्रोल या एलपीजी सिलिंडरों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने जोर दिया कि कुछ दिनों बाद भी स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। कहीं भी उपयोग कम करने का कोई निर्देश नहीं दिया गया है। मुख्यमंत्री ने उन लोगों से अपील की है जो सोशल मीडिया अफवाहों के आधार पर कतार में लग रहे हैं। उन्होंने उनसे ऐसा न करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की बात पर ध्यान नहीं दिया जाता। लोग सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर अधिक भरोसा कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि तेल और गैस की कोई वास्तविक कमी नहीं है। यह जानकारी पिछली समीक्षा बैठक में भी सामने आई थी। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

# होर्मुज में तनाव के बीच सरकार बोली : पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं, देश में 60 दिन का तेल भंडार मौजूद

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने गुरुवार को साफ तौर पर कहा कि देश में पेट्रोलियम और एलपीजी (एलपीजी) की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे 'भ्रामक और दुष्प्रचार' पर ध्यान न दें, जिसका उद्देश्य बेवजह घबराहट पैदा करना है।

### 60 दिनों का स्टॉक उपलब्ध

पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, भारत के पास कुल मिलाकर 74 दिनों की भंडारण क्षमता है, जिसमें से वर्तमान में लगभग 60 दिनों का स्टॉक उपलब्ध है। इसमें कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और भूमिगत रणनीतिक भंडारण (कवर्न) शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि मध्य पूर्व संकट के 27वें दिन भी देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। सरकार ने कहा, हर भारतीय के लिए लगभग दो महीने की निरंतर आपूर्ति उपलब्ध है, चाहे वैश्विक परिस्थितियां कैसी भी हों। साथ ही अगले दो महीनों के लिए कच्चे तेल की खरीद भी पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कुछ देशों में जहां ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि, राशनिंग, ऑड-ईवन नियम और पेट्रोल पंप बंद होने जैसी स्थिति है, वहीं भारत में ऐसी किसी भी आपातकालीन उपाय की जरूरत नहीं है।




### पेट्रोल पंप मालिकों को राहत

सरकार की ओर से कहा गया है कि कुछ जगहों पर घबराहट में ईंधन खरीदने की घटनाएं सामने आईं, लेकिन सरकार ने इसे सोशल मीडिया पर फैलाए गए भ्रामक वीडियो का परिणाम बताया। इसके बावजूद सभी उपभोक्ताओं को ईंधन उपलब्ध कराया गया और तेल कंपनियों ने रातभर डिपो चलाकर सप्लाई बढ़ाई। सरकार ने पेट्रोल पंप मालिकों को राहत देते हुए क्रेडिट सीमा 1 दिन से बढ़ाकर 3 दिन कर दी है, ताकि कार्यशील पूंजी की कमी के कारण किसी भी पंप पर ईंधन की कमी न हो। मंत्रालय ने बताया कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की मौजूदा स्थिति के बावजूद भारत को अपने 41 से अधिक वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं से पहले की तुलना में अधिक कच्चा तेल मिल रहा है। देश की सभी रिफाइनरियां 100% से अधिक क्षमता पर चल रही हैं और अगले 60 दिनों के लिए कच्चे तेल की आपूर्ति पहले से तय है।

### एलपीजी आपूर्ति भी पूरी तरह सुरक्षित

एलपीजी को लेकर भी सरकार ने किसी तरह की कमी से इनकार किया है। मंत्रालय के अनुसार, घरेलू उत्पादन में 40% की वृद्धि की गई है, जिससे रोजाना उत्पादन 50 हजार मीट्रिक टन (टीएमटी) तक पहुंच गया है, जो कुल आवश्यकता का 60% से अधिक है। अब आयात की दैनिक जरूरत घटकर 30 टीएमटी रह गई है। इसके अलावा, अमेरिका, रूस और ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों से 800 टीएमटी एलपीजी की खेप पहले से रास्ते में है, जो देश के 22 आयात टर्मिनलों पर पहुंचेगी। सरकार ने कहा, लगभग एक महीने की एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सुनिश्चित है और अतिरिक्त खरीद लगातार जारी है। तेल कंपनियां रोजाना 50 लाख से अधिक सिलिंडर की आपूर्ति कर रही हैं। कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए व्यावसायिक सिलिंडरों का आवंटन 50% तक बढ़ाया गया है।

### पीएनजी को बढ़ावा, लेकिन एलपीजी पर कोई असर नहीं

सरकार पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) को भी बढ़ावा दे रही है, क्योंकि यह सस्ता, सुरक्षित और पर्यावरण के लिए बेहतर है। भारत रोजाना 92 मिलियन क्यूबिक मीटर प्रति माह (एमएमएससीएमडी) गैस खुद पैदा करता है, जबकि कुल जरूरत 191 मिलियन क्यूबिक मीटर प्रति माह है, जिससे भारत एलपीजी की तुलना में गैस पर आयात के मामले में काफी कम निर्भर है। सिटी गैस नेटवर्क 2014 के 57 क्षेत्रों से बढ़कर 300 से अधिक क्षेत्रों तक पहुंच चुका है और घरेलू [illegible] कनेक्शन 25 लाख से बढ़कर 1.5 करोड़ से ज्यादा हो गए हैं। मंत्रालय ने साफ किया कि पीएनजी को बढ़ावा देने का मतलब यह नहीं है कि एलपीजी खत्म हो रही है। एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित है।